www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 6 जून, 2025 | वर्ष-18 | अंक-61 | पृष्ठ-10 | मूल्य - 3.00 रुपए



युवा आबादी भारत की ताकत : ओम बिरला 02
- विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर आयुक्त ने दिया...
- जीडीए ने राजनगर एक्स्टेंशन में अतिक्रमण को हटाया 04
- आतंकवाद विरोधी साझेदारी को बढ़ाने में मजबूती से...
- यूएन आर्थिक व सामाजिक परिषद के लिए भारत... 07

सनातन की मजबूत नींव पर आकार ले रहा ... 09

## सार संक्षेप

### सांसद महुआ मोइत्रा ने बीजद नेता से शादी की




**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की चर्चित सांसद महुआ मोइत्रा ने बीजद नेता पिनाकी मिश्रा से दूसरी शादी कर ली है। गुरुवार सुबह सोशल मीडिया पर शादी की एक तस्वीर सामने आई। रात में महुआ ने एक्स पर खुद भी एक फोटो शेयर की। साथ में कैप्शन लिखा, 'प्यार और शुभकामनाओं के लिए आप सभी का धन्यवाद!! बहुत आभारी हूं।'

### आतंकवाद पर भारत के रुख का समर्थन करे विश्व समुदाय : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को कहा कि भारत, पाकिस्तान पोषित आतंकवाद से पीड़ित है इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद पर भारत के रुख का समर्थन करते हुए पाकिस्तान को वित्त पोषण की अंतरराष्ट्रीय सूची में शामिल नहीं करना चाहिए क्योंकि वह इस राशि का इस्तेमाल आतंक फैलाने के लिए ही करता है। श्री खरगे ने एक बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवाद पर भारत का रुख समझने और उसका समर्थन करने का आग्रह करते हुए कहा है कि भारत को पाकिस्तान से चलाए जा रहे आतंकवाद के जरिए अस्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है।

### 'परिसीमन में दक्षिणी राज्यों का ध्यान रखा जाएगा'





**नई दिल्ली।** जनगणना के लिए बजट में प्रस्तावित धन कम होने की आलोचनाओं को खारिज करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इस काम में धन की कमी कभी आड़े नहीं आई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि आगामी जनगणना के बाद लोक सभा की सीटों के परिसीमन को लेकर दक्षिण के राज्यों की चिंताओं को ध्यान में रखा जाएगा। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, जनगणना के लिए बजट कभी बाधा नहीं रहा है, क्योंकि धनराशि का पर्याप्त आवंटन हमेशा सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाता रहा है।

### मध्य प्रदेश में बकरीद को लेकर एडवाइजरी जारी



**भोपाल।** ईद उल अजहा (बकरीद) के पर्व को लेकर मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड की ओर से एडवाइजरी जारी करते हुए कहा गया कि कुर्बानी बंद स्थान पर दें और खुले में नमाज न पढ़ें। मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड के अधीन राज्य में मस्जिद, कब्रिस्तान, दरगाहें, मजार, कर्बला और स्कूल व मदरसे आते हैं। इनकी संख्या 15 हजार है। बोर्ड ने अपने अधीन आने वाले सभी मुतवल्लियों (प्रबंधक) और प्रबंध समितियों को निर्देश जारी किए हैं।

---

## बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक सरकार ने की कार्रवाई

# आरसीबी समेत 3 के खिलाफ एफआईआर

- पुलिस ने परेड की नहीं दी थी अनुमति
- जश्न स्थगित करने का अनुरोध किया था
- दस जून को हाईकोर्ट में अगली सुनवाई

### आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया, हाईकोर्ट ने स्टेट्स रिपोर्ट मांगी





कर्नाटक सरकार बड़े आयोजनों, सभाओं और जश्न के लिए एक नई एसओपी तैयार करेगी ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके : **जी परमेश्वर, गृहमंत्री कर्नाटक सरकार**

**बेंगलुरु**, 5 जून (एजेंसियां)। कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को भगदड़ मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), डीएनए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इन पर विक्ट्री परेड के दौरान आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है। एफआईआर में कहा गया है कि भगदड़ की घटना अव्यवस्था और जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही की वजह से हुई। हादसे के 24 घंटे बाद पुलिस ने ये एक्शन लिया है।

घटना को लेकर राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को बताया कि कर्नाटक सरकार बड़े आयोजनों, सभाओं और जश्न के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगी ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

आरसीबी ने 3 जून को आईपीएल का अपना पहला खिताब जीता था, जिसके बाद टीम की विक्ट्री परेड निकालने की बात सामने आई थी। 4 जून को सुबह से ही सड़कों पर भीड़ उमड़ने लगी। भीड़ को देखते हुए पुलिस ने विक्ट्री परेड की परमिशन नहीं दी और इसे कैंसिल कर दिया गया। पुलिस ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए उस जश्न को भी स्थगित करने का अनुरोध किया था। उनका मानना था कि अभी फैंस में बहुत उत्साह है, क्योंकि एक दिन पहले ही टीम ने ट्रॉफी जीती है। पुलिस चाहती थी कि आरसीबी ये प्रोग्राम रविवार को आयोजित करे, लेकिन आरसीबी ने तर्क दिया था कि उनके विदेशी खिलाड़ी अपने देश लौट जाएंगे इसलिए वे 4 जून को ही कार्यक्रम रखना चाहते हैं।

#### सहायता राशि देने का ऐलान किया

इस घटना के बाद कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और आरसीबी ने एक संयुक्त बयान जारी कर मृतकों के लिए दुख जाहिर किया। केएससीए ने बुधवार को मृतकों के लिए 5 लाख की सहायता राशि देने का ऐलान किया, जबकि आरसीबी की तरफ मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया गया है। साथ ही, घायलों के लिए भी एक राहत कोष बनाया गया है।

#### हाईकोर्ट में भी हुई सुनवाई

उधर, इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सी एम जोशी बेंच ने राज्य सरकार को हादसे पर स्टेट्स रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अब अगली सुनवाई 10 जून को होगी।

वहीं, याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से कहा, 'राज्य सरकार को यह बताना चाहिए कि आरसीबी के खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला किसने लिया है। जो खिलाड़ी देश के लिए नहीं खेलते, उन्हें सम्मानित करने की क्या मजबूरी थी।'

#### भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हुई थी

दरअसल, 4 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पहली बार आईपीएल खिताब जीतने पर बेंगलुरु में विक्ट्री परेड का आयोजन किया था। पहले राज्य सरकार ने विधानसभा परिसर में सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया। इसके बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम में हुआ। इससे पहले ही स्टेडियम के बाहर जुटी भीड़ में भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई। 33 घायल हैं। सभी मरने वाले 35 साल से कम उम्र के थे, 3 टीनएजर हैं।

---

राहुल गांधी ने बिहार सरकार को घेरा

## सिर्फ सत्ता से चिपके रहना ही नीतीश का एजेंडा

### राज्य को सुरक्षा, सम्मान और विकास नहीं दे पाई डबल इंजन सरकार



**न्याय नहीं सत्ता की राजनीति का प्रतीक बनी सरकार**

**नई दिल्ली**, 5 जून (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि बिहार में 20 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'डबल इंजन' सरकार राज्य को सुरक्षा, सम्मान और विकास नहीं दे पाई। उन्होंने दावा किया कि नीतीश सरकार न्याय नहीं, बल्कि सत्ता की राजनीति की प्रतीक बन चुकी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार के गयाजी में बलात्कार पीड़िता की मां का इलाज करने उसके घर पहुंचे एक चिकित्सक की आरोपियों द्वारा कथित तौर पर पेड़ से बांधकर बेरहमी से पिटाई किए जाने की घटना को लेकर बिहार की नीतीश कुमार सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि जनता को लाचार बनाकर सत्ता से चिपके रहना ही इनका एजेंडा है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '20 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी नीतीश जी की डबल इंजन सरकार न तो बिहार को सुरक्षा दे पाई, न सम्मान और न ही विकास। अपराध, बेरोज़गारी और पलायन, यही नीतीश-बीजेपी सरकार की असली पहचान बन चुकी है।'

#### आज बिहार दौरे पर रहेंगे राहुल

कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को एक दिन के दौरे पर बिहार आएंगे। चुनावी वर्ष में राहुल की यह पांचवीं बिहार यात्रा है। वे अपनी इस यात्रा में राजगीर और गया जाएंगे। राजगीर में वह अति पिछड़ा सम्मेलन में भाग लेंगे, जबकि गया में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं से संवाद करेंगे।

---

## एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में 32 स्थानों पर की छापेमारी





- कई डिजिटल उपकरणों की बरामदगी भी की

**श्रीनगर**, 5 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके सहयोगियों की आतंकवादी साजिश के खिलाफ निरंतर जांच के तहत गुरुवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। कई डिजिटल उपकरणों की बरामदगी की गई है।

अधिकारियों ने यहां बताया कि एनआईए ने गुरुवार को इस मामले में केन्द्र शासित प्रदेश में 32 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान विभिन्न प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े प्रमुख आतंकवादियों और उनके मददगारों ओवरग्रांउड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को निशाना बनाया गया। अधिकारियों ने बताया कि जिन स्थानों पर तलाशी ली गयी, वे प्रमुख आतंकवादियों और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों की शाखाओं जैसे द रेजिस्टेंस फ्रंट, यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू और कश्मीर, मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू कश्मीर फ्रीडम फाइटर (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर, पीएएएफ, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अल-बद्र आदि जैसे प्रतिबंधित संगठनों से संबद्ध आतंकवादियों के मददगारों के आवासीय परिसर हैं। एनआईए की जांच के अनुसार पाकिस्तान समर्थित उपर्युक्त संगठन स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथी की ओर ले जाकर तथा जमीनी कार्यकर्ताओं को संगठित करके जम्मू-कश्मीर में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के लिए आतंकवादी और हिंसा की वारदातों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे।

#### मोदी 46 हजार करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री मोदी कई महत्वपूर्ण आधारभूत संरचनात्मक परियोजनाओं की सौगात देंगे, जिनकी कुल लागत लगभग 46 हजार करोड़ रुपए है। इन परियोजनाओं में दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल चिनाब ब्रिज, भारत का पहला केबल-स्टे रेल ब्रिज अंजी ब्रिज और उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना शामिल हैं।

---

### मायावती ने भी ईवीएम पर सवाल उठाए

## बैलेट पेपर से कराएं सभी चुनाव

- ईवीएम में धांधली कराकर बसपा उम्मीदवारों को जीतने नहीं दे रही जातिवादी पार्टियां
- बिना नाम लिए चंद्रशेखर पर भी साधा निशाना



**लखनऊ**, 5 जून (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि जातिवादी पार्टियां अपनी राजनीतिक लाभ के लिए ईवीएम में धांधली कराकर अब बसपा के उम्मीदवारों को भी नहीं जीतने दे रही हैं।

वह ऐसा इसलिए कर रहे हैं ताकि दलित और अन्य उपेक्षित वर्गों के लोगों का बसपा से मोह भंग हो जाए। ईवीएम में धांधली को लेकर अब विपक्ष की पार्टियां भी काफी कुछ बोल रही हैं। ऐसे में हमारी पार्टी समेत विपक्ष की पार्टियां भी यही चाहती हैं कि देश में सभी छोटे-बड़े चुनाव पूर्व की तरह बैलेट पेपर के जरिए होने चाहिए। एएसपी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद का बिना नाम लिए जोरदार प्रहार किया।

#### देश की राजनीति में संकीर्णता बढ़ रही

पिछले कुछ समय से हमें यह भी देखने के लिए मिल रहा है कि देश की राजनीति में एक-दूसरे के विरुद्ध द्वेष, विद्वेष, संकीर्णता व मुकदमेबाजी बढ़ गई है। इसकी नकारात्मकता इस हद तक बढ़ गई है कि आए दिन नेताओं के बीच किसी न किसी विषय को लेकर होने वाली असभ्य एवं अभद्र आचरण से जनता काफी हैरान व दुखी भी है।

#### मेरा नाम लेकर घूम रहे सावधान रहना

मायावती ने कहा कि जातिवादी पार्टियों एक सोची-समझी रणनीति के तहत बसपा के भोले-भाले लोगों को संगठन व पार्टियों आदि से जोड़ने के लिए कांशीराम और मेरा नाम लेकर घूमते रहते हैं। जिससे सावधान रहना होगा। मायावती ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूवमेंट को आगे बढ़ाने वाली तथा दलितों एवं अन्य उपेक्षित वर्गों के, बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय के सिद्धांतों पर चलने वाली यहां एकमात्र अंबेडकरवादी पार्टी, केवल बसपा है और जबसे इस पार्टी के सांसद व विधायक आदि बने हैं तथा यूपी जैसे विशाल राज्य में भी यह पार्टी कई बार सत्ता में आई है। सत्ताधारी और विपक्ष अंबेडकर विरोधी जातिवादी पार्टियां, किस्म-किस्म के 'साम, दाम, दंड, भेद' आदि अनेक हथकंडे इस्तेमाल करके, बसपा को कमजोर करने में लगी हैं।

---

## देशभर में बढ़ रहा कोरोना संक्रमण



- सक्रिय मामलों की संख्या 4866 पहुंची
- पिछले 24 घंटों में 7 मरीजों ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली**, 5 जून (एजेंसियां) देशभर में कोरोना संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ रहा है और कुल सक्रिय मामलों की संख्या गुरुवार सुबह बढ़कर 4866 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 पहुंच गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4866 पहुंच गयी। अभी तक 3955 मरीजों को स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 51 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आए हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण के 564 नए सक्रिय मामले सामने आये हैं और 674 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है लेकिन इस अवधि के दौरान सात और मरीजों की जान चली गई।

#### नोएडा में 3 साल की बच्ची की मौत

**नोएडा।** नोएडा में गुरुवार को कोरोना से तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची का इलाज दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल में चल रहा था। पोर्टल पर जानकारी आने के बाद स्वास्थ्य विभाग परिजनों से संपर्क कर रहा है। एसीएमओ डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि बच्ची छिजारसी की रहने वाली थी। डिहाइड्रेशन की शिकायत पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्ची की हालत गंभीर थी और उसे निमोनिया भी हो गया था। जांच में कोरोना संक्रमण की भी पुष्टि हुई है।

---

## शर्मिष्ठा पनोली को मिली अंतरिम जमानत



- कई तरह की शर्तों को करना होगा पालन
- कलकत्ता हाईकोर्ट ने दी अंतरिम जमानत

**कोलकाता**, 5 जून (एजेंसियां)। ऑपरेशन सिंदूर पर चुप्पी साधने वाले अभिनेताओं के बारे में विवादास्पद टिप्पणी करने वाली लॉ स्टूडेंट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई। जस्टिस राजा बसु ने उन्हें जमानत दी है। साथ ही, शर्मिष्ठा पर कई तरह की शर्तें भी लगाई गई हैं, जिन्हें वह मानने के लिए बाध्य रहेंगी। वहीं, शर्मिष्ठा के वकील डीपी सिंह ने कहा कि कोर्ट ने माना है कि यह संज्ञेय अपराध नहीं है। इसके अलावा, गिरफ्तारी का आधार जाहिर नहीं हो पा रहा है।

#### पासपोर्ट जमा कराना होगा

सब पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने तय किया कि जमानत दी जा सकती है। शर्मिष्ठा को अपना पासपोर्ट जमा कराना होगा। उनके विदेश जाने पर पाबंदी लगाई गई है। साथ ही, शर्मिष्ठा पनोली के पिता ने अपनी बेटी की मिली जमानत पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि मेरी बेटी बाहर आ रही हैं। अभी जो कार्रवाई शेष रह गई है, उसे पूरा करना होगा।

---

## एक करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर मुठभेड़ में ढेर

**तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांछित था**

**बीजापुर**, 5 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। इसमें केंद्रीय कमेटी मेंबर सुधाकर उर्फ नर सिंहाचलम मारा गया है। वो तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड था। सुधाकर पर 1 करोड़ रुपए का इनाम भी घोषित है। बताया जा रहा है कि, नेशनल पार्क एरिया में माओवादियों के बड़े कैडर की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबल निकले थे। सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम में डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा के जवान शामिल हैं। टीम जब सर्चिंग में निकली तो इसी दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने भी गोलीबारी की।

---

**करार** *टाटा ग्रुप और दसॉल्ट के बीच हुआ समझौता*

## भारत में बनेगी राफेल फाइटर जेट की बॉडी

**नई दिल्ली, 5 जून (एजेंसियां)। भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने फ्रांस की कंपनी दसॉल्ट एविएशन (टीएएसएल) के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण करार किए हैं, जिसमें तहत राफेल लड़ाकू विमान की मेन बॉडी का निर्माण भारत में किया जायेगा। इसे फ्यूजलाज कहा जाता है। इन दोनों कंपनियों ने यहां जारी संयुक्त बयान में कहा कि यह करार देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।**

यह सुविधा भारत के एयरोस्पेस बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण निवेश का प्रतिनिधित्व करती है और उच्च परिशुद्धता विनिर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में काम करेगी।

वित्त वर्ष 2028 में असेंबली लाइन से पहला फ्यूजलाज बनने की उम्मीद है, इस सुविधा से हर महीने दो पूर्ण फ्यूजलाज तैयार होने की उम्मीद है। डसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा, पहली बार राफेल फ्यूजलाज का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा। यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख खिलाड़ियों में से एक टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल निर्माण में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा, यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत में संपूर्ण राफेल बॉडी का उत्पादन टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की क्षमताओं में बढ़ते भरोसे और डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारे सहयोग की ताकत को रेखांकित करता है।



TATA
TATA ADVANCED SYSTEMS

- चार उत्पादन हस्तांतरण करार किए गए

#### हैदराबाद में किया जाएगा निर्माण

साझेदारी के दायरे में, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पूरी बॉडी का निर्माण किया जाएगा।

# देश

**उवाच**

बिहार चुनाव नजदीक आते ही पुन: भाजपा-आरएसएस मिथिलांचल को उन्माद की आग में झोकना चाहती है। जिसका उदाहरण साफ तौर पर दरभंगा की डिप्टी मेयर नाजिया हसन के बयान पर भाजपा-आरएसएस के द्वारा सरकारी कार्यालय पर किया गया हमला है।

-धीरेन्द्र झा, भाकपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 28.0 |
| मुंबई | 32.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 38.0 | 30.0 |

# युवा आबादी भारत की ताकत : ओम बिरला

## लोस अध्यक्ष ने ब्राजील में ब्रिक्स संसदीय मंच के दूसरे सत्र को किया संबोधित

**नई दिल्ली/ब्राजीलिया (ब्राजील),** 5 जून (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत ऐसी निष्पक्ष और विधिसम्मत वैश्विक व्यापार प्रणाली का समर्थन करता है जो ग्लोबल साउथ की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पर्याप्त रूप से मुखरित करती हो। ओम बिरला ने ब्रासीलिया, ब्राजील में ब्रिक्स संसदीय मंच के दूसरे कार्य सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणियां कीं। इस कार्य सत्र का विषय था आर्थिक विकास के नए रास्तों की तलाश में ब्रिक्स देशों की संसदों की कार्रवाई। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है। उन्होंने कहा कि 65 प्रतिशत से अधिक भारतीय 35 वर्ष से कम आयु के हैं। यह युवा विनिर्माण, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भारत को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत स्किल इंडिया, पीएम कौशल विकास योजना और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से अपने युवाओं को कौशल प्रदान कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समय में जब कई विकसित देशों में



दुनिया को कौशल संपन्न मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाले केंद्र के रूप में उभर रहा है भारत : **ओम बिरला**

बढ़ती उम्र वाले लोगों की आबादी अधिक है और श्रम बल की कमी है, भारत दुनिया को कौशल सम्पन्न मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाले केंद्र के रूप में उभर रहा है । हम न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा कर रहे हैं, बल्कि दुनिया को कुशल मानव संसाधन भी उपलब्ध करा रहे हैं। यह भारत की ताकत है, हमारी जिम्मेदारी है और हमारा योगदान भी है। भारत का मानना है कि इसे और मजबूत करने के लिए, हमें ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार, निवेश और वित्तीय सहयोग को बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हम ब्रिक्स ग्रुप के विस्तार का स्वागत करते हैं। इससे हमारा परस्पर सहयोग और अधिक समावेशी और प्रभावशाली होगा। ओम बिरला ने कहा कि पिछले दशक में भारत की आर्थिक प्रगति उल्लेखनीय रही है। विश्वव्यापी अनिश्चितताओं और घरेलू चुनौतियों के बावजूद, भारत ने लगातार वैश्विक औसत विकास से बेहतर कार्य प्रदर्शन किया है। वर्ष 2014 में 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से प्रगति करते हुए आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत की ठोस नीतियों और भारतवासियों के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

### ब्रिक्स संसदीय मंच को महत्वपूर्ण मंच मानता है भारत

लोस अध्यक्ष ने कहा कि भारत ब्रिक्स संसदीय मंच को एक महत्वपूर्ण मंच मानता है, जहां हम साझे प्रयासों और परस्पर संवाद के माध्यम से आर्थिक विकास की रूपरेखा को पुनर्परिभाषित कर सकते हैं। यह मंच आपसी सहयोग, एकजुटता और हमारे नागरिकों के कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, ब्रिक्स देशों ने आर्थिक विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। 2014-15 से 2024-25 तक, भारत की जीडीपी औसतन 7 प्रतिशत से अधिक दर से बढ़ी है, जिससे यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गई है। बिरला ने यह भी कहा कि भारत न केवल दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे जीवंत लोकतंत्र है, बल्कि स्थिर शासन, सुदृढ़ संवैधानिक संस्थाओं, विधि के शासन, पारदर्शी और जवाबदेह कर प्रणाली और निर्णायक नेतृत्व वाला देश भी है, जिसमें पूरी दुनिया के निवेशकों ने विश्वास व्यक्त किया है।

## आतंकवाद को बताया विश्व शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा

ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक के उद्घाटन के दिन लोकसभा अध्यक्ष ने ब्राजील की फेडरल सीनेट के प्रेसिडेंट सेन डेवी अल्कोलंबरे के साथ द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने कहा कि कि दोनों देश वैश्विक मंच पर भागीदार रहे हैं। हमारे द्विपक्षीय संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, शांति, सहयोग, सतत विकास और समान उद्देश्यों पर आधारित हैं। यह टिप्पणी करते हुए कि आज आतंकवाद विश्व शांति और स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। बिरला ने कहा कि भारत में जम्मू और कश्मीर में हाल ही में आतंकवादी हमला हुआ जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस घटना ने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र से संचालित आतंकवादी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में विफल रहा है। भारत ने भविष्य में इस तरह के हमलों को रोकने और अपनी रक्षा करने के लिए जवाबी कार्यवाही करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताते हुए बिरला ने कहा कि यह कार्यवाही संयत रूप से किसी को उकसाए बिना आनुपातिक रूप से और जिम्मेदाराना ढंग से की गई।

# जनगणना के तुरंत बाद परिसीमन सोची समझी रणनीति : चिदम्बरम

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदम्बरम ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जनगणना के बाद परिसीमन को ध्यान में रखते हुए सोची-समझी रणनीति के तहत काम कर रही है और ऐसा कर उसका मकसद दक्षिणी राज्यों की सीटें घटाकर उत्तर भारत की संसदीय सीटें बढ़ाना है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदम्बरम ने कहा है कि राष्ट्रव्यापी जनगणना 2021 में होनी चाहिए थी, लेकिन कोविड-19 के कारण जनगणना स्थगित कर दी गई और इसका कारण समझ में आता है। इसके बाद 2022 या 2023 में जनगणना न करने का कोई कारण नहीं था।



■ दक्षिणी राज्यों की सीटें घटाकर उत्तर भारत की संसदीय सीटें बढ़ाना केंद्र सरकार का मकसद

लोकसभा चुनाव मई-जून 2024 में हुए थे और उसके तुरंत बाद जनगणना 2024 कराई जा सकती थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदम्बरम ने कहा है कि भारत की जनगणना संगठन का 2024-25 में बजट आबंटन 1000 करोड़ रुपए था, लेकिन 2025-26 में इसे घटाकर 500 करोड़ रुपए कर दिया गया, यह सब जानते हुए भी कि 500 या 1000 करोड़ रुपए के बजट में राष्ट्रव्यापी जनगणना नहीं कराई जा सकती है। अब 2024-25 बीत चुका है और 2025-26 चल रहा है। संविधान के अनुच्छेद 82 को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने 2021 के बाद जनगणना कराने की बाध्यता टाल दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदम्बरम ने कहा है कि 2026 के बाद देर से कराई गई जनगणना से यह बाध्यता सामने आएगी कि जनगणना के तुरंत बाद परिसीमन करवाना है इसीलिए 2027 में जनगणना कराने की घोषणा कर दी गई है और फिर परिसीमन भी होगा। यदि परिसीमन होता है तो तमिलनाडु और कई राज्यों की कई लोकसभा में सीटें कम होंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार दक्षिणी राज्यों का संसद में प्रतिनिधित्व कम करने और उत्तरी राज्यों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-भारतीय जनता पार्टी (आरएसएस-भाजपा) के सोचे समझे लक्ष्य को हासिल करने के लिए कदम-दर-कदम आगे बढ़ रहे हैं। जब परिसीमन का विषय पहली बार उठाया गया था, तब उन्होंने भी मोदी सरकार की इस रणनीति की ओर इशारा किया था। प्रभावित होने वाले राज्यों के सभी राजनीतिक दल आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर परिसीमन के खतरों से अवगत नहीं हैं, लेकिन अच्छी बात यह है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने 2027 में जनगणना और उसके तुरंत बाद परिसीमन के खतरों से सबको अवगत करा दिया है।

## सार संक्षेप

### एनआईए ने आतंकी साजिश मामले में मारे छापे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को कथित आतंकी साजिश मामले में कई जगहों पर छापे मारे। छापेमारी में विभिन्न प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े ओवरग्राउंड वर्कर्स को निशाना बनाया गया। एनआईए की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, आरसी-05/2022/एनआईए, जेएमयू (आतंकवादी साजिश मामले) में विभिन्न आतंकी संगठनों के ओजीडब्ल्यू के खिलाफ छापेमारी की गई।

### मध्य प्रदेश में कई पुलिस अधिकारियों के तबादले

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पुलिस सेवा के कई अधिकारियों को नई नियुक्तियां दी गई हैं। राज्य शासन की ओर से कल जारी आदेश के अनुसार इंदौर रेंज विस बल पुलिस महानिरीक्षक चंद्रशेखर सोलंकी को पिछले दिनों जारी आदेश के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन बनाया गया था। उनकी इस नियुक्ति को निरस्त कर पुरानी नियुक्ति को यथावत रखा गया है। पुलिस महानिरीक्षक महिला सुरक्षा हिमानी खन्ना अब पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन बनाई गई हैं। अब तक उप पुलिस महानिरीक्षक प्रबंध सुनील कुमार पांडे उप पुलिस महानिरीक्षक सागर रेंज बनाए गए हैं।

### महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों पर राजनीतिक दांवपेंच शुरू

**मुंबई।** महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों के बीच राज्य भर में राजनीतिक दांवपेंच तेज हो गए हैं। नए बनते गठबंधनों और उभरती रणनीतियों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली शिवसेना और सांसद असद्दुदीन ओवैसी की अगुआई वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के बीच संभावित साझेदारी उभर रही है। एआईएमआईएम की महाराष्ट्र इकाई ने स्थानीय चुनावों के लिए शिवसेना के साथ गठबंधन करने का संकेत दिया है।

### ओडिशा में आयोजित समारोह में भाग लेंगे मोदी

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 12 जून को ओडिशा में भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होंगे। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण मंत्री कृष्ण चंद्र पात्रा ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री ने समारोह में शामिल होने के लिए अपनी सहमति दे दी है। पात्रा ने कहा कि राज्य सरकार ने इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में 12 जून को जनता मैदान में एक बड़े कार्यक्रम की योजना बनायी है। हर जिले, ब्लॉक और पंचायत में समारोह आयोजित किए जाएंगे।

# ऑटो पर पलटा ट्रक सात श्रद्धालुओं की मौत

## डॉ.मोहन यादव ने हादसे पर जताया शोक

**रीवा,** 5 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के रीवा जिले के सोहागी थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर सीमेंट की शीट से भरा एक ट्रक ऑटो के ऊपर पलट गया, जिससे ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ऑटो में कुल दस लोग सवार थे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे लोगों के मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सीमेन्ट की सीट से भरा एक ट्रक प्रयागराज की ओर से आ रहा था, तभी वह सोहागी पहाड़ पर अनियंत्रित होकर ऑटो के ऊपर पलट गया, जिससे ऑटो सवार सात लोगों की मौत हो गई। ऑटो सवार सभी श्रद्धालु मऊगंज जिले के निवासी बताए गए हैं, जो प्रयागराज गंगा स्थान के लिए गए थे। वहां से लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। ऑटो में दस लोग सवार थे। दुर्घटना में चार बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय ले जाया गया। वहीं, पुलिस द्वारा शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है।



**नीतीश कुमार को पत्र लिख तेजस्वी ने की बिहार के लोगों के लिए बड़ी मांग**

# बिहार विस का एक दिन का विशेष सत्र बुलाए सरकार

**पटना,** 5 जून (देशबन्धु)। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से तेजस्वी ने बिहार के लोगों के लिए बड़ी मांग कर दी है। तेजस्वी यादव ने बिहार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग करते हुए 85 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करते हुए विधेयक पारित कराकर उसे 9वीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पत्र में लिखा, मुख्यमंत्री जी। आपको ज्ञात है कि विपक्ष में रहते एवं अगस्त 2022 में सरकार में आने के बाद हमारे अथक प्रयासों से महागठबंधन सरकार द्वारा वर्ष 2023 में बिहार में जाति आधारित गणना का कार्य पूर्ण कराया गया था। गणना उपरान्त राज्य की विभिन्न जातियों की जनसंख्या एवं उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आधार पर विधेयक पारित करा कर राज्य के पिछड़े, अति पिछड़े, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की सीमा 65 प्रतिशत तथा



आरक्षण को लेकर सर्वदलीय समिति का किया जाए गठन : **तेजस्वी यादव**

आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था। फलस्वरूप बिहार में सरकारी नौकरियों एवं शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन हेतु कुल 75 प्रतिशत आरक्षण सीमा निर्धारित की गई थी। दलित-आदिवासी, पिछड़े अति पिछड़े के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों को महागठबंधन सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से बढ़े हुए आरक्षण का लाभ दिलाना सुनिश्चित हुआ था। उन्होंने आगे लिखा, इस कानून को उच्च न्यायालय, पटना द्वारा यह कहकर रद्द किया गया कि राज्य की सरकारी नौकरियों एवं अध्ययन संस्थानों के नामांकन हेतु इन जातियों के लोगों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व का अध्ययन नहीं करा कर आरक्षण सीमा को बढ़ाया गया है।

## दलित व पिछड़ों को मिले बढ़े हुए आरक्षण का यथा शीघ्र लाभ

तेजस्वी ने सीएम नीतीश कुमार से पूछा कि क्या भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की नीतियों पर चल रही यह एनडीए सरकार नहीं चाहती कि वंचित वर्गों के आरक्षण की वर्तमान सीमा को बढ़ाकर 85 प्रतिशत किया जाए जिससे कि राज्य के दलित-आदिवासी, पिछड़ा-अति पिछड़ा एवं अन्य दबे-कुचले लोगों को बढ़े हुए आरक्षण का यथाशीघ्र लाभ मिले तथा उन्हें शिक्षण संस्थानों में नामांकन के साथ-साथ सरकारी नौकरियों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिल सके। उन्होंने लिखा, मुख्यमंत्री जी, अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो यह समझा जाएगा कि आप और आपकी सरकार जान-बूझकर इस मामले को लटका और भटका रही है। आपको मालूम है कि 17 महीनों की महागठबंधन सरकार के दौरान लाखों नौकरियां दी गई तथा लगभग 3,50,000 नौकरियां प्रक्रियाधीन की गई। हमारी सरकार द्वारा बढ़ाए गए अतिरिक्त 16 प्रतिशत आरक्षण का लाभ नहीं मिलने की वजह से दलित-आदिवासी, पिछड़े-अति पिछड़े अभ्यर्थियों को प्रक्रियाधीन नियुक्तियों में लाखों नौकरियों का नुकसान हो रहा है जो कि आरक्षण एवं समानता की अवधारणा तथा उस विधेयक के उद्देश्यों के साथ खिलवाड़ है।

# पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रति व्यक्ति बने सहभागी : हेमंत सोरेन

## 2.34 किमी लंबे सिरमटोली फ्लाईओवर व एलिवेटेड कॉरिडोर का किया लोकार्पण

**रांची,** 5 जून (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को रांची में मेकॉन चौक डोरंडा से सिरमटोली के बीच नवनिर्मित फोर लेन फ्लाईओवर और एलिवेटेड रोड का लोकार्पण किया। इसी दौरान पर्यावरण दिवस समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसे संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पर्यावरण के संरक्षण में हर व्यक्ति से सहभागी बनने की अपील की। 2.34 किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर का निर्माण झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग की देखरेख में 355.76 करोड़ की लागत से कराया गया है। एक साल से कम समय में रांची में यह दूसरा फ्लाईओवर है, जिसे जनता को समर्पित किया गया है। इस





फ्लाईओवर के रैंप से जुड़े विवाद को लेकर बुधवार को कई आदिवासी संगठनों ने झारखंड बंद का ऐलान किया था और उसके ठीक अगले दिन अचानक इसका लोकार्पण कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सबको चौंका दिया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस फ्लाईओवर का नामकरण पूर्व केंद्रीय मंत्री और अपने दौर के कद्दावर आदिवासी नेता रहे कार्तिक उरांव के नाम पर करने का ऐलान किया। हेमंत सोरेन ने इस मौके पर डोरंडा स्थित वन भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

### देश में मुंबई सी-लिंक के बाद यह पहली परियोजना

फ्लाईओवर के लोकार्पण के कार्यक्रम में उपस्थित पथ निर्माण सचिव ने बताया कि रेलवे लाइन के ऊपर करीब 132 मीटर केबल स्टे ब्रिज इस फ्लाईओवर का मुख्य आकर्षण है। झारखंड में यह पहला फ्लाईओवर है, जहां केबल स्टे ब्रिज का निर्माण कराया गया है। देश में मुंबई सी-लिंक के बाद यह पहली परियोजना है, जहां मोनो पाइलिंग तकनीक और प्री कास्ट स्लैब का इस्तेमाल किया गया है।

# असम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 14 हुई

**गुवाहाटी,** 5 जून (एजेंसियां)। असम के 19 जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों सहित 6,78,877 लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि बाढ़ से संबंधित मौतों का आंकड़ा बढ़कर 14 हो गया है। राज्य में बाढ़ से संबंधित मौत के अलावा पिछले महीने राजधानी गुवाहाटी में भूस्खलन के कारण पांच लोगों की मौत हो गई थी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसएसडीएमए) द्वारा गुरुवार को जारी बुलेटिन में कहा गया कि 63 राजस्व क्षेत्रों के कुल 1474 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। सरकार ने बाढ़ प्रभावित विभिन्न जिलों में पीड़ितों के लिए 190 राहत शिविर और 215 राहत वितरण केंद्र खोले हैं ताकि बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक खाद्यान्न और अन्य बुनियादी वस्तुएं मिल सकें। एएसडीएमए के एक अधिकारी ने कहा कि पिछले 24 घंटों में बाढ़ के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें से एक नागांव और दूसरा कछार जिले से है। 41,000 लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है। जिला प्रशासन को अलर्ट पर रखा गया है और बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव मदद देने के लिए कहा गया है।



छह लाख लोग प्रभावित

# साइबर ठगों ने बिहार में डॉक्टर दंपति से दो करोड़ रुपए ठगे

## पटना के साइबर थाने में कराया मामला दर्ज

**पटना,** 5 जून (देशबन्धु)। बिहार में साइबर अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ते जा रहा है। अब साइबर ठगों ने पटना के डॉक्टर पति-पत्नी को अपना शिकार बनाया है। साइबर क्रिमिनल्स ने डॉक्टर दंपति को 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ रुपए ठग लिए। पीड़ित डॉक्टर दंपति ने पटना के साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। दरअसल, साइबर अपराधियों ने पटना के पीएमसीएच के रिटायर्ड डॉक्टर राधे मोहन प्रसाद और उनकी डॉक्टर पत्नी को बीते 21 मई से ही डिजिटल अरेस्ट कर रखा था। डॉक्टर राधे मोहन प्रसाद को बीते 21 मई को अनजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले शख्स ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और कहा कि मुंबई में उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ है। साइबर ठगों ने डॉक्टर दंपति को जितनी जल्द हो सके मुंबई पहुंचने के लिए कहा, लेकिन डॉक्टर



दंपति ने मुंबई जाने से इनकार कर दिया। जिसके बाद साइबर अपराधियों ने उन्हें दूसरा मोबाइल नंबर दिया और उसपर फोन करने को कहा। जब दूसरे नंबर पर डॉक्टर दंपति ने कॉल किया तो शख्स ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया और डॉक्टर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज होने की बात बताई। साइबर ठगों ने पति-पत्नी को कई बार फोन कॉल और वीडियो कॉल किया और उन्हें ऐसा झांसा दिया कि पति-पत्नी डर गए और उनके झांसे में आ गए। बदमाशों ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के करिए डॉक्टर राधे मोहन प्रसाद और उनकी डॉक्टर पत्नी से दो करोड़ अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए।

**अपील** *पहलगाम हमले के बाद पर्यटन से जुड़े हितधारकों की प्रशासन से अपील*

# लंबे समय से बंद पार्क और उद्यानों को फिर खोले सरकार

**जम्मू, 5 जून (देशबन्धु)। इस साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 43 दिन बाद भी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे, कश्मीरी पर्यटकों की भीख मांग रहे हैं। हर दुआ में वे रब से चाहते हैं कि पर्यटकों की बरसात हो। साथ ही वे यह भी पुकार रहे हैं कि।**

पार्क और उद्यानों को फिर से खोल दिया जाए। हालत यह है कि पहलगाम नरसंहार के उपरांत दक्षिण कश्मीर का यह खूबसूरत शहर पहलगाम अभी भी इसके असर से जूझ रहा है। इस आतंकी हमले ने पर्यटन उद्योग से जुड़े सैकड़ों लोगों को बेरोजगार कर दिया है। पहलगाम के एक स्थानीय व्यक्ति का कहना था कि यहां एक भी व्यक्ति ने हफ्तों से एक पैसा नहीं कमाया है। कुछ लोगों ने तो एक महीने से 10 रुपए भी नहीं कमाए हैं। घुड़सवारों, होटल व्यवसायियों, ड्राइवरों और दुकानदारों सहित हितधारकों ने प्रशासन से इलाके में पार्क और उद्यानों को फिर से खोलने का आग्रह किया है, क्योंकि लंबे समय से बंद रहने की वजह से सबसे ज़्यादा ग़रीब लोग प्रभावित हो रहे हैं। यह पूरी तरह से सच है कि पहलगाम शहर से लगभग 6 किलोमीटर दूर बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के बाद एक समय में चहल-पहल से भरा यह पर्यटन



■ आतंकी हमले ने सैकड़ों लोगों को किया बेरोजगार

स्थल खामोश हो गया है। हितधारकों का कहना था कि आतंकी हमले के कारण पर्यटकों ने अपनी यात्रा की योजनाएं रद्द कर दी हैं और इसके बाद बेताब घाटी, अरु घाटी और चंदनवारी जैसे प्रमुख पर्यटक आकर्षण बंद हो गए हैं। वे कहते थे कि अनिश्चितता और बढ़ी हुई सुरक्षा के कारण इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण पर्यटन अर्थव्यवस्था चरमरा गई है।

कई हितधारकों ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से हस्तक्षेप करने की अपील की। पहलगाम के एक स्थानीय दुकानदार का कहना था कि सब कुछ बंद है। पूरा पहलगाम बंद है। हर जगह सन्नाटा है। हम उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से पर्यटन को पुनर्जीवित करने में मदद करने का आग्रह करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना था कि हमले के दिन से स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। एक होटल मालिक के बकौल, कुछ पर्यटक आते हैं शायद 200 से 400 प्रतिदिन लेकिन उन्हें उनके होटलों तक ही सीमित रखा जाता है और सुबह जल्दी वापस भेज दिया जाता है। उन्हें किसी भी जगह पर जाने की अनुमति नहीं है। टूरिज्म से जुड़े समुदाय ने घुड़सवारों और ड्राइवरों जैसे दैनिक वेतन भोगियों के लिए विशेष चिंता व्यक्त की, जो अब पूरी तरह से बेरोजगार हो गए हैं। एक घुड़सवार का कहना था कि ये लोग मुश्किल से अपना गुजारा कर पाते हैं। पर्यटकों की गतिविधि के बिना, उनके पास कुछ भी नहीं है। यहां तक कि शिकारगाह और कोलाहोई जैसे दर्शनीय स्थल, जहां घुड़सवारी एक प्रमुख आकर्षण था, बंद कर दिए गए हैं।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

बेटी : मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..!!
बाप : थैंक गॉड..मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..!
बेटी : पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, जो मम्मी रख के गई है...!!!

आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार की मेगा सफाई अभियान को बताया फ्लॉप, कहा

# दिल्ली में हर तरफ कूड़ा ही कूड़ा

**नई दिल्ली,** 5 जून (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में भाजपा सरकार द्वारा चलाए गए मेगा सफाई अभियान की पोल खोल कर रख दिया। एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने सेंट्रल जोन में फैले कूड़े ढेर की फोटो दिखाते हुए कहा कि दिल्ली में हर तरफ कूड़ा ही कूड़ा दिखाई दे रहा है। दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार ने मेगा सफाई अभियान चलाने का सिर्फ नाटक किया। मुख्यमंत्री और मंत्री से लेकर भाजपा के नेताओं ने साफ जगह फोटो खिंचवाया और मेगा सफाई अभियान चलाने का फर्जी दिखावा किया। वल्नरेबल पॉइंट कम होने के बजाय बढ़ गए हैं और ढलाव घरों में कूड़े के अंबार लगे हैं। उन्होंने मेयर को चेतावनी दी कि अगर एक सप्ताह सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होगी तो आम आदमी पार्टी सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन करेगी।

**'आप' ने एक सप्ताह में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी**



सीएम, मेयर डिप्टी मेयर रोज एक वार्ड में जाकर फर्जी सफाई अभियान की तस्वीरें खिंचवाते रहे। वह तस्वीरें असली नहीं थीं। ये लोग घर से निकलते थे, जहां जगह साफ दिखती थी, वहां खड़े होकर स्टाइल में फोटो खिंचवाते थे : **अंकुश नारंग**

इस प्रेस वार्ता में सेंट्रल जोन के निगम पार्षद वार्ड-142 सारिका चौधरी, वार्ड-184 हेमा श्रीचंद वोहरा, वार्ड- 168 पंकज गुप्ता, वार्ड - 179 राकेश लोहिया, वार्ड -170 भागवीर चौधरी, वार्ड -169 काजल सिंह और वार्ड-147 कुसुम उपस्थिति रही।

अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली की जनता को बताया गया कि यह मेगा सफाई अभियान 250 वार्डों में चलाया गया है। सीएम, मेयर डिप्टी मेयर रोज एक वार्ड में जाकर फर्जी सफाई अभियान की तस्वीरें खिंचवाते रहे। वह तस्वीरें असली नहीं थीं। ये लोग घर से निकलते थे, गाड़ी से उतरते थे, जहां जगह साफ दिखती थी, वहां खड़े होकर स्टाइल में फोटो खिंचवाते थे और कहते थे कि मेगा सफाई अभियान चल रहा है। अंकुश नारंग ने सेंट्रल जोन की सड़कों पर पड़े कूड़े की तस्वीरें दिखाते हुए कहा कि ये तस्वीरें दिल्ली के सेंट्रल जोन के हालात बयां करती हैं। पहले भी ढलाव भरे रहते हैं, दिल्ली में कुछ वल्नरेबल पॉइंट्स थे। आज भाजपा ने हर जगह वल्नरेबल पॉइंट बना दिया है। पूरे इलाके को जर्जर हालत में कर दिया है। हर जगह कूड़ा ही कूड़ा है। ये तस्वीरें दिल्ली के मेगा सफाई अभियान की हकीकत बयां करती हैं। मेयर को बताना चाहिए कि क्या वे 117 पार्षदों के मेयर हैं या सिर्फ 250 पार्षदों के मेयर हैं? हमें लगता है कि वह 117 पार्षदों के भी मेयर नहीं हैं, क्योंकि ये तस्वीरें उन वार्डों की भी हैं, जहां से भाजपा के पार्षद हैं। अंकुश नारंग ने कहा कि ये तस्वीरें दिल्ली के मेगा सफाई अभियान की हकीकत की पोल खोलती हैं, जिसका रेखा गुप्ता खूब प्रचार-प्रसार कर रही हैं। सेंट्रल जोन में 25 पार्षद हैं, जिनमें से सात 'आप' के, दो कांग्रेस के और बाकी भाजपा के हैं। लेकिन सेंट्रल जोन के सभी 25 पार्षदों के वार्डों में यही हालात हैं। सेंट्रल जोन में मेगा सफाई अभियान कहीं नहीं चला। सरकार दावा कर रही है कि वल्नरेबल पॉइंट्स खत्म कर रहे हैं। लेकिन इसके उलट वल्नरेबल पॉइंट्स बढ़ते जा रहे हैं।

## दिल्ली विधानसभा बनेगी पर्यावरणीय सौंदर्य की मिसाल : विजेंद्र



**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा परिसर को एक आदर्श उद्यान के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है जिससे राजधानी की अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा मिल सके। श्री गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधानसभा परिसर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली विधानसभा को पर्यावरणीय जागरूकता और सुंदरता का प्रतीक बनाया जाएगा। विधानसभा सिर्फ एक राजनीतिक केंद्र नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह एक ऐसा सुंदर और प्रेरणादायक स्थान बने, जो दिल्ली के नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे।

श्री गुप्ता ने कहा कि विधानसभा परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें फूलदार और सजावटी वृक्ष, सुंदर झाड़ियां, ताड़ के पेड़, बांस के गुच्छे, लताएं और ग्राउंडकवर्स शामिल हैं। इसके साथ ही, खुशबूदार पौधों की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे विधान सभा परिसर का वातावरण सुंदर ही नहीं बल्कि सुगंधित और ताजगीपूर्ण भी बने।

उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा परिसर को एक आदर्श उद्यान के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है।

## दिल्ली वालों को सिर्फ भाजपा की घोषणाओं से ही संतुष्ट होना पड़ रहा : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 5 जून (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि पुरानी दिल्ली, चांदनी चौक, सीलमपुर, करोल बाग, मुस्तफाबाद सहित दिल्ली भर की अनाधिकृत कालोनियों, झुग्गी बस्तियों, पुनर्वास कालोनियों में घरों के बाहर लटके बिजली तारों के मकड़ जाल, जो कभी भी किसी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते है, उनको व्यवस्थित करने में भाजपा की दिल्ली सरकार भी पिछली सरकार की तरह निष्क्रिय साबित हो चुकी है। जबकि मुख्यमंत्री ने बजट में बिजली तारों के जालों से निजात दिलाने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कालकाजी में 9 वर्ष के लड़के की मौत स्ट्रीट लाईट पोल छूने से पार्क में खेलते हुए हुई। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार ने अग्नि शमन सुरक्षा, उच्च जोखिम वाले भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुधार करने के लिए 100 करोड़ के बजट का ऐलान किया है लेकिन आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली की बर्बाद करने के बाद भी भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार दिल्ली को व्यवस्थित करने की बजाय सिर्फ घोषणाएं कर रही है। उन्होंने कहा कि तारों के जाल से मुक्ति का वादा करके 100 करोड़ के बजट का ऐलान तो कर दिया परंतु 2 महीने बीतने के बावजूद थी इस योजना पर कोई काम शुरु नही हुआ है। उन्होंने कहा कि असल में भाजपा सरकार अभी तक दिल्ली में योजनाबद्ध तरीके से काम करने की कोई नीति ही तैयार नही कर पाई है, यही कारण है कि हर विभाग के संबध में दिल्ली वालों को सिर्फ भाजपा की घोषणाओं से ही संतुष्ट होना पड़ रहा है।

**घरों के बाहर लटके बिजली तारों के मकड़जाल से बड़ी घटना का अंदेशा**



असल में भाजपा सरकार अभी तक दिल्ली में योजनाबद्ध तरीके से काम करने की कोई नीति ही तैयार नही कर पाई : **देवेन्द्र यादव**

देवेन्द्र यादव ने कहा कि अव्यवस्थित तौर पर छोटी, सर्करी गलियों में घरों के बाहर लटके तार रोज जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे है।

**सार संक्षेप**

### ऑक्सिलो फिनसर्व ने लांच किया 'इंडियाऐड'



**नई दिल्ली।** भारत में शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करने वाले एनबीएफसी ऑक्सिलो फिनसर्व ने 'इंडियाऐड' के लांच की घोषणा की है, जो स्कूल एवं ट्यूशन फीस के लिए ब्याज़ रहित ऋण की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। भारत में शिक्षा के लिए वित्तपोषण में बदलाव लाने के प्रयास में तैयार किया गया इंडियाऐड छात्रों एवं शैक्षणिक संस्थानों की ऋण संबंधी चुनौतियों को हल करता है। 'हम सीधे स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटरों एवं ऐडटेक संस्थानों के साथ जुड़कर उन्हें ऐसे ऋण समाधान उपलब्ध करा रहे हैं, जो छात्रों और प्रशासकों दोनों के लिए फायदेमंद हैं।' आनंद सुब्रमण्यम, चीफ़ बिज़नेस ऑफिसर- घरेलू ऋण, ऑक्सिलो फिनसर्व ने कहा कि भारत के निजी शिक्षा बाज़ार की बात करें तो यह तकरीबन 52 बिलियन डॉलर का है और बढ़ते डिजिटलीकरण एवं अध्ययन के व्यक्तिगत प्रारूप के साथ 12 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़ रहा है।

### नेचुरल केयर फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** नेचुरल केयर फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। चंदन नगर साइन मंदिर प्रगति का संरक्षण में अपनी श्रम साधना अवश्य दें हर व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इसमें शामिल हुए वृक्ष और कार्यक्रम के अध्यक्ष दीपक आहूजा, कृष्णा नगर के विधायक अनिल गोयल, राजू सचदेवा, कपिल राणा सुमित शाह, अजय मेहता लकी, राजेश मेहता, राजू सचदेवा ने कहा हमें हरदम पेड़ लगाने चाहिए ब्राह्मण को बचाना चाहिए अपने घर के बाहर एक पेड़ जरूर लगाए। एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाए व उसकी रक्षा भी करें।



# फीस के लिए बाउंसरों का इस्तेमाल निंदनीय : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। दिल्ली के द्वारका स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) से 31 छात्रों के निष्कासन के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने स्कूल प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई। यह मामला उस वक्त सामने आया जब फीस नहीं भरने के कारण स्कूल ने छात्रों के नाम काट दिए और उन्हें स्कूल में प्रवेश से रोकने के लिए बाउंसरों की तैनाती कर दी। हाईकोर्ट ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि किसी भी स्कूल को फीस वसूली के लिए इस प्रकार के अमानवीय और अपमानजनक तरीके नहीं अपना सकते। हाईकोर्ट नेकूल में एंट्री रोकने के लिए बाउंसरों का इस्तेमाल करना पूरी तरह से निंदनीय और अनैतिक है। यह न सिर्फ बच्चों की गरिमा के प्रति असम्मान है, बल्कि यह दर्शाता है कि स्कूल प्रशासन को शिक्षण संस्था की मूलभूत भूमिका और जिम्मेदारी की समुचित समझ नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि फीस न भरने के कारण किसी छात्र को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा किया जाता है, धमकाया जाता है या उसके खिलाफ बल का इस्तेमाल किया जाता है, तो यह सीधे तौर पर मानसिक उत्पीड़न और आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने के बराबर है। स्कूलों में बाउंसरों की मौजूदगी एक भय और बहिष्कार का माहौल बनाती है, जो किसी भी स्कूल के मूल चरित्र के बिल्कुल विपरीत है। शिक्षा संस्थानों को व्यावसायिक उद्यम की तरह संचालित नहीं किया जा सकता, भले ही वह फीस लेकर सेवाएं प्रदान करते हों।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने लगाई डीपीएस को फटकार**




### जेएनयू के लापता छात्र नजीब अहमद मामले में कोर्ट का फैसला टला

**नई दिल्ली।** जेएनयू के लापता छात्र नजीब अहमद के मामले में सीबीआई की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट का फैसला टल गया है। अब इस मामले में 30 जून को अदालत अपना फैसला सुनाएगी। छात्र नजीब अहमद की मां ने संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले में एक याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी है। दरअसल, छात्र नजीब अहमद की मां फातिमा नफीस द्वारा 2016 में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए अपने बेटे के मामले में सीबीआई की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट को चुनौती दी गई थी।



■ नई दिल्ली के इस्कॉन मंदिर में पूजा करते एलन मस्क के पिता इरोल मस्क।
फोटो : इम्तियाज खान

## इंटेलीस्मार्ट ने स्मार्ट मीटरिंग के लिए खोला विशेष प्रशिक्षण केंद्र

**नई दिल्ली,** 5 जून (देशबन्धु)। भारत की अग्रणी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी इंटेलीस्मार्ट इंफ्रा ने दादरी में स्मार्ट मीटरिंग के लिए एक ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की है। अपनी तरह का यह पहला ट्रेनिंग सेंटर है, जो युवाओं को डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर डीटी मीटर की स्थापना के क्षेत्र में बिना किसी शुल्क के उन्हें कौशल और क्षमताएं प्रदान करेगा, जो ग्रिड इंटेलिजेंस और परिचालन दक्षता बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण घटक है। उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पीवीवीएनएल, नोएडा के मुख्य अभियंता संजय जैन और इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के एमडी और सीईओ अनिल रावल ने किया। इस अवसर पर डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



इस मौके पर पीवीवीएनएल की एमडी ईशा दुहान ने कहा कि डिजिटल और स्मार्ट तकनीकों को अपनाने के साथ-साथ बिजली क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है, इसलिए हमारे युवाओं को सही कौशल और क्षमताओं के साथ प्रशिक्षित करना जरूरी है। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, इंटेलीस्मार्ट के एमडी और सीईओ अनिल रावल ने कहा कि अपनी तरह का यह पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत के स्मार्ट मीटरिंग उद्योग में वर्तमान में प्रतिभा की कमी को दूर करने का हमारा समर्पित प्रयास है। यह कोर्स बिल्कुल मुफ्त है।

## साल 2014 से पहले अस्पतालों में थीं कई तरह की अव्यवस्थाएं : रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में धानुका वेटिंग हॉल का गुरुवार को उद्घाटन किया। उन्होंने मीडिया से बात करने के दौरान कहा कि दिल्ली एम्स देश का सबसे बड़ा मेडिकल इंस्टीट्यूट है। सालाना 5 लाख ओपीडी यहां होती है। देशभर से मरीज यहां इलाज के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पूरे देश में 22 एम्स बनाने की योजना पर काम चल रहा है। इन सबके बावजूद भी दिल्ली एम्स का अपना अलग महत्व है। साल 2014 से पहले इन अस्पतालों में कई तरह की अव्यवस्थाएं रहा करती थी। पिछले 10 साल में दिल्ली एम्स में सारी व्यवस्थाएं बेहतर हुई हैं। अब बहुत ही व्यवस्थित तरीके से यहां की कार्यप्रणाली काम कर रही है। डॉक्टर, नर्स और अटेंडेंट हों, सबका ध्यान रखा जाता है।

उन्होंने धानुका ग्रुप को बधाई देते हुए कहा कि इस ग्रुप की वजह से ही सीएसआर में धानुका वेटिंग हॉल बन पाया है। उन्होंने कहा कि मरीज तो भर्ती हो जाता है, लेकिन तीमारदारों को परेशानी होती है। वह यहां-वहां टहलकर अपना समय बिताता है। सरकार और समाज एक साथ जब काम करेंगे तभी प्रगति संभव है। विकसित भारत हो या विकसित दिल्ली हो, इस तरह के प्रयास से ही शहर में सुविधाएं बढ़ती हैं।

वहीं,धानुका ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.जी. अग्रवाल कहते हैं आज धानुका वेटिंग हॉल का उद्घाटन हुआ। एम्स भारत का सबसे बड़ा संस्थान है, जहां दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश से मरीज आते हैं। पहले उनके बैठने के लिए कोई उचित स्थान नहीं था।

## निजी स्कूल की फीस पर गुपचुप कानून ला रही दिल्ली सरकार : आतिशी

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वसूली को लेकर चल रहे विवाद के बीच आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी का कहना है कि भाजपा सरकार निजी स्कूलों को फायदा पहुंचाने के लिए चोर दरवाजे से एक अध्यादेश ला रही है, जिससे अभिभावकों की समस्याएं और बढ़ेंगी।

आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने इस मुद्दे पर बयान देते हुए कहा कि सरकार ने फीस नियंत्रण को लेकर एक बिल तैयार किया है, लेकिन उसे न तो सार्वजनिक किया गया है और न ही विधानसभा में पेश किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बिल को अभिभावकों और विधायकों से छिपाकर रखा गया है, जिससे स्पष्ट है कि यह बिल छात्रों या अभिभावकों के हित में नहीं बल्कि प्राइवेट स्कूलों के पक्ष में है।



आतिशी ने बताया कि मैं हाल ही में प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से मिली हूं। सभी अभिभावकों ने साफ कहा कि वे इस प्रस्तावित ऑर्डिनेंस के खिलाफ हैं और इस पर अपनी राय देना चाहते हैं। उनकी मांग है कि यह बिल सार्वजनिक किया जाए और सभी पक्षों से सुझाव लेकर ही इसे लागू किया जाए। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। आतिशी ने कहा कि यह बिल विधानसभा में पेश किया जाना चाहिए।

**कार्यक्रम** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशंस एफएआईएफए ने राष्ट्रीय सेमिनार किया आयोजित, कहा

# जलवायु परिवर्तन से फसल उपज में 25 प्रतिशत तक के नुकसान का अनुमान

**नई दिल्ली, 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशंस एफएआईएफए ने 'सतत कृषि प्रक्रियाओं के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाना' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। एफएआईएफए एक गैर लाभकारी संगठन है, जो उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्यों में वाणिज्यिक फसलों की खेती से जुड़े लाखों किसानों एवं कृषि श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयासरत है। सेमिनार का आयोजन नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में किया गया।**




इस दौरान किसानों को सशक्त करने के लिए प्रमाणित क्लाइमेट रेजिलिएंट टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने के लिए सतत प्रक्रियाओं पर चर्चा हुई। सेमिनार के दौरान एफएआईएफए ने 'नरिशिंग द फ्यूचरः ए रिपोर्ट ऑन क्लाइमेट रेजिलिएंट एग्रीकल्चर' शीर्षक से श्वेत पत्र भी जारी किया।

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशंस एफएआईएफए के महासचिव मुरली बाबू ने कहा कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में खेती पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तेजी से दिख रहा है। मिट्टी का डीग्रेडेशन, बढ़ती इनपुट लागत और गिरते जल स्तर से कृषि उत्पादकता और आय पर दबाव बढ़ा है, खासकर छोटे एवं सीमांत किसानों के लिए। हालांकि, आईसीएआर की नाइक्रा जैसी पहल उत्साहजनक है।

इसने क्लाइमेट रेजिलिएंट सॉल्यूशंस दिए हैं, जैसे सौर ऊर्जा से सिंचाई, सूखे में भी पैदा होने वाली बीज की किस्में और जमीनी स्तर पर क्षमता का निर्माण। इससे कई क्षेत्रों में बदलाव दिख रहा है। यह रिपोर्ट सतत कृषि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूती देने वाली रचनात्मक पहल है। हमें 'ज्यादा उगाने' के बजाय 'बेहतर उगाने' के दृष्टिकोण पर काम करना चाहिए। हमें एक ऐसी मानसिकता में आना होगा, जो इनोवेशन, पर्यावरण संरक्षण और किसानों के लिए आर्थिक व्यवहार्यता को अपनाए।

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशंस एफएआईएफए के वाइस प्रेसिडेंट अतहर मतीन ने कहा कि पर्यावरण के अनुकूल खेती को भारतीय किसानों के लिए मुख्य आर्थिक रणनीति के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि सिर्फ पर्यावरण से जुड़ी चिंता के समाधान के रूप में। क्लाइमेट रेजिलिएंट मॉडल इनपुट लागत को कम करके, नए बाजार खोलकर और मौसम से जुड़ी परेशानियों को कम करके लंबी अवधि में वित्तीय लाभ प्रदान करते हैं।

### पर्यावरण बेहतर रहेगा तो स्वास्थ्य बेहतर होगा : कुशल पाल सिंह

**नई दिल्ली।** नव सृष्टि संस्था ने चाइल्ड राइट्स एंड यू क्राई के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस का आयोजन दिल्ली एनसीआर के मुख्य चार स्थानों पर नेब सराय दिल्ली, नागलोई दिल्ली, संतोष नगर और राजीव नगर फरीदाबाद आदि स्थानों पर मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य था कि पर्यावरण को बेहतर बनाना। संस्था ने समुदाय व मार्केट में बच्चों व महिलाओं के साथ रैली निकाल कर व नेब सराय व नागलोई दिल्ली में कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया व विभिन्न बिंदुओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। नवसृष्टि संस्था की सचिव रीना बनर्जी ने मुख्य बिंदुओं पर जागरूक किया।





**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सीनियर एडीईएन/एनडीएलएस के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एएनवीटी के एस/ओ में शेष कार्य को पूरा करना अर्थात प्लेटफार्म 08 के लिए रिटेनिंग वॉल का प्रावधान, जंग लगी मेटाकलर शीट और वैली गटर का प्रतिस्थापन, ठंडे पानी की झोपड़ियों का प्रावधान और एएनवीटी में प्लेटफार्म 08 और 09 के लिए बैठने की क्षमता में वृद्धि और अन्य संबद्ध पैटी मरम्मत कार्य और आनंद विहार रेलवे टर्मिनल पर स्टाफ पार्किंग के पास एनआरएमयू शाखा कार्यालय का निर्माण । |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹2,18,44,308.33 (रुपये दो करोड़ अठारह लाख चौवालीस हजार तीन सौ आठ और तैंतीस पैसे मात्र)। |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹2,59,200 /- (दो लाख उनसठ हजार दो सौ रूपये मात्र)। |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | ₹ 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 23.06.2025 को 15:00 बजे तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 00870320 20646203 |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/12-2025-26/W-3 दिनांक: 05.06.2025
1669/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “

एक्सप्रेस-वे पर महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-18 लूप के बीच के रास्ते 800 एमएम डाया जल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इस कारण जल आपूर्ति बाधित हो गई है। लीकेज के कारण एक्सप्रेस-वे के भी क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। आगामी दिनों में बारिश के कारण एक्सप्रेस-वे पर खुदाई कर मरम्मत का कार्य करने में असुविधा होगी। ऐसे में मरम्मत का कार्य छह जून से ही शुरू कराकर तीन दिनों में पूरा करा दिया जाएगा : **विजय रावल, प्राधिकरण डीजीएम।**

## नोएडा में कोरोना से 3 साल की बच्ची की मौत

- दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल में चल रहा था इलाज
- निमोनिया से भी पीड़ित थी

**नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। नोएडा में गुरुवार को कोरोना से तीन साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची का इलाज दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल में चल रहा था। पोर्टल पर जानकारी आने के बाद स्वास्थ्य विभाग परिजनों से संपर्क कर रहा है। एसीएमओ डॉ. टीकम सिंह ने बताया कि बच्ची छिजारसी की रहने वाली थी। डिहाइड्रेशन की शिकायत पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बच्ची की हालत गंभीर थी और उसे निमोनिया भी हो गया था। जांच में कोरोना संक्रमण की भी पुष्टि हुई है। अस्पताल की ओर से पोर्टल पर इसकी जानकारी दी गई है। जिले में 20 और मरीजों में कोविड की पुष्टि हुई है। अब कुल मरीजों की संख्या 158 है। जिनमें 94 पुरुष और 64 महिलाएं शामिल हैं। इस समय अस्पताल में केवल दो मरीज भर्ती हैं। अब तक सात मरीज ठीक हो चुके हैं। कुल 151 सक्रिय मरीज हैं। वहीं, जैसे-जैसे मरीजों की संख्या बढ़ रही है, स्वास्थ्य विभाग ने जांच का दायरा बढ़ाने पर भी काम शुरू कर रहा है। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी कोविड जांच शुरू करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को किट उपलब्ध हो गई हैं। अभी सिर्फ जिला अस्पताल में कोविड की जांच हो रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर आयुक्त ने दिया प्लॉस्टिक मुक्त का संदेश

- उप्र में गाजियाबाद नगर निगम प्लास्टिक मुक्त अभियान में निभा रहा है अहम भूमिका

**गाजियाबाद,** 5 जून (देशबन्धु)। भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित, विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा प्रतिभाग किया गया, उन्होंने निगम की उपलब्धियों के बारे में प्लानिंग साझा की। शहर को प्लॉस्टिक मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियानों के बारे में भी बताया गया, नगर निगम प्लास्टिक मुक्त अभियान की वसूली में नंबर वन है सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से नगर निगम हर घर से प्लॉस्टिक को निकल रहा है तथा रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है प्लानिंग को साझा किया गया इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा देश भर से आए हुए अतिथियों की समक्ष गाजियाबाद नगर निगम की प्रेजेंटेशन भी वीडियो के माध्यम से दी गई जिसकी कार्यक्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों ने प्रशंसा की, विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित




**देश अपनाए रीयूज, रिड्यूस, रिसाइकल, पर्यावरण को मिलेगा लाभ : नगर आयुक्त**

इस कार्यक्रम में गाजियाबाद के साथ-साथ भोपाल नगर निगम के नगर आयुक्त हरेंद्र नारायण तथा हुबली नगर निगम की नगर आयुक्त डॉ. रूद्रेश द्वारा भी अपनी प्रेजेंटेशन दी गई।

नगर आयुक्त ने बताया कि पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री भारत सरकार भूपेंद्र यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा दिल्ली के उपराज्यपाल विनयी कुमार व अन्य मुख्य अतिथि गण उपस्थित रहे। जिनके द्वारा प्लास्टिक



मुक्त अभियान को लेकर उपस्थित जनों को जागरूक किया गया। भव्य कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम का भी स्टॉल लगाया गया जिसमें गाजियाबाद में निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की तथा वेस्ट प्लास्टिक से बने हुए उपयोगी सामान प्रदर्शनी भी लगाई गई। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम प्लास्टिक मुक्त अभियान पर विशेष कार्य कर रहा है नगर आयुक्त द्वारा दिल्ली में आयोजित भव्य कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम की भव्यता से प्रेजेंटेशन दी गई। जिसमें हर घर को रीयूज रिड्यूस रीसायकल मुहिम में जुड़कर जनहित में कार्य करने की अपील की गई जो की सराहनीय है।

## जीडीए द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण का शुभारंभ



जीडीए उपाध्यक्ष द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राधिकरण कार्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात् सचिव, मुख्य अभियन्ता, विशेषकार्याधिकारी, एवं अन्य अधिकारियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष द्वारा प्राधिकरण के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई कि मैं प्राकृतिक पर्यावरण जिसके अन्तर्गत वन, झील, नदी व वन्य जीव है की रक्षा करूंगा और उसका संवर्धन करूंगा तथा प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखूंगा। साथ ही पर्यावरण सुधार से जुड़े कार्यक्रम भू-जल संरक्षण प्राकृतिक झीलो का सुधार, वन्य जीवो की रक्षा, प्राकृतिक संसाधनो का संरक्षण, अत्याधिक एवं सघन वृक्षारोपण, वृक्षो का कटान रोकना, ध्वनि तथा निर्माण कार्यों को इस प्रकार किया जाए, जिससे धूल व अन्य प्रदूषणकारी वस्तुओं को रोका जा सके। जीडीए द्वारा पर्यावरण सुधार कार्यक्रम के तहत प्रतिवर्ष वृहद वृक्षारोपण, शहर में अधिक से अधिक हरियाली विकसित करने के लिए नए पार्कों का विकास एवं पूर्व विकसित पार्कों का सुदृढ़ीकरण रख-रखाव करता रहा है। वर्तमान वर्ष 2025-26 में प्राधिकरण को वृक्षारोपण हेतु 81,400 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष प्राधिकरण द्वारा अपने संसाधनो से कुल 82,000 पौधों का रोपण किया जाएगा।

## सार संक्षेप


### धूम धाम से निकलेगी प्रभु श्री जगन्नाथ रथ यात्रा

**नोएडा।** श्री जगन्नाथ समिति द्वारा सेक्टर-121 स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में प्रभु श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारी जोरो से चल रही है। समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद बहल ने बताया की अबकी बार प्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकलेगी, जिसकी तैयारी श्री जगन्नाथ समिति द्वारा जोरो से की जा रही है। प्रभु जगन्नाथ जी का भव्य रथ की ऊंचाई 22 फुट, चौड़ाई 18 फुट और लंबाई 24 फुट की होंगी। जिसे बनाने के लिए उड़ीसा से कारीगर आए हुए है। 11 जून को देवभूषण पूर्णिमा है। इस दिन प्रभु श्री जगन्नाथ, प्रभु बलदेव और बहन सुभद्रा जी का स्नान पूर्णिमा होगा। जिसमें भगवान 13 दिन के लिए भक्तों को दर्शन नहीं देंगे। देवलोक में दर्शन देंगे, 26 तारीख को नेत्र उत्सव होगा और 27 जून को प्रभु जगन्नाथ जी रात में अपने मौसा के घर जाएंगे उसके बाद 5 जुलाई को अपने घर वापस आएंगे।

### पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से हादसे का खतरा

**खोड़ा।** वार्ड नंबर 14 नेहरू गार्डेन स्थित उपडाकघर के सामने सड़क की पुलिया के साइड से टूट जाने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया के टूटने से लोग चोटिल हो रहे है। एक वाहन गुजरते दौरान दूसरे को निकलने के लिए इंतजार करना पड़ता है। दुपहिया चारपहिया वाहनों को निकलने में दिक्कतें हो रही है। स्थानीय लोगो द्वारा नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया। सभासद सी पी शर्मा ने बताया कि नेहरू गार्डेन स्थित सड़क की पुलिया एक माह से साइड में टूटकर छतिग्रस्त हो गई है। चारपहिया वाहनों को हिचकोले खाते हुए निकलना पड़ता है। स्कूली छात्र पुलिया के बीच में फंसकर चोटिल हो चुके है।

### थार से कुचलने के मामले में दो गिरफ्तार



**नोएडा।** नोएडा में युवक के साथ मारपीट और थार से कूचलने के प्रयास में थाना सेक्टर-24 पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अमन अवाना और आकाश अवाना हुई है। दोनों ही घटना के बाद से फरार चल रहे थे। इन दोनों को मुखबिर की सूचना के बाद थाना सेक्टर-24 क्षेत्र से ही गिरफ्तार किया गया। इस मामले में थाना प्रभारी और गिझौड चौकी प्रभारी को पुलिस कमिश्नर पहले ही सस्पेंड कर चुकी है। अभी मामले में दो नामजद गौरव और कुणाल चौहान आरोपी फरार है जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। एडीसीपी सुमित शुक्ल ने बताया कि दोनों से पूछताछ में बताया कि हम लोगों का इंस्टाग्राम पर कमेंट करने को लेकर सुमित और सौरभ से कहासुनी हो गयी थी। उसी दिन हम लोगों ने सुमित और सौरभ को अपने ऑफिस के पास बुलाया वहां पर वाद- विवाद ज्यादा बढ़ गया और हम लोगों ने सौरभ और सुमित के साथ मारपीट कर दी।

## अपने परिवारजनों की भांति पेड़ों को भी संरक्षित करें : आर्य

**नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस पर भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर के जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क सेक्टर-37 नोएडा में वृक्षारोपण किया



गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय अंबेडकर विहार सेक्टर-37 के सभागार में एक पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा लाल सिंह आर्य उपस्थित रहे। लाल सिंह आर्य द्वारा पहले पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। उसके बाद उन्होंने संगोष्ठी को संबोधित किया उन्होंने कहा कि पर्यावरण का महत्व हम सभी के जीवन में अत्यंत आवश्यक है। आज जो पर्यावरण में परिवर्तन हम सभी को देखने को मिल रहा है उसका कारण धरती पर पेड़ों की संख्या कम होना है। प्रधानमंत्री इस विषय में बेहद गंभीर है उन्होंने इस कार्यक्रम को हम सभी गंभीरता से लें इसके लिए उन्होंने एक पेड़ मां के नाम संदेश दिया है। ताकि हम सभी से जुड़े और अपने परिवारजनों की भांति पेड़ों को भी संरक्षित करें। हम सभी को अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने है। जिसके लिए पार्टी में व्यापक योजना तैयार की है।

जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने कहा नोएडा महानगर द्वारा कार्यक्रम को हम जन जन तक पहुंचाएंगे। नोएडा में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएंगे कार्यक्रम का आयोजन गणेश जाटव के माध्यम से किया गया। इस मौके पर जिला महामंत्री उमेश त्यागी, करतार सिंह चौहान, प्रदीप चौहान, मनोज चौहान आदि उपस्थित रहे।

### यातायात जाम से मिली निजात

## जीडीए ने राजनगर एक्स्टेंशन में अतिक्रमण को हटाया

- उपाध्यक्ष के निर्देशों पर मेरठ रोड से बन्धा रोड, राजनगर एक्सटेंशन को जोड़ने वाली सड़क को जाम मुक्त कराया

**गाजियाबाद,** 5 जून (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने मेरठ रोड से बन्धा रोड, राजनगर एक्सटेंशन को जोड़ने वाली 45 मीटर चौड़ी सड़क पर किए गए अवैध अतिक्रमण को सफलतापूर्वक हटाकर हजारों शहरवासियों को यातायात जाम से मुक्ति दिलाई। यह अतिक्रमण लंबे समय से लोगों के लिए भारी ट्रैफिक और अनावश्यक देरी का कारण बना हुआ था, जिससे उनकी दैनिक जीवनचर्या बाधित हो रही थी। इस समस्या को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा भी पत्र के माध्यम से जी.डी.ए. को अवगत कराया था।

जी.डी.ए. उपाध्यक्ष ने 30 मई को हुई समीक्षा बैठक में इस गंभीर समस्या पर गंभीरता से विचार किया और सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने के तत्काल निर्देश दिए। इन्हीं निर्देशों का पालन करते हुए, प्रवर्तन जोन-1 ने दो विशेष टीमों के साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जोंकि पूरे दिन जारी रहा ।

अभियान के दौरान स्थानीय विकासकर्ताओं और निर्माणकर्ताओं की ओर से कुछ विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन गठित टीम ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रखी। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई




के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण उपस्थित रहें। इस कार्रवाई से राजनगर एक्सटेंशन की मुख्य मानी जाने वाली सड़क अब पूरी तरह से जाम मुक्त व यातायात के लिए सुगम हैं, इससे क्षेत्र के हजारों निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

आगामी माह में भी गाज़ियाबाद की सड़को को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान जीडीए द्वारा जारी रहेगा। साथ ही राजनगर एक्स्टेंशन की अन्य सड़को के निर्माण का कार्य भी कराया जा रहा है जिससे यातायात की समस्या से लोगो को निजात मिल सके।

## राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार व उनकी पत्नी को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले को पुलिस ने पकड़ा

- सोशल मीडिया पर आठ मई को फिल्मकार का नंबर शेयर कर आपत्तिजनक की थी टिप्पणी
- सेक्टर-49 थाना पुलिस ने शिकायत पर 12 मई को दर्ज किया था मुकदमा

**नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार विनोद कापड़ी व उनकी पत्नी को सोशल मीडिया पर एक माह पहले धमकी देने के मामले में आरोपी अरुण यादव को बुधवार देर रात पुलिस ने पकड़ लिया। हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता होने पर उसे छोड़ दिया गया। उसके पकड़े जाने के बाद समर्थकों ने विरोध में सोशल मीडिया पर तरह तरह की टिप्पणी की थी।

सेक्टर-48 निवासी विनोद कापड़ी फिल्मकार और कई न्यूज चैनलों के संपादक रह चुके हैं।

इन्होंने पुलिस से शिकायत की थी कि आठ मई को सोशल साइट एक्स पर एक सामान्य पोस्ट किया था। इस पोस्ट पर उन्हें ट्रोल कर जानमाल की धमकी दी जाने लगी है। इसके बाद इस पोस्ट को प्रवीण के सोनी ने फेसबुक पर डाल दिया। इसके बाद अरुण यादव नामक एक हैंडलर ने एक्स पर विनोद का नंबर शेयर कर दिया।

इसके बाद इनके परिवार व इनकी पत्नी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की जाने लगी और धमकी दी गई। इसके बाद विनोद कापड़ी के पास हजारों फोन और मैसेज आने लगे। इसमें हत्या कराने तक की धमकी दी गई।

इस मामले में सेक्टर-49 थाना पुलिस ने प्रवीण के सोनी, अरुण यादव समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला का कहना है कि आरोपी अरुण को बुधवार रात हिरासत में लिया था। दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद छोड़ दिया।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय का गौतम बुद्ध नगर पहुंचने पर कांग्रेस नेता दिनेश अवाना, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव शहाबुद्दीन और जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस गौतमबुद्ध नगर जावेद खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूत करने के लिए अपील की है। इस दौरान कांग्रेस नेता जयचंद चौधरी, जिला अध्यक्ष एनएसयूआई गौतम बुद्ध नगर राजकुमार मोनू, पूर्व अध्यक्ष सेवादल गौतम बुध नगर वासिल अहमद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य जितेंद्र चैधरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर राम भरोसे शर्मा, ओबीसी जिला अध्यक्ष गौतम बुध नगर धर्मेंद्र भाटी, ग्रेटर नोएडा शहर अध्यक्ष रघुराज भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष जेवर राजकुमार शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।




## नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार ललित कुमार, पत्रकारों ने जताया शोक

**गाजियाबाद,** 5 जून (देशबन्धु)। लंबे समय तक टाइम्स आफ इंडिया से जुड़े रहे वरिष्ठ पत्रकार ललित कुमार का बुधवार रात को निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। ललित कुमार लंबे समय तक टाइम्स आफ इंडिया ग्रुप से जुड़े रहे हैं। इसके अलावा पायनियर और दैनिक हिंट में भी वह पत्रकार के रूप में काम किया। स्पॉट रिपोर्टिंग में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। उनके पिताजी केपी सिंह प्रथम बैच के आईएएस अधिकारी थे और कई जिलों में जिलाधिकारी, मेरठ मंडल के कमिश्नर भी रह चुके थे। कवि नगर में रहने वाले ललित कुमार का बुधवार की रात में अपने कवि नगर स्थित आवास में निधन हो गया। दोपहर को हिंडन तट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार रवि अरोड़ा, अजय आदित्य, सलामत मियां, फरमान अली, विपिन चौधरी, उमेश कुमार उनके भाई प्रदीप कुमार सुरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह समेत कई पत्रकार में लोग उपस्थित रहे।



## खुलेआम परोसी जाती है शराब, नशे में धुत लोग करते है हंगामा

**खोड़ा,** 5 जून (देशबन्धु)। सड़क पर खुलेआम शराब परोसे जाने से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सीमा क्षेत्र दिल्ली में होने की वजह से ठेलियों पर शराब बेचने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। स्थानीय लोगो ने बताया कि फेस तीन सी एन जी पंप के सामने बाबा वेंकट हाल से लेकर मंगल बाजार गेट तक हजारों की संख्या में लोग ठेलियों पर फल फूल हरी सब्जी जूस की दुकानें लगाते है। इस रास्ते से खोड़ा मकनपुर क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग सुबह शाम आवागमन करते है। बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं भी दिल्ली के स्कूलों में पढ़ाई करने के लिए आते जाते है। समाजसेवी संजीत मिश्रा ने बताया कि शराब माफियों के षडयंत्र की वजह से दर्जनों ठेलियों पर जूस की आड़ में खुले में शराब परोसी जाती है। दिल्ली पुलिस के कर्मचारी मूकदर्शक बने रहते है। शिकायत करने पर उल्टा शिकायतकर्ता को ही धमकाया जाता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली और खोड़ा सीमा के विवाद की वजह से शराब माफियों ने इसे अवैध कमाई का अड्डा बना लिया है। शाम छह बजते ही बाबा वेंकट हाल के सामने ठेलियों पर शराब परोसने का कार्य शुरू कर दिया जाता है। शराब पिलाने का सिलसिला रात्रि बारह बजे तक चलता रहता है।स्थानीय पुलिस शराब माफियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करती। बल्कि शराब परोसने वालो से मोटी कमाई की बंदरबाट होती है। शराबी नशे में धुत होकर अक्सर महिलाओं पर फब्तियां कसते है। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते है। शराबियों के उत्पात से लोग परेशान है। अक्सर शराबी नशे में धुत होकर मर्यादाओं की सारी सीमाओं को तार तार करते रहते है। शराबियों द्वारा मारपीट की कई घटनाएं घटित हो चुकी है।

# नोएडा में तीन दिन होगी पानी की लाइन की मरम्मत

- 800 एमएम डाया की लाइन क्षतिग्रस्त
- 10 सेक्टर तीन गांव प्रभावित, रहेगा डायवर्जन

**नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। पानी की लाइन क्षतिग्रस्त होने से तीन दिनों तक डायवर्जन होगा। ऐसे में एक्सप्रेस वे से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन चालक महामाया फ्लाइओवर से डीएससी मार्ग का उपयोग करते हुए दिल्ली जा सकेंगे। ये डायवर्जन 6 जून यानी शुक्रवार रात नौ बजे से 9 जून की सुबह 4 बजे तक रहेगा। कार्य पूरा होने के साथ ही डायरवर्जन को खोल दिया जाएगा।

प्राधिकरण के डीजीएम विजय रावल ने बताया कि एक्सप्रेस-वे पर महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-18 लूप के बीच के रास्ते 800 एमएम डाया जल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इस कारण जल आपूर्ति बाधित हो गई है। लीकेज के कारण एक्सप्रेस-वे के भी क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। आगामी दिनों में बारिश के कारण एक्सप्रेस-वे पर खुदाई कर मरम्मत का कार्य करने में असुविधा होगी। ऐसे में मरम्मत का कार्य छह जून से ही शुरू कराकर तीन दिनों में पूरा करा दिया जाएगा।

**ये सेक्टर और गांव प्रभावित**

गर्मी के दिनों में पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति न दिये जाने से सेक्टर-39, 40, 41, 42,43, 44,46,47,48,49, आगाहपुरा, छलेरा एवं सदरपुर जलापूर्ति से प्रभावित हो रहे है। ऐसे में जल्द से जल्द मरम्मत का कार्य पूरा कर पानी की सप्लाई को सुचारू किया जाएगा। इसके लिए युद्ध स्तर पर यहां मरम्मत का काम होगा।

**लगाए जाएंगे बैरिकेड**

इस कार्य के लिए मरम्मत वाले स्थल से पहले ही बैरिकेटिंग, मार्गदर्शक बोर्ड व सुरक्षा उपकरणों आदि की व्यवस्था की जाएगी। मरम्मत के कार्य के दौरान सेंट्रल वर्ज से 10 मीटर की दूरी के बाद 5 मीटर की चौडाई एवं 30 मीटर लंबाई में यातायात प्रभावित रहेगा। इस मार्ग से दिल्ली की ओर जाने वाले यातायात को महामाया फ्लाईओवर से डीएससी मार्ग का उपयोग करते हुए दिल्ली की ओर जाना सुविधाजनक होगा।

# ऑनलाइन सट्टा गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार

- megainplay.in पर कराते थे नामांकन, जीतने पर पैसा होता था डबल

**नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। नोएडा और एनसीआर में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गैंग के आठ लोगों को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग फ्यूटेक गेटवे प्लाट-10 टावर ए-2 से पूरा खेल आपरेट कर रहे थे। आईपीएल व अन्य क्रिकेट प्रारुपों में megainplay.in वेबसाइट के सट्टा खिलवाते है। प्रचार के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का यूज करते है। इनकी नाम अशोक, सचिन पाल, सोनू कुमार मुखिया, प्रवीण कटिहार, अमित कुमार, विष्णु राठौड़, सरोज कुमार, शिवम कटिहार है। अशोक गैंग का



सरगना है। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि megainplay.in पर लॉगिन करते ही एक ओटीपी जनरेट होता है। जिसके बाद लोगों को अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड तैयार करना होता है। जब भी कोई खेल होता है उस दिन ये लॉगिन किया जाता है। एक बार में 100 रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक लगाया जा सकता है। इनके पास से 12 मोबाइल फोन, 4 लैपटॉप, एक टेबलेट, 1 रजिस्टर, 28 एटीएम कार्ड, 2 बैंक पासबुक, 2 बैंक चेकबुक, 25 मोबाइल सिम, 1 वाईफाई राऊटर बरामद किया गया।

एक बार रिचार्ज होने पर जिसने पैसे का रिचार्ज कराते है वेबसाइट मालिक द्वारा रुपए के बदले पाइंट दिया जाता है। जिसको खेल में लगाकार सट्टेबाजी खिलवाते है। इसमें एक आड्स की कीमत 2 पाइंट के बरामद होती है। यानी एक बार 100 रुपए लगाकर जीतने पर 200 रुपए और हारने पर पूरे 100 रुपए की हानि होती है। पैसा जीतने पर पाइंट को रीडिम किया जा सकता है। और एकाउंट में पैसा ट्रांसफर भी किया जा सकता है।

**बैंक खातों में साइबर फ्राड**

डीसीपी ने बताया कि ये लोग आईपीएल और अन्य ऐसे खेलों में एक्टिव होते है। और टारगेट बेस काम करते है। इनके बैंक खातों की जांच की जा रही है। इसमें जमा राशि को फ्रीज भी कराया जाएगा।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

उन्होंने कंपनी के अधिकारी के साथ बुधवार को फरीदाबाद स्थित उनके प्लांट का निरीक्षण किया था। जिसके बाद उन्हें जमीन देने पर सहमति बन गई है। कंपनी को 200 एकड़ भूमि आवंटित की जाएगी। कंपनी दो चरणों में करीब छह हजार करोड़ का निवेश करेगी। पहला चरण दो वर्ष में पूरा होगा। एस्कॉर्ट्स कुबोटा कंपनी ट्रैक्टर और कृषि में इस्तेमाल होने वाली मशीनों का निर्माण करती है : **डॉ. अरुणवीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी।**

# ग्रेनो प्राधिकरण के अफसरों ने पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

- **ग्रेनो प्राधिकरण ने विभिन्न संगठनों के सहयोग से 10 हजार पौधे लगाए**
- **सीईओ ने की जन सहभागिता से ग्रेनो को हरा-भरा बनाने की अपील**

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से बड़े पैमाने पर पौधारोपण कराया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने पौधारोपण कर ग्रेटर नोएडा को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। सभी एसीईओ व अन्य प्राधिकरण अधिकारियों ने अलग-अलग जगहों पर पौधे रोपित किए। ग्रेटर नोएडा के आवासीय, औद्योगिक व सामाजिक संगठनों ने भी पौधारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पर्यावरण दिवस पर लगभग 10 हजार पौधे लगाए गए। इस बार का थीम बीट प्लॉस्टिक पॉल्यूशन (प्लास्टिक प्रदूषण को हराना) है।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह और एसीईओ सुमित यादव ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ऑफिस के पास पार्क में पौधे रोपित किए। यहां पिलखन के पौधे लगाए गए। ओएसडी अभिषेक पाठक और डीजीएम अभिषेक जैन, ने भी यहीं पर पौधे लगाए। ग्रेटर नोएडा एंप्लाइंज एसोएिसशन के अध्यक्ष सोनू भड़ाना ने भी यहीं पार्क में पौधे रोपित किए। इससे पहले एसीईओ प्रेरणा सिंह, गुंजा सिंह, जीएम प्रोजेक्ट



एके सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम व चेतराम सिंह, विनोद शर्मा व सन्नी यादव, उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक पीपी मिश्र, ने टेकजोन 4, ग्रेनो वेस्ट स्थित प्राधिकरण दफ्तर परिसर में भी पौधे लगाए गए। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक बुद्ध विलास और मैनेजर मिथलेश कुमार ने भी टेकजोन फोर और इकोटेक-12 में पौधारोपण किया। सेक्टर ईकोटेक-11 व 12, नॉलेज पार्क-4, सेक्टर-16, स्वर्णनगरी, समेत कई जगहों पर पौधे रोपित किए। उद्यान विभाग के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक चरण सिंह ने लखनावली स्थित रेमेडिएशन प्लांट के परिसर में पौधे लगाए। अधिकांश जगहों पर पिलखन, जामुन, पापड़ी, अमरूद आदि पौधे लगाए गए हैं। पौधारोपण के दौरान प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने उद्यान विभाग से पौधे रोपित करने के साथ ही उनकी नियमित देखभाल करने को कहा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने जन सहभागिता के जरिए ग्रेटर नोएडा को और हरा-भरा बनाने की अपील की। घरों में, सड़कों के किनारे, पार्क, ग्रीन बेल्ट आदि जगहों पर पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की है।

## एसडीजेड के डेवलपर्स को 21 जून तक करना होगा ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड

- **जेपी एसडीजेड के सबलेसी को भी कराना होगा अपने प्रोजेक्ट का रजिस्ट्रेशन**

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जाल) को यमुना एक्सप्रेस वे के साथ स्पेशल डेवलपमेंट जोन में दी गई 1,000 हेक्टेयर जमीन का आवंटन रद्द किया गया था। कोर्ट ने 10 मार्च के अपने फैसले में जाल के उप-किरायेदारों (सब-लीजी) के कानूनी अधिकारों को भी मान्यता दी। ये उप-किरायेदार वे डेवलपर्स हैं, जिन्हें जाल ने स्पोर्ट्स सिटी की जमीन ग्रुप हाउसिंग या प्लॉटेड स्कीम के लिए दी थी। कोर्ट ने यीडा को आदेश दिया कि वह जाल की जगह ले और इन डेवलपर्स के साथ वहीं शर्तों पर नए पट्टे (लीज) बनाए, जो जाल और डेवलपर्स के बीच थीं, बशर्ते यीडा अपने बकाया वसूल सके। कोर्ट ने सख्त समयसीमा तय की यीडा को चार हफ्तों में सभी उप-किरायेदारों को नोटिस जारी करना होगा, एक सार्वजनिक नोटिस प्रकाशित करना होगा, और 12 हफ्तों में दस्तावेज पूरे करने होंगे। इसके बाद उप-किरायेदारों को आठ हफ्तों में नए पट्टों पर हस्ताक्षर करने होंगे। यीडा सभी समझौतों में जाल की जगह ले लेगा। स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन का खर्च यीडा वहन करेगा, ताकि डेवलपर्स या होमबायर्स पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। यीडा के सीईओ अरुण वीर सिंह ने बताया कि उनके पास 13 प्रोजेक्ट्स का रिकॉर्ड है और एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया है, जहां डेवलपर्स 21 जून तक अपने दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। यह समयसीमा होमबायर्स पर भी लागू है। इन 13 प्रोजेक्ट्स में सेक्टर-25 और 19 में 10,134 फ्लैट्स और 3,230 रेजिडेंशियल प्लॉट्स हैं, जो कुल 13,364 खरीदारों को प्रभावित करते हैं। ये प्रोजेक्ट्स हाई-राइज टावरों से लेकर विला प्लॉट्स तक हैं। उदाहरण के लिए, इम्पीरिया होम्स प्लानर्स के पास सेक्टर 25 में 629 फ्लैट्स की मंजूरी है, जबकि रॉयल होमटाउन प्लानर्स के 480 फ्लैट्स हैं, जिनमें 224 बिक चुके हैं। गौर सन्स के सेक्टर 19 में दो हाई-राइज प्रोजेक्ट्स में 3,104 फ्लैट्स हैं, और सॉलिटेयर रियल इन्फ्रा के टावर क्लस्टर में 2,250 फ्लैट्स हैं। गौर सन्स की सेक्टर 19 में प्लॉटेड कॉलोनी में 3,230 प्लॉट्स हैं, जिनमें 1,091 बिक चुके हैं। हाई कोर्ट का फैसला पांच साल की कानूनी लड़ाई के बाद आया, जो 12 फरवरी, 2020 को जाल के स्पोर्ट्स सिटी आवंटन को बकाया न चुकाने के कारण रद्द करने के बाद शुरू हुई थी। जाल को 2008 में यह जमीन एक अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स, शिक्षा और स्वास्थ्य केंद्र बनाने के लिए मिली थी, जिसमें बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट मुख्य आकर्षण था। जाल ने 12 हाउसिंग स्कीम शुरू कीं और 13 अन्य के लिए जमीन उप-किराये पर दी। कोर्ट ने यीडा को जाल के 12 अधूरे हाउसिंग प्रोजेक्ट्स को पूरा करने का भी आदेश दिया। इसके लिए निर्माण की प्रगति के आधार पर समयसीमा तय की गई। 75 फीसदी पूरे प्रोजेक्ट्स एक साल में, 50 फीसदी पूरे 18 महीने में, 25 फीसदी पूरे 30 महीने में, और बाकी तीन साल में पूरे करने होंगे। यीडा ने 1,000 हेक्टेयर जोन के लिए एक पुनरुद्धार योजना बनाने के लिए सलाहकार नियुक्त करना शुरू किया है और एक समर्पित पोर्टल बनाया है। एक निगरानी समिति भी बनाई गई है, जिसमें सरकारी अधिकारी, यीडा के प्रतिनिधि, यूपी रेरा का प्रतिनिधि और होमबायर्स का एक नामित व्यक्ति शामिल है।

यीडा एक निर्माण साझेदार लाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने पिछले महीने एक अंतरिम आदेश में यीडा को बिना अनुमति नए डेवलपर्स नियुक्त करने से रोक दिया है। यह मामला 19 जुलाई को फिर से सुना जाएगा।

## यीडा में कृषि व कंस्ट्रक्शन मशीनों को तैयार करने का लगेगा संयंत्र

- **एस्कॉर्ट्स कुबोटा सेक्टर-10 में 200 एकड़ में लगाएगी संयंत्र**

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में ट्रैक्टर और कृषि मशीनों को तैयार करने का संयंत्र लगेगा। जिसमें कंस्ट्रक्शन मशीनरी का भी उत्पादन किया जाएगा। इसके लिए जापान और भारत की संयुक्त एस्कॉर्ट्स कुबोटा कंपनी को सेक्टर-10 में 200 एकड़ भूमि देने पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने कंपनी के अधिकारी के साथ बुधवार को फरीदाबाद स्थित उनके प्लांट का निरीक्षण किया था। जिसके बाद उन्हें जमीन देने पर सहमति बन गई है। कंपनी को 200 एकड़ भूमि आवंटित की जाएगी। कंपनी दो चरणों में करीब छह हजार करोड़ का निवेश करेगी। पहला चरण दो वर्ष में पूरा होगा। एस्कॉर्ट्स कुबोटा कंपनी ट्रैक्टर और कृषि में इस्तेमाल होने वाली मशीनों का निर्माण करती है। यह फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियों में शुमार है। बताया गया कि कंपनी ने भी मौके पर आकर जमीन देख ली है। साथ ही जमीन का सर्वे और मिट्टी की गुणवत्ता भी जांच ली है। कृषि के साथ कंपनी कंस्ट्रक्शन से जुड़ी मशीनरी का उत्पादन करने की योजना तैयार कर रही है। कंपनी यहां पर कृषि मशीनरी लगाने के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेशों के किसानों को प्रशिक्षित भी करेगा।

## निखिल हवेलिया क्रेडाई पश्चिमी यूपी के बने सचिव

**ग्रेटर नोएडा,** 6 जून (देशबन्धु)। हवेलिया ग्रुप के प्रबंध निदेशक, निखिल हवेलिया, क्रेडाई पश्चिमी यूपी चैप्टर, के नए सचिव चयनित किए गए हैं। कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) द्वारा 2025-2027 के लिए नई नेतृत्व टीम का चुनाव किया गया। इससे पहले हवेलिया क्रेडाई एनसीआर के संयुक्त सचिव के पद पर थे। वह नवम्बर 2019 में स्किलिंग कमेटी और अप्रैल 2020 में श्रम कल्याण समिति के लिए क्रेडाई युवा विंग में उत्तर भारत प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने श्रम कल्याण समिति, क्रेडाई युथ विंग, के राष्ट्रीय प्रमुख के रूप में महामारी के दौरान गौतमबुद्ध नगर के लोगों के लिए ऑक्सीजन की व्यवस्था करने में स्थानीय प्रशासन की सहायता और समर्थन करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण

- **यमुना प्राधिकरण का इस साल 1.30 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य**

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सेक्टर-18 के पॉकेट 3डी के पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नागेंद्र प्रताप सिंह, कपिल सिंह और विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (वित्त) विशंबर बाबू, महाप्रबंधक (परियोजना) राजेंद्र भाटी, निदेशक (उद्यान) आनंद मोहन सिंह, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) वीरेंद्र सिंह सहित प्राधिकरण के अन्य अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय ग्रामवासी शामिल रहे।



इस अवसर पर बरगद, गुलमोहर, चंपा, अशोक आदि प्रजातियों के पौधे रोपे गए। प्राधिकरण ने वर्ष 2025-26 के लिए लगभग 1.30 लाख पौधे रोपने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जो पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र विस्तार की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। इस पहल के माध्यम से यमुना प्राधिकरण ने न केवल पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, बल्कि स्थानीय समुदाय को भी हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## दिल्ली वर्ड पब्लिक स्कूल में एनसीसी कैडेट्स ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, नॉलेज पार्क-तीन ग्रेटर नोएडा में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य विषय था सतत जीवनशैली और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन। इस अवसर पर लेंडिंग हैंड्स फाउंडेशन द्वारा एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने कचरा पृथक्करण, पुन:चक्रण और रचनात्मक पुन: उपयोग से संबंधित गतिविधियों में भाग लिया। इस संवादात्मक सत्र ने छात्रों को कचरा कम करने और संसाधनों के संरक्षण के महत्व को समझने में मदद की। विद्यालय की निदेशक कंचन कुमारी ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को पर्यावरण रक्षक बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि एक जागरूक और सशक्त बालक ही भविष्य का जिम्मेदार नागरिक बनता है। आइए, स्थिरता के बीज अभी से बोएं। प्रधानाचार्या डॉ. हीमा शर्मा ने छात्रों को दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में छोटे-छोटे लेकिन प्रभावशाली कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर छोटा प्रयास कचरा कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आइए, आज ही नहीं बल्कि हर दिन पृथ्वी की रक्षा का संकल्प लें। कार्यक्रम का समापन एनसीसी कैडेट्स द्वारा पौधारोपण के साथ हुआ, जो स्वच्छ और हरित भविष्य की ओर एक आशाजनक संकेत था।

## स्काई गार्डन सोसायटी के लोगों ने पौधारोपण कर स्वस्थ जीवन के लिए किया प्रेरित

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट के स्काई गार्डन सोसायटी में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विभिन्न औषधीय पौधे जैसेय तुलसी, शतावरी, करी पत्ता, एलोवेरा, मिंट व अजवाइन आदि का पौधारोपण किया गया। आधुनिक समय में अपने स्वास्थ्य को निरोग बनाए रखने के लिए हमें समग्र पर्यावरणीय



स्वास्थ्य को बनाए रखने और बढ़ाने की आवश्यकता है। ऐसे में हरेक व्यक्ति के प्रयासों से ही एक हरित और पर्यावरण के अनुकूल वातावरण की उम्मीद कर सकते है। पर्यावरण संरक्षण की अपनी वचनबद्धता को दोहराते हुए स्काई गार्डन सोसायटी की ये पहल लोगों में पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ एक बेहतर स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करता है।

## विशेष रूप से सक्षम बच्चों द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा की अलग-अलग सेक्टर और सोसायटियों में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निंबस रियल्टी ने सेतु फाउंडेशन के सहयोग से एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कंपनी की हाउसिंग प्रोजेक्ट साइट एक्सप्रेस पार्क व्यू-2, सेक्टर सीएचआई-पांच, यमुना एक्सप्रेस वे, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि इसमें विशेष रूप से सक्षम बच्चों ने भाग लिया और पर्यावरण को बचाने की दिशा में अपनी भागीदारी निभाते हुए करीब सौ पौधे लगाए। बच्चों ने पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और प्रकृति से जुड़ने का अनुभव लिया। इस मौके पर निंबस ग्रुप के सीईओ साहिल अग्रवाल ने कहा, हम मानते हैं कि पर्यावरण की सुरक्षा के साथ-साथ समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना ही हमारी असली जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों को उपहार भी भेंट किए गए और पर्यावरण को संरक्षित रखने की शपथ दिलाई गई।

## हॉस्टल से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा छात्र संदिग्ध अवस्था में लापता

**दनकौर,** 5 जून (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र में स्थित नोएडा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के हॉस्टल से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा एक छात्र संदिग्ध अवस्था में लापता हो गया। इस संबंध में हॉस्टल के वार्डन ने गुरुवार को कोतवाली मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

हॉस्टल के वार्डन अभिजेंद्र पेल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि हरियाणा के हिसार निवासी हर्ष गोयल इंस्टीट्यूट से एमबीबीएस की तीसरे वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। उनका कहना है कि बुधवार की दोपहर करीब 2: 30 बजे से वह अपने कमरे से लापता है। उनके साथ पढ़ाई करने वाले और कमरे में रहने वाली अन्य छात्रों ने मामले की जानकारी उनको दी। जिसके बाद उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक किया तो वह हॉस्टल के गेट से बाहर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। उनका कहना है कि उसका एक मोबाइल तो कमरे में मिला है। उसका जबकि दूसरा स्विच ऑफ जा रहा है। इस संबंध में उसके परिजनों को भी मामले की जानकारी दी है। साथ ही गुरुवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस से मामले की शिकायत की है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। जल्द ही गायब छात्र का पता लगा लिया जाएगा।

## निर्माणाधीन बेसमेंट की दीवार गिरने से तीन की मौत, दो घायल



**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। ईकोटेक प्रथम थाना क्षेत्र के अंतर्गत आसरा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बेसमेंट में निर्माण कार्य के दौरान एक दीवार गिरने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में पांच लोग घायल हुए, जिनमें से तीन की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतकों में अनीता (32 वर्ष, पत्नी कालका प्रसाद, निवासी सिरसी, महोबा), मालती (34 वर्ष, पत्नी पुष्पेंद्र, निवासी मकरबई, महोबा) और पुष्पेंद्र (40 वर्ष, पुत्र झल्लू, निवासी मकरबई, महोबा) शामिल हैं। घायलों में धीरेंद्र कुमार (32 वर्ष, निवासी ननोरा, महोबा) और उमेश (35 वर्ष, निवासी ककोड़, बुलंदशहर) का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही ईकोटेक प्रथम और कासना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले में संबंधित ठेकेदार को हिरासत में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी की संभावना जताई जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है, और मृतकों व घायलों के परिजन मौजूद हैं। यह हादसा निर्माण स्थलों पर सुरक्षा उपायों की कमी को उजागर करता है। स्थानीय लोगों और श्रमिक संगठनों ने मांग की है कि निर्माण कंपनियों पर सख्त नियम लागू किए जाएं और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, और घायलों के इलाज पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## फोर्टिस अस्पताल ने चलाया पौधारोपण अभियान



**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने एक विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन किया। इस पहल के तहत हॉन्डा चौक से गोलचक्कर तक फैले ग्रीन बेल्ट में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। जिनसे पर्यावरण को शुद्ध बनाने में मदद मिल सके। सीईओ, फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा, डॉ. प्रवीण ने इस अवसर पर कहा कि हम मानते हैं कि इंसानी सेहत और पर्यावरण का गहरा रिश्ता है। प्रदूषण पर्यावरण से लोगों में विभिन्न प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। ऐसे में ग्रीन बेल्ट की देखरेख और पौधारोपण कार्यक्रम इस संकट को मिटने का एक हिस्सा है। हमारा मकसद है कि ग्रेटर नोएडा को हराभरा और सेहतमंद बनाया जाए। अस्पताल के इस प्रयास को स्थानीय लोगों का भी साथ मिला।

## इंडिया बायोफ्यूल मीट का जोश व उत्साह के साथ समापन

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित इंडिया बायोफ्यूल मीट 2025 का समापन गुरुवार को सफलतापूर्वक हुआ, कार्यक्रम के दौरान भारत के तेजी से विकसित होते बायोफ्यूल सेक्टर में इनोवेशन्स, कारोबारों के अवसरों पर रोशनी डाली गई, साथ ही प्रभावी विचारों का आदान-प्रदान भी हुआ। सम्मेलन में उद्योग जगत के विशेषज्ञों, सरकारी प्रतिनिधियों, स्टार्ट-अप्स एवं मुख्य हितधारकों ने हिस्सा लिया तथा स्थायी उर्जा एवं हरित विकास के भविष्य पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत सरकार में एमएसएमई मंत्रालय के डायरेक्टर डॉ. आरके भारती तथा बांग्लादेश हाई कमीशन की काउन्सलर मिस काकोली



साहा द्वारा किया गया। इस मंच ने बायोफ्यूल सेक्टर एवं एमएसएमई सशक्तीकरण में बढ़ते क्षेत्रीय सहयोग तथा सरकार के सक्रिय सहयोग पर रोशनी डाली। सेमिनार में 30 से अधिक विचारकों और प्रवक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर विचार साझा किए। बायोफ्यूल मूल्य श्रृंखला से 100 से अधिक उच्च स्तरीय प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। 200 से अधिक प्रदर्शक और 20000 से अधिक खरीदार एवं आगंतुक समवर्ती प्रदर्शनियों में हिस्सा लिया। सम्मेलन में बायोफ्यूल सेक्टर में उभरे रूझान एवं इनोवेशन्स, फीडस्टॉक की उपलब्धता और बाय-प्रोडक्ट्स के अवसर, सरकारी सब्सिडी एवं नीतिगत ढांचे, एमएसएमई के लिए मुनाफा एवं पैमाना बढ़ाने के अवसर, नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर में प्रभावी मार्केटिंग एवं बिजनेस मॉडल्स पर चर्चा की गई।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम रौनीजा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 517/एस.टी.-एस.डी.एम./2024 दिनांक 15.07.2024 के अनुसार मृतक मान सिंह पुत्र लीला की मृत्यु दिनांक 10.10.2016 को हो चुकी है। जिनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है -

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रौनीजा | 554 | श्री मान सिंह पुत्र लीला निवासी ग्राम रौनीजा, तहसील जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर। | मंटूरी | भाई | 70 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम अन्तर धनराशि दिये जाने संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय

209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें

खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता

फोन:- 0120-4270009



पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें

क्षेत्रिय कार्यालय रबूपुरा

Mob: 9411492655



Shiv Mahima Enterprises

सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता

Mob.: 9910280173

Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

रायपुर, शुक्रवार 6 जून 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## एक और भगदड़, अब जनता ही सावधान रहे

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) का स्वागत कार्यक्रम एक बड़े हादसे का शिकार हो गया। एक तरफ स्टेडियम के भीतर जश्न चल रहा था और दूसरी तरफ स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ उमड़ी थी, जिसे संभालने में पुलिस नाकाम रही और नतीजा भगदड़ के रूप में सामने आया। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई। बताया जा रहा है कि 30-35 हजार की क्षमता वाले स्टेडियम में समाने के लिए करीब ढाई-तीन लाख लोग आ गए थे। इस घटना ने एक बार फिर भारत में बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की गंभीर समस्या को उजागर किया है। इससे पहले इसी साल महाकुंभ, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन और उससे पहले हाथरस में ऐसी ही भगदड़ें हुई थीं, जिनमें बड़ी संख्या में मौतें हुईं। इन मौतों का सही आंकड़ा कभी सामने नहीं आता, कभी यह पता नहीं चल पाता कि दोषियों की शिनाख्त हुई या नहीं, उन्हें सजा मिली या नहीं और न ये पता लगता है कि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई नीति बनाई जाएगी या नहीं। अगर ऐसा होता तो हर दो-चार महीने में भगदड़ के हादसे नहीं होते।

दरअसल हिंदुस्तान में आम आदमी की जान की कोई कीमत ही नहीं रह गई है। बाढ़, बारिश, लू, ठंड, कुपोषण, इलाज न मिलना, सड़क हादसे, भगदड़ वजह कोई भी हो सकती है, लेकिन हर साल ऐसे ही किसी बहाने की आड़ में सैकड़ों जिंदगियां अकाल मौत का शिकार होती हैं। ऐसी मौतों पर सरकारों को कितना अफसोस होता है, यह तो कहा नहीं जा सकता, अलबत्ता इन पर राजनीति खूब होती है। शायद इसलिए इन्हें रोकने की कोई कोशिश भी नहीं होती। वर्ना बाढ़, बारिश, गर्मी सबकी भविष्यवाणी पहले से मौसम विभाग कर देता है, तो सरकारें उस हिसाब से व्यवस्था कर सकती है ताकि लोगों को कम से कम तकलीफ हो। इसी तरह अस्पतालों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों पर व्यवस्था चाक-चौबंद करके हादसों को रोका जा सकता है। अब तो आपदा प्रबंधन विभाग भी है। लेकिन फिलहाल देश में आपदा प्रबंधन आग लगने पर कुआं खोदने की तर्ज पर काम करता है।

बंगलुरू मामले में गनीमत इस बात की है कि यहां कांग्रेस की राज्य सरकार मुंह छिपाती नहीं फिर रही है। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सब मीडिया के सामने आकर अपनी बात कह रहे हैं, अस्पतालों में पीड़ितों से मिल रहे हैं। जबकि हाथरस और प्रयागराज में महाकुंभ में हुई भगदड़ में भाजपा सरकार का रवैया बिल्कुल उलट रहा। महाकुंभ में तो असल में कितने लोगों की मौत हुई और कितनी भगदड़ मची, यह भी अब तक स्पष्ट नहीं है। अलबत्ता इस बार भाजपा को कांग्रेस सरकार को घेरने का मौका मिल रहा है, तो वह जरा सी कसर नहीं छोड़ रही। राज्य सरकार पर घोर लापरवाही के इल्जाम लगाए जा रहे हैं, इस्तीफा मांगा जा रहा है। लोकतंत्र में विपक्ष का रवैया बिल्कुल ऐसा ही होना चाहिए, साथ ही जनता की जान को एक जैसा ही कीमती समझना चाहिए। बहरहाल, इस मामले में बैंगलोर हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर गुरुवार को सुनवाई की थी, जिसमें सरकार का पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने कहा कि राज्य सरकार कोई प्रतिकूल रुख नहीं अपना रही है, इसलिए इसे एक दूसरे पर कीचड़ उछालने वाली बात नहीं करनी चाहिए, हमारा ध्यान घटना की जांच करने और कार्रवाई करने पर है। अदालत जो आदेश देगी हम उस अनुसार काम करने को तैयार हैं। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब इस तरह की घटनाएं होती हैं तो एक एसओपी यानी मानक प्रक्रिया होना चाहिए। अदालत ने कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन और आरसीबी दोनों को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई अब संभवत: मंगलवार को होगी।

फिलहाल सरकार और आरसीबी ने पीड़ितों के लिए अलग-अलग मुआवजे का ऐलान कर दिया है। लेकिन एक शाश्वत सवाल है कि क्या चंद लाख रुपयों से जो जानें गई हैं, वो क्या वापस आ जाएंगी। असली मुआवजा तो वही होगा जब ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मगर जिस तरह इस मामले को राजनैतिक हिसाब-किताब चुकता करने का जरिया बनाया जा रहा है, उसमें अच्छाई की उम्मीद नहीं दिखती।

अब इस देश की जनता को विचार करना होगा कि आखिर वह कब तक अकारण जान दांव पर लगाती रहेगी। आरसीबी ने पहली बार आईपीएल का खिताब जीता, बहुत अच्छी बात है। लेकिन यह बात मैच खत्म होने और विजेता की ट्राफी मिलने के साथ ही खत्म भी हो जानी चाहिए। मगर मीडिया, सोशल मीडिया इन सबके बनाए चकाचौंध वाले माहौल में आम आदमी अपनी सुधबुध खोकर वही करने लगता है, जो ये चाहते हैं, जिनसे इन्हें मुनाफा होता रहे। विजेता टीम को खुली बस में घुमाना, जीत की परेड निकालना, उनके स्वागत में जश्न रखना, इन सबमें खिलाड़ियों, टीमों और उनके प्रायोजकों को भारी-भरकम कमाई होती है। आईपीएल जैसे विशुद्ध व्यावसायिक आयोजन में तो कोई भी टीम हारे या जीते कमाई हर हाल में होती है। पर्दे के पीछे बैठे कारोबारी हर ओवर पर अरबों की कमाई करते हैं। ये वही लोग होते हैं जो करोड़ों में खिलाड़ियों को खरीदते हैं, फिर उनसे जुड़े किसी भावनात्मक पहलू को लेकर माहौल बनाते हैं। जैसे अभी विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया तो इस बार उनका माहौल बना था और इसलिए आरसीबी की जीत में विराट नायक की तरह पर्दे पर पेश किए गए। आईपीएल के कर्ता-धर्ता जानते हैं कि विराट की प्रसिद्धि से मुनाफा कैसे कमाया जा सकता है। उन्होंने मुनाफा कमा लिया, 11 लोगों ने अपनी जान से हाथ धोया और विराट कोहली यह कहकर चलते बने कि उनके पास कहने के लिए शब्द नहीं हैं।

कम से कम जनता से इतनी अपील ही कर देते कि आगे से ऐसे आयोजनों में जान जोखिम में डालकर शामिल न हो, कम से कम नेताओं से अपील कर देते कि इस हादसे पर न्याय दें, राजनीति न करें। लेकिन विराट कोहली के पास शब्द नहीं हैं, और अरबों की कमाई करने वाले उन जैसे खिलाड़ियों का भी यही हाल होगा, दरअसल इनके पास शब्दों नहीं हिम्मत का अकाल है। खैर अब जनता को ही विचार करना चाहिए कि अपना धन और अपनी जान दोनों देकर भी उसे आखिर में क्या हासिल हो रहा है।

# सीडीएस-सीजेआई के विदेशी धरती पर महत्वपूर्ण बयान



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> **भारत के सीडीएस चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को स्वीकार करते हुए कहा कि सामरिक गलतियों के कारण हवाई संपत्तियों का शुरुआत में नुकसान हुआ, लेकिन स्थिति को जल्दी ही संभाल लिया गया। जनरल ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 15 फ़ीसदी समय फ़र्ज़ी खबरों से निपटने में लगा।**

हम अक्सर नेताओं के भाषण सुनते हैं जिनमें लगभग सभी का यही दावा होता है कि वे जो कह रहे हैं वही जनता के हित में है। अवसर मिलते ही वे हर मुद्दे पर बोलते हैं। फिर चाहे उस मुद्दे पर इनका ज्ञान लगभग शून्य ही क्यों न हो। ऐसे में देखा गया है कि विशेषज्ञ और बड़े पदों पर बैठे बुद्धिमान और ज़िम्मेदार दिमाग ज़्यादातर चुप्पी साध लेते हैं क्योंकि वे जब भी बोलते हैं सत्ता के पिट्ठू या तो समझ नहीं पाते या फिर उन्हें इस तरह घेरते हैं जैसे उन्होंने कोई देश विरोधी बात कह दी हो, गुनाह कर दिया हो। वही घिसे-पिटे चेहरे टीवी चैनलों पर आकर उन्हें दोषी ठहराने लगते हैं। कई गंभीर मुद्दे यहां 'ऐलिस इन वंडरलैंड' की तरह खो जाते हैं। सियासी दलों को भले ही तुरंत लाभ मिल जाता है लेकिन देश हित में कोई सार्थक विचार कभी आगे नहीं बढ़ पाते। शायद यही वजह है कि विशेषज्ञ देश के भीतर कुछ बोलने में हिचकते हैं लेकिन जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलने का अवसर मिलता है तो वे बेहद सधे हुए ढंग से अपनी बात रखते हैं क्योंकि बड़े मंचों पर आप केवल 'पॉलिटिकली मोटिवेटेड+ नहीं हो सकते। वहां आप अपने विषय के विशेषज्ञ हैं। इस सप्ताह देश के दो बड़े ओहदों से देश के बाहर से ज़रूरी बातें सामने आई हैं जिसे सबको सुनना चाहिए। ये दो आवाज़ें हैं-भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और चीफ़ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की।

भारत के सीडीएस चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को हुए नुकसान को स्वीकार करते हुए कहा कि सामरिक गलतियों के कारण हवाई संपत्तियों का शुरुआत में नुकसान हुआ, लेकिन स्थिति को जल्दी ही संभाल लिया गया। जनरल ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में 15 फ़ीसदी समय फ़र्ज़ी खबरों से निपटने में लगा। सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग में बोलते हुए जनरल ने कहा कि- भारत की रणनीति तथ्यों पर आधारित रही, फिर भले ही जवाब देने में थोड़ी देरी हुई हो। उन्होंने कहा कि इससे साफ होता है कि भारत को सूचना युद्ध (इनफार्मेशन वारफेयर ) के लिए एक अलग और विशेष शाखा की जरूरत है। जनरल चौहान ने कहा कि आर्थिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो बिना लड़ाई के लंबे समय तक सेना को तैनात करना बहुत महंगा पड़ता है। इसलिए भारत ऑपरेशन के बाद जल्दी से डिसइंगेज कर लेता है। लंबे युद्ध देश के विकास में बाधा डालते हैं और यह बात दुश्मन भी जानता है। जनरल चौहान ने शनिवार (31 मई) को सिंगापुर में आयोजित शांगरी-ला डायलॉग में ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर जो बातचीत की उसे ऑपरेशन सिंदूर पर दी गई बेहद दुर्लभ लेकिन आधिकारिक जानकारी माना गया है। अजीब यह है कि ऐसे संवाद अब देश के भीतर सुनने को नहीं मिलते, जैसे कोई सुनियोजित ढंग से इसे ख़त्म करना चाह रहा हो।

**उनकी तीन खास बातों में पहल.**

दिन भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान खोने का ज़िक्र भी था। जनरल चौहान ने पहली बार यह स्वीकार किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली रात भारतीय वायुसेना के कुछ लड़ाकू विमान नष्ट हो गए थे। उन्होंने इन 'प्रारंभिक नुकसानों' के लिए रणनीतिक चूक को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कितने विमान गिरे थे। उन्होंने पाकिस्तान के उस दावे को 'पूरी तरह ग़लत' कहा जिसमें छह भारतीय फाइटर जेट्स को मार गिराने की बात कही गई थी। जनरल चौहान ने ज़ोर दिया कि संख्या नहीं, बल्कि यह समझना ज़रूरी है कि ये नुकसान क्यों हुए और उनसे कैसे सबक लिया गया। इन नुकसानों के बाद, भारतीय वायुसेना ने लगभग दो दिन तक अपने सभी फाइटर जेट्स की उड़ानें रोक दी थीं। इस दौरान रणनीति की समीक्षा की गई और सुधार किए गए। ब्लूमबर्ग से बातचीत में जनरल चौहान ने कहा, 'हमने यह समझा कि हमने किस स्तर पर टैक्टिकल गलती की थी। उसे ठीक किया, उसमें सुधार किया और दो दिन बाद फिर से सभी विमान उड़ाए और लंबी दूरी से लक्ष्य साधा।' इस रणनीतिक विराम से वायुसेना को फिर से संगठित करने और पाकिस्तान के भीतर गहराई तक सटीक हमले करने का मौका मिला। एक और बात जिससे पाकिस्तान को 'कट्टर दुश्मन' बताने का भारतीय मीडिया का नैरेटिव ख़राब होता है, वह भी जनरल चौहान ने कही कि तनावपूर्ण स्थिति के बावजूद दोनों देशों ने संयम और समझदारी दिखाई। किसी भी पक्ष ने स्थिति को परमाणु युद्ध की ओर नहीं बढ़ने दिया। रॉयटर्स से बातचीत में उन्होंने कहा,- 'ऑपरेशन सिंदूर के हर चरण में दोनों पक्षों ने सोच-समझकर और जिम्मेदारी से कदम उठाए।' उन्होंने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना को 'बहुत दूर की बात' कहकर खारिज किया और यह भी बताया कि दोनों देशों के बीच संवाद के रास्ते खुले रहे, जिससे संकट को नियंत्रित किया जा सका।

होना तो यह चाहिए था कि इन गंभीर बातों को गंभीरता से लिया जाता लेकिन देश के ज़िम्मेदारों की रुचि तो तीनों सेना प्रमुखों को आईपीएल मैच देखने के लिए न्यौता देने में (जिसे स्वीकार नहीं किया गया) रही, कर्नल सोफ़िया कुरैशी के परिवार से सरकार पर फूल बरसवाने में और मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री की सुनें तो यह बताने में रही कि 'देश की सेना भी हमारे नेता के चरणों में नतमस्तक है।' अफ़सोस कि देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रतिबद्धता के साथ जीने वालों की शान के ख़िलाफ़ आए इस बयान पर कोई सशक्त प्रतिकार सत्ता पक्ष की ओर से नहीं आता। बहरहाल जनरल चौहान की टिप्पणियों के बाद अब मोदी सरकार से यह मांग उठनी शुरू हो गई है कि ऐसे संवेदनशील मामलों पर आधिकारिक रूप से और ज़्यादा पारदर्शिता बरती जाए, क्योंकि यह अहम खुलासे देश के बाहर, विदेशी धरती पर किए गए थे। वैसे शांगरी-ला डिफ़ेंस कॉन्फ्रेंस प्रमुख देशों के रक्षा मंत्रियों का सम्मलेन भी है। सवाल ये भी हैं कि हमारे रक्षा मंत्री क्यों नहीं गए? जवाब मिलने चाहिए कि जो नुकसान हुआ वह राफेल का था या किसी और फाइटर जेट का, क्या पाकिस्तान को पहले सूचना देने का भी इस हानि से कोई ताल्लुक है; और जब सीडीएस खुद मान रहे हैं कि चूक हुई है तब क्या भारत ने पाकिस्तान के पास मौजूद चीनी मिसाइलों को अनदेखा किया और क्या यह भी एक चूक ही कही जाएगी कि भारत ने मान लिया कि बालाकोट की तरह इस बार भी पाकिस्तान चुप रहेगा? जो तात्कालिक नुक़सान साफ़ दिख रहा है वह यह है कि दुनिया अब भारत-पाकिस्तान को एक पलड़े पर रखती हुई नज़र आ रही है।

विदेशी धरती से दूसरी बड़ी आवाज़ भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई की सुनाई दी है जो मंगलवार को लंदन में आयोजित ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट की चर्चा में भाग ले रहे थे। उन्होंने रिटायरमेंट के बाद जजों की सरकारी पदों पर नियुक्ति और चुनाव लड़ने को लेकर कहा कि ये गंभीर नैतिक चिंताएं हैं। उन्होंने कहा- 'अगर कोई जज रिटायरमेंट के तुरंत बाद सरकार से कोई पद लेता है या चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दे देता है तो उससे कई सवाल खड़े होते हैं। लोग सोचते हैं कि न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं है। उन्हें लगता है कि जज सरकार से फायदा लेने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह की चीज़ें न्यायपालिका की ईमानदारी पर सवाल उठाती हैं। लोगों को लगता है कि जजों ने भविष्य में पद पाने के लिए फैसले दिए थे।' दरअसल 2014 से, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एस. अब्दुल नज़ीर (आंध्र प्रदेश के राज्यपाल नियुक्त) और न्यायाधीश रंजन पी. गोगोई (राज्यसभा में नियुक्त) को सेवानिवृत्ति के बाद हाई प्रोफ़ाइल पद मिले। कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने पद से इस्तीफ़ा देकर भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ा और आज सांसद हैं। ऐसे मामलों से इस बात पर बहस होती है कि क्या ये नियुक्तियां न्यायिक अखंडता से समझौता नहीं करतीं, जिसकी ओर सीजेआई साफ इशारा करते हैं? इस चर्चा में उन्होंने न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और कदाचार की बात भी कही थी। हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं जिनके दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। विडंबना ही है कि देश के विशेषज्ञ बाहर अपनी बात तर्कसंगत होकर समझाते हैं और देश के भीतर हम मजबूर किए जाते हैं नकली बहस और कुतर्की बयान सुनने के लिए।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# रूस से आयात में भारी कटौती के लिए अमेरिका का भारत पर दबाव

■ अंजन रॉय

भारत द्वारा रूसी हथियारों और शस्त्रों की खरीद 'अमेरिका को परेशान करती है'। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के अनुसार, यह भारत-अमेरिका संबंधों में एक परेशानी है।

इतना कहने के बाद, यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि भारत विविध संपत्तियों वाला एक बड़ा देश है, विशेष रूप से इसके प्रतिभाशाली लोग जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में सक्षम हैं। वाशिंगटन, डीसी में भारतीय टीवी नेटवर्क, एएनआई के साथ बात करते हुए अमेरिकी वाणिज्य सचिव लुटनिक ने अमेरिकी विचारों को स्पष्ट किया।

लुटनिक ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पहली प्राथमिकता उन्नत विनिर्माण में अमेरिका फर्स्ट है। हालांकि, इसके अलावा अमेरिका के पास मित्रों और सहयोगियों के साथ सहयोग के कई क्षेत्र खुले हैं, जिन्हें भारत द्वारा खोजा जा सकता है। लुटनिक ने बताया कि विनिर्माण के इन उच्चतम तकनीक और उन्नत क्षेत्रों में से कुछ को अमेरिका द्वारा एक सुविचारित नीति के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है।

> **विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभ ही लाभ संभव है। वाणिज्य सचिव लुटनिक जिस बात का जिक्र कर रहे थे, उसके पीछे कुछ तर्क और दृष्टिकोण है।**

विनिर्माण के उस विशिष्ट समूह के बाहर भारत के लिए विनिर्माण का एक बहुत बड़ा क्षेत्र खुला है, जिसका वह दोहन कर सकता है और देश इन उत्पादों के साथ अमेरिकी बाजार तक पहुंच सकता है। औद्योगिक सहयोग के इन क्षेत्रों में दोनों देशों के लिए लाभ ही लाभ संभव है।

वाणिज्य सचिव लुटनिक जिस बात का जिक्र कर रहे थे, उसके पीछे कुछ तर्क और दृष्टिकोण है। आम अमेरिकियों की खपत की जरूरतों को पूरा करने वाले 90पतिशत से अधिक सामान्य माल की आपूर्ति वर्तमान में चीन द्वारा की जा रही थी। इसके परिणामस्वरूप अमेरिका के मुकाबले चीन का व्यापार अधिशेष बहुत अधिक हो रहा था।

डोनाल्ड ट्रंप की नीति के तहत, अमेरिका इस असंतुलन को ठीक करने और इन क्षेत्रों के लिए वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने की कोशिश कर रहा है। यह अमेरिकी रणनीति का हिस्सा है और देश को भारत को एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरते हुए देखकर खुशी होगी।

दूसरी ओर, अमेरिकी वाणिज्य सचिव ने सहजता से कहा कि यूक्रेन पर मौजूदा शत्रुतापूर्ण स्थिति के संदर्भ में यदि भारत रूस से अपने सभी हथियारों की खरीद जारी रखता है तो इससे भारतीय वस्तुओं की खरीद नीति निर्माताओं के बीच भारत के प्रति प्रतिकूल भावनाएं पैदा करेगी।

अमेरिका के लिए सबसे ज़्यादा परेशान करने वाली बात सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली - तथाकथित एसएएम-400 की खरीद थी, जो पहलगाम में आतंकवादी हमले की घटना को लेकर भारत-पाक टकराव में बेहद मूल्यवान साबित हुई थी। भारत देश में एसएएश-400 मिसाइल प्रणाली का एक और सेट तैनात करने की योजना बना रहा है।

आतंकवादी हमले पर हालिया विवाद से ठीक पहले भारत ने धीरे-धीरे रक्षा उपकरणों और हथियार प्रणाली की खरीद में विविधता ला दी है, जिसमें अमेरिकी हार्डवेयर की खरीद भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत ने अमेरिकी प्रणालियों और हथियारों की खरीद शुरू की है।

भारत और अमेरिका के बीच सहयोग का एक और क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हो सकता है। उन्नत एआई सिस्टम भारतीय और अमेरिकी विशेषज्ञों के बीच मिलकर बनाये जा सकते हैं और इससे बहुत फ़ायदा होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि इन क्षेत्रों में भारतीय दक्षता की आम तौर पर सराहना की जाती है और इनका उपयोग दोनों देशों के लाभ के लिए किया जा सकता है।

वास्तव में, राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपने 'पारस्परिक टैरिफ की घोषणा के बाद, भारत और अमेरिका ने व्यापार वार्ता में भाग लिया है। वर्तमान में केवल कुछ ही देश गंभीर और बहुत आगे बढ़कर व्यापार वार्ता कर रहे हैं, और भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है। अमेरिका जापान के साथ इसी तरह की व्यापार वार्ता कर रहा है और दक्षिण कोरिया भी इसी तरह की वार्ता कर रहा है।

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता कम समय में पूरी हो सकती है। आम तौर पर, एक व्यापार वार्ता कम से कम दो साल तक चलती है, क्योंकि कई नाजुक और जटिल मुद्दों को सुलझाना होता है। फिर भी, अफवाहों के अनुसार, इन्हें कुछ महीनों की अवधि में ही समेट दिया जा रहा है।

अंदरूनी जानकारी से संकेत मिलता है कि अगर विनिर्माण गतिविधियों को इस तरह से व्यवस्थित किया जा सके तो भारत-अमेरिका व्यापार कारोबार कम समय में 500अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। हालांकि, भारत को इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भूमि और श्रम बाजारों के सुधारों जैसे कुछ बड़े आंतरिक सुधारों की आवश्यकता होगी।

फिर भी इन सुधारों को लागू करना आसान नहीं है। ये मूल रूप से एक लोकतांत्रिक और संघीय ढांचे में घरेलू राजनीतिक मुद्दे हैं। इसके लिए विभिन्न राज्यों में सत्तासीन प्रमुख राजनीतिक दलों और केंद्र के बीच लंबी बातचीत की आवश्यकता हो सकती है, और यहीं पर समस्या है।

आशाजनक संकेत यह है कि कुछ राज्य इन बाध्यताओं के बारे में बढ़ती जागरूकता दिखा रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि जो राज्य इन बाध्यताओं के प्रति सजग हैं, वे स्पष्ट प्रगति कर रहे हैं, जबकि जो राज्य अपनी कट्टर राजनीतिक स्थिति में अड़े हुए हैं, वे पिछड़ रहे हैं। इससे देश के भीतर प्रगतिशील और प्रतिगामी राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा हो सकती है जो विकास के लिए संयुक्त मार्ग निर्धारित कर सकती है।



## ललित सुरजन की कलम से

### स्थानीय स्वशासन कितना सार्थक?

*'सिंहदेवजी ने एक दिन कहा कि चुनाव के समय दूरदराज के मतदाता भी रातभर अपनी झोपड़ी की फटकी को आधा खुला रखते हैं और ढिबरी जलने देते हैं। यह बताने के लिए कि हम जाग रहे हैं, प्रतीक्षा कर रहे हैं, मतदान के पहले जो देना हो दे जाओ। मतलब यह कि चुनावों के समय उम्मीदवार अगर साड़ी, शराब, रुपया बांट रहे हैं तो उसे लेने से वे इंकार नहीं करते, फिर भले ही वोट किसी को भी दें। इतना तय है कि जिसने कुछ नहीं दिया उसे वोट पाने की उम्मीद भी नहीं करना चाहिए।'*

*'यह किस्सा इसलिए ध्यान में आया क्योंकि रायपुर नगर निगम के चुनाव में ही मुझे यहां-वहां से बहुत सारी खबरें सुनने मिलीं। मसलन, जुलूस निकालने और पर्चियां बांटने का रेट दो सौ-ढाई सौ रुपए प्रतिदिन था, भाजपा के उम्मीदवारों ने गरीब बस्तियों में तीन-तीन सौ रुपया बांटे, तो कांग्रेसियों ने दो सौ। कहीं-कहीं पांच सौ रुपए तक बांटने की खबरें आईं। चेपटी याने देशी दारू के पाउच तो बांटे ही गए। इस बार कुछ उम्मीदवारों ने अक्ल का परिचय देते हुए पैसा ब्राह्म मुहूर्त में बांटा जब विरोधी भी सोए हों, रात को जब पकड़े जाने की आशंका न हो। एम्बुलेंस गाडि़यों का उपयोग भी इस वितरण के लिए किया गया जिन पर सामान्यत: शंका नहीं होती और कई जगह पुलिस वालों ने देखकर भी नहीं देखा। जो रायपुर में हुआ वही अन्यत्र भी हुआ होगा। जब ये हाल हैं तो आने वाले दिनों की तस्वीर क्या होगी? इसकी कल्पना करना कठिन नहीं है। जो राजनीतिक कार्यकर्ता स्थानीय चुनावों में ऐसे पाठ पढ़ा रहे हैं उनका भविष्य कितना उज्जवल होगा इसका भी अनुमान किया जा सकता है।'*

**(देशबन्धु में 1 जनवरी 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/

## पावन प्रसंग

### ईद-उल-अज़हा : कुर्बानी का त्योहार और इसकी सामाजिक व समकालीन उपयोगिता

ईद-उल-अज़हा, जिसे ईद-ए-कुर्बान भी कहा जाता है, इस्लामी कैलेंडर का एक बेहद महत्वपूर्ण और पाक अवसर है। यह न केवल हज़रत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) की आज्ञा पालन और वफ़ादारी की याद दिलाता है, बल्कि इसमें त्याग, दानशीलता, सामाजिक सहानुभूति, और रूहानी तर्बियत का एक मुकम्मल पैग़ाम भी छुपा होता है। यह त्योहार हमें सिर्फ जानवर ज़बह करने का नहीं बल्कि ज़िन्दगी के हर पहलू में कुर्बानी, सब्र और ज़िम्मेदारी अपनाने की तालीम देता है।

क़ुर्बानी की असल रूह-हज़रत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) का अमल हमें यह सिखाता है कि एक मोमिन इंसान को अपनी सबसे अज़ीज़ चीज़ भी अल्लाह की राह में देने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह ईमानदारी और फ़रमानबरदारी की बेहतरीन मिसाल है, जो न सिर्फ़ हमारी ज़ाति ज़िन्दगी बल्कि पूरे समाज पर असर डालती है।

'अल्लाह तक न उनका गोश्त पहुंचता है और न खून, बल्कि तुम्हारा तक़्वा पहुंचता है।'

-(सूरह अल-हज्ज: 37)

सामाजिक समानता और सहानुभूति: ईद-उल-अज़हा हमें यह एहसास दिलाती है कि ख़ुशी और नेमतों पर हर इंसान का हक़ है — चाहे वो अमीर हो या ग़रीब। जब क़ुर्बानी का गोश्त तीन हिस्सों में तक़सीम किया जाता है— तो यह सिर्फ़ एक रस्म नहीं बल्कि सामाजिक इंसाफ़ और भाईचारे की एक ज़िंदा मिसाल होती है।

पर्यावरणीय पहलू- आज के दौर में कुर्बानी के मौक़े पर माहौलियाती हिफ़ाज़त एक अहम मुद्दा बन चुका है।

जानवरों के ज़बह के बाद उनका फुज़ला, खून, खाल वग़ैरह अगर सही तरीक़ेसे नहीं निपटाया गया, तो यह माहौल को गंदा और नुक़सान पहुंचा सकता है।

इस्लाम हमें सिखाता है: सफ़ाई आधा ईमान है। इसलिए ज़रूरी है कि हम क़ुर्बानी करते हुए ऐसी जगहों और तरीक़ों को अपनाएं जहां शरई उसूलों का भी ख़याल रखा जाए और माहौल की भी हिफ़ाज़त हो।-

कुर्बानी में अनुशासन ईद-उल-अज़हा के दिन लाखों जानवरों की कुर्बानी एक बड़ा और मुनज़्ज़म अमल होता है। इसमें नज़्म-ओ-ज़ब्त, वक़्त की पाबंदी, सफ़ाई का ख्याल, और दूसरों के जज़्बात का एहतेराम शामिल होना चाहिए।

जानवर का सही चुनाव, ज़बह का तरीका, गोश्त की तकसीम—सब कुछ शरीअत के मुताबिक़ हो। बिना जानकारी क़ुर्बानी, गंदगी फैलाना, या दिखावा करना इस इबादत की रूह के ख़िलाफ़ है।

आधुनिक दौर में क़ुर्बानी का मतलब- आज के दौर में क़ुर्बानी सिर्फ़ जानवर के ज़बह तक महदूद नहीं रहनी चाहिए। हमें इस रूह को अपनी ज़िन्दगी में भी अपनाना होगा: वक़्त की क़ुर्बानी दूसरों के लिए, माल की क़ुर्बानी ज़रूरतमंदों के लिए, अना की क़ुर्बानी रिश्तों की भलाई के लिए, और ख्वाहिशों की क़ुर्बानी अल्लाह की रज़ा के लिए।

अगर हम सिर्फ़ एक दिन गोश्त बांट कर पूरे साल बे-परवाह रहें, तो क़ुर्बानी का असल मक़सद खो जाएगा। ईद-उल-अज़हा हमें सिखाती है कि असली क़ुर्बानी वही है जो इख़लास, नियत, और इंसानियत की भलाई के साथ हो। यह एक ऐसा मौक़ा है जब हम न स्रिर्फ अल्लाह की रज़ा हासिल करते हैं, बल्कि समाज में सहानुभूति, साफ़-सफ़ाई, अनुशासन, और पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी फैलाते हैं।

अगर हम इस त्योहार की असल रूह को समझकर उस पर अमल करें, तो यह हमारे समाज में त्याग, बराबरी, भाईचारा, और शऊर की बेदारी का सबब बन सकता है।

-नुजहत सुहैल पाशा

## आपके पत्र

### शिक्षा का उज्वल चेहरा: मिजोरम से क्या सीख सकते हैं हम!

जब भारत के कई राज्य अब भी शिक्षा के बुनियादी लक्ष्यों को छूने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे समय में मिजोरम ने इतिहास रच दिया है। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं, बल्कि वह मशाल है, जो देश के लिए दिशा और प्रेरणा दोनों बन सकती है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2023-24 के अनुसार, मिजोरम ने 98.2 प्रतिशत की साक्षरता दर के साथ 'पूर्ण साक्षरता' का गौरव प्राप्त कर लिया है और इसी के साथ यह भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां हर दस में लगभग दस व्यक्ति पढ़ना-लिखना जानते हैं। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि उस सामाजिक चेतना, प्रतिबद्ध प्रशासन और शिक्षकों की नि:स्वार्थ भागीदारी की गाथा है, जिसने शिक्षा को अधिकार नहीं, ज़िम्मेदारी माना। अक्सर हाशिए पर रखे जाने वाले उत्तर-पूर्वी राज्यों में से एक, मिजोरम ने दिखा दिया है कि विकास केवल संसाधनों पर नहीं, संकल्प और सहभागिता पर निर्भर करता है। शिक्षा को लेकर यह राज्य जिस प्रकार आगे बढ़ा है, वह भारत की समग्र शिक्षा नीति पर एक मौन प्रश्नचिह्न भी है कि जो छोटे और संसाधन-वंचित राज्य कर सकते हैं, वह बड़े और अपेक्षाकृत समृद्ध राज्य क्यों नहीं? 2023 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए 'उल्लास' नव-साक्षरता अभियान को मिजोरम ने केवल सरकारी योजना की तरह नहीं लिया, बल्कि उसे एक सामाजिक आंदोलन में तब्दील कर दिया। समग्र शिक्षा और नव भारत साक्षरता कार्यक्रम को जोड़ते हुए इसे मिशन मोड में उतारा गया। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण का गठन हुआ, और एससीईआरटी के अंतर्गत एक 'राज्य साक्षरता केंद्र' की स्थापना की गई। यहां मिज़ो भाषा में 'वर्टियन' नामक अध्ययन सामग्री तैयार की गई, स्वयंसेवी शिक्षकों के लिए 'मार्गदर्शक' पुस्तिका बनाई गई और छात्रों के लिए 'रोमी' जैसे संसाधन विकसित किए गए।

भारत आज जिस 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' की बात करता है, वह केवल जनसंख्या के आंकड़े नहीं हैं। वह एक ज़िम्मेदारी है देश की युवा शक्ति को सही दिशा देने की। सवाल यह है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था इस ज़िम्मेदारी के योग्य है? क्या हम केवल डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी पैदा करना चाहते हैं, या फिर ऐसे विवेकशील, संवेदनशील और सजग नागरिक, जो राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें? मिजोरम इस प्रश्न का उत्तर है। एक छोटा राज्य, सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा को लेकर उसकी सोच और क्रियान्वयन यह दिखाता है कि परिवर्तन नीचे से आता है, ऊपर से नहीं। जब शिक्षक बच्चों के नाम और उनके घरों को जानता है, अभिभावक शिक्षक से संवाद करता है, और समाज विद्यालय को अपना दायित्व मानता है, तब शिक्षा एक सामाजिक अभियान बन जाती है—न कि कोई सरकारी आदेश। मिजोरम की शिक्षा पद्धति में यह भी विशेष है कि वहां शिक्षा को जीवन मूल्यों से जोड़ा गया है। बच्चे वहां नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता और आदिवासी अधिकार जैसे मुद्दों से भी परिचित होते हैं। इस समावेशी मॉडल का प्रभाव यह है कि वहां शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक अर्जित करना नहीं, बल्कि एक संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण है। यह दृष्टिकोण उस भ्रामक प्रतिस्पर्धा से मुक्त करता है जो आज अधिकांश राज्यों में विद्यार्थियों पर बोझ बन चुकी है।

मिजोरम का उदाहरण यह बताता है कि यदि इच्छाशक्ति हो, तो सीमित संसाधनों के बीच भी शिक्षा को सामाजिक क्रांति में बदला जा सकता है। इसके लिए न केवल नीति चाहिए, बल्कि नीयत भी चाहिए। हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां शिक्षा केवल मंत्रालयों का विषय न होकर हर नागरिक की साझी जिम्मेदारी बने। अब समय आ गया है कि देश इस मॉडल को केवल सराहे नहीं, बल्कि इसे अपनाए। जब तक हम शब्दों से निकलकर ज़मीन पर नहीं उतरेंगे, तब तक 'ज्ञान की महाशक्ति' बनने का सपना अधूरा ही रहेगा।

-सोनम लववंशी

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## ऑस्ट्रेलिया के सामने 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य से पीछे रहने का खतरा मंडराया : सीसीए

**सिडनी,** 5 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के सामने 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य हासिल करना एक चुनौती बन सकता है। दरअसल ऑस्ट्रेलियाई सरकार के शीर्ष जलवायु परिवर्तन सलाहकार निकाय के प्रमुख ने चेतावनी दी है कि देश 2030 के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य हासिल करने में पीछे रह जाएगा। जलवायु परिवर्तन प्राधिकरण (सीसीए) के अध्यक्ष मैट कीन ने कहा कि संघीय सरकार 2030 तक ऑस्ट्रेलिया की 82 प्रतिशत बिजली नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल हो सकती है। सत्तारूढ़ लेबर पार्टी ने 2022 में नवीकरणीय लक्ष्य के लिए प्रतिबद्धता जताई है, उसी वर्ष उसने 2030 तक उत्सर्जन में 2005 के स्तर से कम से कम 43 प्रतिशत की कमी का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### विदेश मंत्री जयशंकर ने की ताजिकिस्तान, कजाकिस्तान के समकक्षों के साथ चर्चा, कहा

# आतंकवाद विरोधी साझेदारी को बढ़ाने में मजबूती से आगे बढ़ रहा भारत

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को ताजिकिस्तान और कजाकिस्तान के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय चर्चा की और भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट किया है। गुरुवार को दो दिवसीय चौथे भारत-मध्य एशिया संवाद में भाग लेने के लिए कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान के विदेश मंत्री नई दिल्ली आए हैं। भारत पूरे क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी और कट्टरपंथ विरोधी साझेदारी को बढ़ाने में मजबूती से आगे बढ़ रहा है।



ताजिकिस्तान के विदेश मंत्री सिरोजिद्दीन मुहरिद्दीन के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद से निपटने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ताजिकिस्तान के विदेश मंत्री सिरोजिद्दीन मुहरिद्दीन के साथ अच्छी बैठक हुई। हमारे क्षेत्र में आतंकवाद से मुकाबला करने की आवश्यकता पर सहमति हुई। इस दौरान उन्होंने गहन व्यापार, निवेश और संपर्क संबंधों सहित हमारे सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचार साझा किए।

विदेश मंत्री ने कजाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मूरत नूर्टलेउ से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस के उनके रुख की सराहना की। दोनों पक्षों ने भारत और कजाकिस्तान के बीच रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की और मध्य एशियाई क्षेत्र के साथ संपर्क बढ़ाने पर विचारों को साझा किया।

विदेश मंत्री जयशंकर पांच मध्य एशियाई देशों से आए विदेश मंत्रियों के साथ बैठक की मेजबानी करेंगे। इसमें बख्तियार सैदोव (उजबेकिस्तान), राशिद मेरेदोव (तुर्कमेनिस्तान), झीनबेक कुलुबाएव (किर्गिजस्तान), सिरोजिद्दीन मुहरिद्दीन (ताजिकिस्तान) और मूरत नूरतुलेउ (कजाकिस्तान) शामिल हैं। इसमें सीमा पार से लगातार हो रही आतंकी घटनाओं को भी शामिल किया गया है।

उल्लेखनीय है कि यात्रा पर आए इन देशों के विदेश मंत्री गुरुवार को भारत-मध्य एशिया व्यापार परिषद की बैठक और शुक्रवार को भारत-मध्य एशिया वार्ता में भाग लेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद अपनी भारत यात्रा का समापन करेंगे। भारत-मध्य एशिया वार्ता जनवरी 2019 में समरकंद में शुरू की गई थी। यह भारत और मध्य एशिया के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करती है।

## संजय झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने की एस जयशंकर से मुलाकात



**नई दिल्ली।** पांच देशों की सफल यात्रा के बाद जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में विदेश दौरे पर गया सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल भारत लौट आया है। भारत लौटने के बाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने गुरुवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। इसकी जानकारी खुद विदेश मंत्री ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर दी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया और मलेशिया का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मिलकर बहुत खुशी हुई।

## अमेरिकी कांग्रेस की बैठक में भारत को 'पूर्ण समर्थन व एकजुटता' मिली : थरूर



**वाशिंगटन।** भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की और कहा कि आतंकवाद से लड़ने में भारत को उनसे पूर्ण समर्थन और एकजुटता मिली है। यह बात कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कही, जो प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास एक भी संदेहपूर्ण या नकारात्मक आवाज नहीं थी। इसके विपरीत, हमें जो मिला वह बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया थी। उन्होंने कहा कि भारत और आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई के प्रति पूर्ण समर्थन और एकजुटता थी और आतंकवाद के खिलाफ भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के प्रति पूर्ण समझ व्यक्त की गई। आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता का संदेश देने तथा ऑपरेशन सिंदूर के औचित्य को समझाने के अपने मिशन पर, टीम थरूर ने कांग्रेस के इंडिया कॉकस, सदन की विदेश मामलों की समिति के सदस्यों, जिनमें दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया उपसमितियों के दो अध्यक्ष शामिल थे, तथा छह सीनेटरों के एक समूह से मुलाकात की, जिनमें से पांच विदेश संबंध समिति के तथा एक खुफिया समिति के सदस्य थे। थरूर की बात को प्रतिनिधिमंडल से मिलने वाले कांग्रेस सदस्यों ने भी दोहराया। इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष, डेमोक्रेट प्रतिनिधि रो खन्ना ने एक्स पर पोस्ट किया 22 अप्रैल के हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादी समूहों को खत्म करने के महत्व पर अमेरिका-भारत ने चर्चा की पहलगाम में 26 निर्दोष लोग मारे गए थे। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 6 जून, 2025 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11

### राशिफल

मेष - आर्थिक और व्यावसायिक रूप से आज का दिन लाभदायक है। आर्थिक लाभ मिलेगा। लंबे समय के लिए निवेश कर सकेंगे। शरीर और मन से स्वस्थ रहेंगे। मित्रों और पारिवारिक सदस्यों के साथ खूब आनंद में दिन व्यतीत होगा।

वृषभ - विचारों की विशालता और वाणी का जादू दूसरों को प्रभावित और मंत्रमुग्ध करेंगे। लोगों के साथ सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे। बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। पठन एवं लेखन में अभिरुचि बढ़ेगी।

मिथुन - आपका मन अनिर्णायक स्थिति में रहेगा। मन दुविधा में रहेगा। अधिक भावुकता भी मन को अस्वस्थ बनाएगी। माता के प्रति अधिक भावनात्मक रहेंगे। बौद्धिक चर्चा का प्रसंग उपस्थित होगा, लेकिन वाद-विवाद को टालें।

कर्क - आज काम की सफलता आपकी राह देख रही है। इस कारण आपका आनंद उत्साह दोगुना होगा। मानसिक ताजगी और खुशी का अनुभव होगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ मुलाकात और पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

सिंह - आपके दूर रहने वाले मित्र और स्नेहियों के साथ की गई बातचीत लाभप्रद रहेगी। सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। स्वादिष्ट भोजन से तृप्ति प्राप्त कर सकेंगे। वाणी से किसी का मन जीत सकेंगे।

कन्या - वैचारिक समृद्धि और वाणी की मोहकता से आपको लाभ होगा और आप सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर अपना काम निकाल सकेंगे। व्यवसाय की दृष्टि से आज का दिन लाभदायक साबित होगा।

तुला - आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य में भी कमी रहेगी। मनमाना व्यवहार आपको मुसीबत में डाल सकता है। वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी के साथ झगड़े-फसाद की आशंका है।

वृश्चिक - आज आपको बिजनेस में लाभ हो सकता हैं। समय आपके साथ है। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और बुजुर्गों से लाभ प्राप्त हो सकता है। लोगों से मेल जोल बढ़ेगा। यात्रा का अवसर मिल सकता है।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

मकर - आपका आज का दिन मिश्रित फल देने वाला होगा। आप अपने व्यवसाय और काम में नए विचार अमल में लाएंगे। आज आप साहित्य में रुचि लेंगे। फिर भी आपको मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा।

कुंभ - नकारात्मक विचारों से मन में हताशा पैदा होगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना का अनुभव करेंगे। खर्च बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रहने के कारण परिवार में मनमुटाव और झगड़े की संभावना है।

मीन - आज का दिन व्यापारियों के लिए काफी अच्छा है। व्यवसाय में भागीदारी करने के लिए भी शुभ समय है। साहित्य सृजन, कलाकार और कारीगर अपनी सृजनात्मकता निखार सकेंगे। आदर पाएंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# यूएन आर्थिक व सामाजिक परिषद के लिए भारत निर्वाचित

**संयुक्त राष्ट्र,** 5 जून (एजेंसियां)। भारत को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के लिए 2026 से शुरू होने वाले तीन साल के कार्यकाल के लिए चुना गया है। भारत को 187 में से 181 वोट मिले।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर कहा कि भारत विकास के मुद्दों को बढ़ावा देने और ईसीओएसओसी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने समर्थन देने वाले देशों और भारत के यूएन मिशन के राजनयिकों को धन्यवाद दिया। यह भारत का ईसीओएसओसी में कम से कम 18वां कार्यकाल होगा। भारत 2008 से 2020 तक चार कार्यकाल पूरे कर चुका है।

ईसीओएसओसी यूएन का मुख्य निकाय है, जिसमें 193 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व होता है। यह सतत विकास और आर्थिक मामलों पर काम करता है। इसमें 54 सदस्य हैं, जिनमें से एक-तिहाई हर तीन साल में बदलते हैं। इस साल 18 सीटों के लिए चुनाव हुआ। एशिया-प्रशांत क्षेत्र की चार सीटों के लिए भारत, चीन, लेबनान और तुर्कमेनिस्तान चुने गए। चीन को 180, लेबनान और तुर्कमेनिस्तान को 183-183 वोट मिले।



■ 2008 से 2020 तक चार कार्यकाल पूरे कर चुका है भारत

पूर्वी यूरोप ग्रुप में यूक्रेन ने रूस को पछाड़ दिया, जिसके कारण उसे पहले मतदान में क्षेत्र की तीन सीटों में से एक सीट जीतने के लिए पर्याप्त वोट नहीं मिल पाए। ऐसे में उसे दूसरे चरण में हिस्सा लेना पड़ा। चूंकि क्षेत्र ने तीन सीटों के लिए कोई सूची नहीं बनाई थी, इसलिए तीन सीटों के लिए पांच उम्मीदवार थे। यूक्रेन 130, जबकि क्रोएशिया 140 वोटों के साथ पहले चरण में चुने गए, जिन्होंने दो-तिहाई वोट जीते।

## सूडान में मानवीय जरूरतें बढ़ीं : गुटेरस



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता के अनुसार, संघर्ष के कारण विस्थापन और हैजा के प्रसार के चलते सूडान में मानवीय आवश्यकताएं बढ़ती जा रही हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि अकेले खार्तूम राज्य में लगभग 9,700 लोग हाल ही में संघर्ष के कारण विस्थापित हुए हैं। दक्षिण कोर्डोफन में पिछले सप्ताह अल कुओज इलाके के डिबेबत शहर में भीषण झड़पों के कारण 9,000 से अधिक लोग पलायन कर गए। बुधवार को आईओएम के हवाले से उन्होंने कहा कि स्थिति अभी भी बहुत अस्थिर बनी हुई है। इसके साथ ही पिछले सप्ताह ही उत्तरी दारफुर राज्य के अबू शौक शिविर और एल फशेर कस्बे से लगभग 600 लोग विस्थापित हुए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के ग्लोबल सेंटर में शिक्षा मंच की अगुवाई की

**नई दिल्ली** 5 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया-भारत संबंधों में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर कल यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न के दिल्ली स्थित ग्लोबल सेंटर में आयोजित एक उच्चस्तरीय मंच के दौरान ज़ोर दिया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री, रिचर्ड मार्ल्स एमपी ने की, जिसमें दोनों देशों से शिक्षा एवं सरकारी क्षेत्र के 50 प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम ऑस्ट्रेलिया-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसने शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार में सहयोग को मजबूत किया है। यह मंच द्विपक्षीय सहयोग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है, जहां शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को संबंधों के प्रमुख स्तंभों के रूप में पहचाना गया। कार्यक्रम में एमिटी यूनिवर्सिटी, शूलिनी यूनिवर्सिटी, ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी और अशोका यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षाविद् शामिल हुए, साथ ही ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग और विश्वविद्यालय के एशिया-केंद्रित संस्थानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न की भारत में बढ़ती उपस्थिति का भी उत्सव था।



# उत्तर कोरिया ने रूस को बिना शर्त समर्थन देने का किया ऐलान

**सोल,** 5 जून (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने कहा है कि वह यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को बिना शर्त समर्थन देंगे। साथ ही उन्होंने यह भी वादा किया कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच जो आपसी रक्षा संधि हुई है, उसके सभी नियमों को जिम्मेदारी से निभाया जाएगा। यह जानकारी उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने गुरुवार को दी। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से योनहाप ने बताया कि किम जोंग-उन ने यह बात उस समय कही जब उन्होंने पिछले दिन प्योंगयांग में रूस की सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगू से मुलाकात की।

रूस के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी सर्गेई शोइगू बुधवार को उत्तर कोरिया पहुंचे। उत्तर कोरिया और रूस के बीच सैन्य सहयोग लगातार बढ़ रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में मदद के लिए रूस को सैन्य टुकड़ियां भी भेजी हैं, जो इस सहयोग का प्रमाण है। केसीएनए के अनुसार, बैठक के दौरान किम जोंग-उन ने कहा कि उत्तर कोरिया यूक्रेन से जुड़ी स्थिति सहित सभी अहम अंतरराष्ट्रीय मामलों पर रूस के रुख और उसकी विदेश नीति का बिना शर्त समर्थन करेगा। किम जोंग-उन ने यह भी कहा कि उनका देश रूस के साथ हुई संधि के नियमों का पूरी जिम्मेदारी से पालन करेगा। उन्होंने यह बात उस रणनीतिक साझेदारी संधि का ज़िक्र करते हुए कही, जिस पर पिछले साल जून में प्योंगयांग में उन्होंने और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हस्ताक्षर किए थे।



■ उत्तर कोरिया व रूस के बीच लगातार बढ़ रहा है सैन्य सहयोग

वार्ता के दौरान दोनों देशों ने यूक्रेन को लेकर अपनी समान राय की पुष्टि की और यह संकल्प लिया कि वे आपसी रिश्तों को एक मजबूत और व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदलेंगे। रूसी समाचार एजेंसी तास ने बुधवार को रूसी सुरक्षा परिषद के हवाले से बताया कि किम जोंग-उन और सर्गेई शोइगू ने कुर्स्क के युद्ध क्षेत्र के पुनर्निर्माण की संभावनाओं पर बात की।

## आज का इतिहास

1674-छत्रपति शिवाजी महाराज का रायगढ़ के किले में राज्याभिषेक हुआ।

1699-16वाँ मुग़ल बादशाह आलमगीर द्वितीय का जन्म।

1748-पटियाला रियासत के महाराजा अमर सिंह का जन्म।

1879-भारत की आज़ादी के लिये संघर्ष करने वाले क्रान्तिकारियों में से एक उपेन्द्रनाथ बंधोपाध्याय का जन्म।

1891-'कन्नड कहानी के प्रवर्तक' और 'कन्नड की संपत्ति' के रूप में ख्याति प्राप्त कवि, कहानीकार, उपन्यासकार, नाटककार, अनुवादक और आलोचक मास्ति वेंकटेश अय्यंगार का जन्म।

1916-अमेरिका के ईस्ट क्लीवलैंड में महिलाओं को वोट का अधिकार दिया गया।

1919-फिनलैंड ने बोलशेविक के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

1930-हिन्दी फिल्म अभिनेता सुनील दत्त का जन्म।

1939-भारत के प्रसिद्ध एथलीट गुरबचन सिंह रंधावा का जन्म।

1957-दर्शन के प्रसिद्ध विद्वान और इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दर्शन विभाग के अध्यक्ष रामचंद्र दत्तात्रेय रानाडे का निधन।

1968-दिल्ली के सातवें मुख्यमंत्री तथा भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल का जन्म।

1981-बिहार की बाघमती नदी में एक ट्रेन गिर गई थी, जिससे लगभग 800 लोगों की मौत हो गई थी।

1988-भारतीय क्रिकेटर आजिंक्य रहाणे का जन्म।

1995-पाकिस्तान में बाल अपराधियों को कोड़े मारने अथवा उनकी फ़ांसी की सज़ा प्रतिबंधित की गई।

1997-बैंकॉक में भारत, बंगलादेश, श्रीलंका एवं थाईलैंड ने %बिस्टेक% नामक आर्थिक सहयोग समूह का गठन किया।

### मामला — सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने गाजा में युद्धविराम के मसौदा प्रस्ताव पर लगा वीटो पर जताई नाराजगी, कहा

# अमेरिका द्वारा वीटो लगाया जाना एक खतरनाक संदेश

**संयुक्त राष्ट्र,** 5 जून (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गाजा में तुरंत युद्ध विराम और मानवीय सहायता पर लगी सभी पाबंदियों को हटाने की मांग करने वाला एक प्रस्ताव अमेरिका ने वीटो कर दिया है। सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा बुधवार को पेश किए गए इस मसौदा प्रस्ताव को परिषद के 15 में से 14 सदस्यों का समर्थन मिला, जबकि वीटो पावर वाले अमेरिका ने इसके खिलाफ मतदान किया। मसौदा प्रस्ताव में हमास और अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई, साथ ही गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश पर सभी प्रतिबंधों को तत्काल और बिना शर्त हटाने की मांग की गई थी।

■ मसौदा प्रस्ताव को परिषद के 15 में से 14 सदस्यों का मिला समर्थन



समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के वीटो की सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने आलोचना की। चीन के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि फू कांग ने कहा कि चीन बुधवार के मतदान के परिणाम से बहुत निराश है। उन्होंने कहा कि मसौदा प्रस्ताव में गाजा के लोगों की सबसे जरूरी मांगें शामिल थीं और यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय की आवाज को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक बार फिर अपने वीटो अधिकार का दुरुपयोग किया, जिससे गाजा के लोगों की उम्मीद की किरण बुझ गई और 20 लाख से अधिक लोगों को अंधेरे में छोड़ दिया गया। इसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सवालों का सामना करना होगा।

फू ने वोट के स्पष्टीकरण में कहा कि बुधवार का मतदान परिणाम एक बार फिर दर्शाता है कि गाजा में संघर्ष को रोकने में सुरक्षा परिषद की असमर्थता का मूल कारण अमेरिका द्वारा बार-बार बाधा डालना है, जिसने युद्धविराम के लिए परिषद के अनुरोध को कई बार वीटो किया है। साथ ही, इजरायल को बचाने के कारण परिषद द्वारा पारित कई प्रस्ताव प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि एक स्थायी सदस्य के वीटो से शांति की दिशा में बढ़ना नहीं रुक सकता। हम अमेरिका से आग्रह करते हैं कि वह सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सामना करे। साथ ही अपनी राजनीतिक गणनाओं को छोड़े और एक निष्पक्ष तथा जिम्मेदार रवैया अपनाए, ताकि परिषद सभी आवश्यक कदम उठा सके। ब्रिटिश संयुक्त राष्ट्र राजदूत ने कहा कि उनके देश ने मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

## सुडोकू 6935


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | | | | 8 | | 6 |
| | | | | 3 | 8 | | 7 | |
| 5 | 8 | | | 9 | | | | |
| 9 | 7 | | 3 | | 1 | | 4 | 8 |
| 4 | | | | | | | | 5 |
| 6 | 1 | | 8 | | 9 | | 2 | 3 |
| | | | | 7 | | | 5 | 4 |
| | 5 | | 2 | 8 | | | | |
| 7 | | 4 | | | | 3 | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6935



**बायें से दायें:-**

१. अमृत (उर्दू)
४. पैरों के निशान
६. चाल, गति, (उर्दू)
७. तोड़फोड़, बरबादी
८. जंगली हाथी
१०. चुप, मौन (उर्दू)
११. क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१३. कदाचित (उर्दू)
१४. तरक्की
१५. चाल चलने वाल , धूर्त (उर्दू)
१७. धनुष (उर्दू)
११. अभिरुचि, एक देवी
२२. ठंड से कांपना
२४. बाल्यावस्था

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीवनयापन का साधन
२. सहयात्री (उर्दू)
३. दया करना (उर्दू)
४. पराधीन
५. एक प्रसिद्ध पक्षी
९. अपने शत्रु का नाश करने वाला
११. गर्भ (उर्दू)
१२. उचित वैध (उर्दू)
१३. राजा, सत्ताधारी
१४. भरोसेमंद
१५. चापलूस
१६. बचपन
१८. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१९. रोमांच, हर्ष
२०. जटिल, मुश्किल
२३. विख्यात

## वर्ग पहेली-6934



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### ऑस्ट्रेलिया ने 'सुपरबग' से निपटने के लिए शुरू की नई तकनीक

**सिडनी,** 5 जून (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने स्टैफिलोकोकस ऑरियस, जिसे आमतौर पर गोल्डन स्टैफ के रूप में जाना जाता है। उससे निपटने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। सुपरबग से हर साल दुनिया भर में दस लाख से अधिक मौते होती हैं।

मेलबर्न स्थित पीटर डोहर्टी इंस्टीट्यूट फॉर इंफेक्शन एंड इम्युनिटी (डोहर्टी इंस्टीट्यूट) की जारी एक बयान में बताया गया कि उनकी विश्व की पहली पहल ने दिखाया है कि रियल टाइम जीनोम सीक्वेंसिंग गंभीर बैक्टीरियल संक्रमणों, जैसे स्टैफिलोकोकस ऑरियस (गोल्डन स्टैफ) से निपटने में प्रभावी है। यह तकनीक डॉक्टरों को बैक्टीरिया में दवा-प्रतिरोधी उत्परिवर्तनों को जल्दी पहचानने, मरीज के लिए सही और व्यक्तिगत उपचार चुनने, और एंटीबायोटिक प्रतिरोध के प्रसार को रोकने में मदद करता है। डोहर्टी इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने, सात स्थानीय अस्पतालों के साथ मिलकर पारंपरिक रूप से अस्पतालों की प्रयोगशालाओं बैक्टीरिया की पहचान के लिए मानक टेस्ट करते हैं। ये टेस्ट केवल यह बताते हैं कि बैक्टीरिया कौन सी प्रजाति का है, लेकिन यह नहीं पता चलता कि बैक्टीरिया ने एंटीबायोटिक दवाओं के खिलाफ कितना प्रतिरोध विकसित किया है।

# प्रादेशिकी

### गलत नीतियों के कारण उद्योग पिछड़ रहा : गर्ग

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में व्यापार एवं उद्योग पिछड़ता जा रहा है और लगभग 70 प्रतिशत कुटीर उद्योग बंद हुए हैं। उन्होंने यहाँ जारी बयान में कहा कि सरकार को हरियाणा में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये उद्योगपतियों को रियायतें देनेकी जरूरत है। श्री गर्ग ने कहा कि हरियाणा में उद्योगों के लिए बिजली महंगी और टैक्स की दरें बहुत ज्यादा हैं और सरकार की तरफ से उद्योग लगाने के लिए कोई सस्ती जमीन तक नहीं दी जा रही हैं, ऐसे में कौन उद्योगपति हरियाणा में उद्योग लगायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सस्ती बिजली और जमीन देनी चाहिए और कृषि की तरह उद्योगों को भी कम ब्याज पर कर्ज देने का कानून बनाना चाहिए, ताकि व्यापारी हरियाणा में ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगा सकें।

## गंगा दशहरा स्नान के लिए गंगा घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

- पूजा कर मां गंगा से सुख समृद्धि की कामना की
- हर की पैड़ी पर ब्रह्मकुंड और अन्य घाटों में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाई

**हरिद्वार,** 5 जून (देशबन्धु)। आज गंगा दशहरा का स्नान पर्व है। मान्यता है कि आज ही के दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। इस मौके पर हरिद्वार में गंगा स्नान करने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार में हर की पैड़ी पर सुबह से गंगा स्नान करने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर पूजा कर मां गंगा से सुख समृद्धि की कामना की।

माना जाता है कि मां गंगा ने आज के दिन ही धरती पर अवतरित होकर राजा भागीरथ के पुरखों का उद्धार किया था। इसलिए आज के दिन हर की पैड़ी पर ब्रह्मकुंड में गंगा स्नान करने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि गंगा दशहरा पर गंगा स्नान करने से 10 तरह के पापों से मुक्ति मिलती है। इस दिन गंगा स्नान करके दान करने और जल का दान करने का विशेष महत्व है।

गंगा दशहरा के मौके पर हरिद्वार में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। तड़के से ही यहां पर स्नान करने के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। बड़ी संख्या में लोगों ने हर की पैड़ी पर ब्रह्मकुंड और अन्य घाटों में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाई।



श्रद्धालुओं का मानना है कि गंगा स्नान करने से सभी दु:ख दूर होते हैं और पापों से मुक्ति मिलकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज त्रिपाठी ने बताया कि पौराणिक मान्यता है कि आज के दिन गंगा स्नान मौन रहकर करना चाहिए। स्नान करने से व्यक्ति को दस प्रकार के दोष, चार प्रकार के शारीरिक, तीन प्रकार के मानसिक और तीन प्रकार के वाचिक अर्थात मुंह से बोलने वाले दोषों का शमन होता है।

पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि 4 जून को रात 11.54 बजे लग चुकी है। ये 5 जून को देर रात 2.15 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार गंगा दशहरा आज 5 जून को मनाया जा रहा है। गंगा स्नान का उत्तम मुहूर्त आज 5 जून को सुबह 4.07 बजे तक था। इस समय ब्रह्म मुहूर्त था। 9.14 बजे तक रहने वाला सिद्धि योग भी गंगा स्नान और दान के लिए शुभ बताया गया है।

### हरिद्वार में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**हरिद्वार।** पुलिस ने गंगा दशहरा स्नान के मद्देनजर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की है। शहर में सीसीटीवी से भी निगरानी की जा रही है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल का कहना है कि गंगा दशहरा को लेकर सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को 2 सुपर जोन, 11 जोन व 27 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इसी के अनुसार पुलिस अधिकारियों के साथ ही सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। साथ ही ट्रैफिक को लेकर भी खास प्रबंध किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना ना करना पड़े। गंगोत्री धाम में गंगा दशहरा पर्व पर धूमधाम से मनाय। गंगोत्री धाम में गंगा दशहरा पर्व पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राजा भागीरथी की मूर्ति तैयार कर पालकी में ढोल दमाऊ के साथ उनकी शोभा यात्रा निकाली गई। उसके बाद उनकी मूर्ति और पालकी गंगा घाट पर पहुंची। यहां पर उनकी ओर से तीर्थ पुरोहितों ने गंगा लहरी, सहस्त्रनाम पाठ आदि कर गंगा जी की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं एवं देव डोलियों ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इसी दिन मां गंगा राजा भगीरथ की कठोर तपस्या के बाद गंगोत्री धाम में धरती पर पहुंची थी। इसलिए गंगा दशहरा के दिन धाम में राजा भगीरथ की मूर्ति तैयार कर उनकी ओर से तीर्थ पुरोहित विधि विधान के साथ गंगा जी की प्रतीकात्मक पूजा करते हैं। गंगोत्री धाम मंदिर समिति के तीर्थ पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए करीब 11 सौ वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। उसके बाद गंगा सप्तमी के दिन मां गंगा की धारा स्वर्ग से शिव की जटाओं में आई थी। उसके बाद गंगा दशहरा को मां गंगा धरती पर अवतरित हुई थी।

## सुक्खू ने साइकिल रन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**शिमला,** 5 जून (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर ओक ओवर, शिमला से 'प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना' ध्येय से आयोजित साइकिल रन को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कार्यक्रम संयुक्त तौर पर पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद द्वारा आयोजित किया गया। उन्होंने प्लास्टिक न्यूट्रल हिमाचल.2030 जागरूकता अभियान और स्वच्छ शिमला अभियान का भी शुभारम्भ किया। इस अभियान में विद्यार्थियों, स्वयंसेवियों, गृह रक्षा जवानों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश को प्लास्टिक न्यूट्रल बनाने की शपथ भी दिलायी। मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि हिमाचल को प्लास्टिक मुक्त बनाने



के लिए सभी को सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। पर्यावरण को प्लास्टिक से बचाना सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्षों में हिमाचल को प्लास्टिक मुक्त बनाने के निरंतर प्रयासों के साथ-साथ जागरूकता लाने के लिए गंभीर प्रयासों की भी नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण, हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। हिमाचल की प्राकृतिक सौंदर्य से अलग पहचान है।

### सैनी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इलेक्ट्रिक बस को दिखाई हरी झंडी

**चंडीगढ,** 5 जून (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर चरखी दादरी में आयोजित 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान इलेक्ट्रिक सिटी बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री सैनी ने इस मौके पर कहा कि स्वच्छ, सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण केवल एक विकल्प नहीं, यह जीवन, समाज और देश की प्रगति के लिए अनिवार्य है। 'विकसित भारत और विकसित हरियाणा' की परिकल्पना तभी साकार



हो सकती है, जब हम प्रदूषण और प्लास्टिक मुक्त वातावरण की दिशा में मिलकर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हर स्तर पर अनेक कदम उठा रही है। इसी कड़ी में आज पांच इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री सैनी ने जन समूह से आह्वान किया, किआइए, आज के दिन 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाकर पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व को निभाते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और स्वच्छ भविष्य का संकल्प लें।

**सार संक्षेप**

### बाल यौन शोषण आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिले में कई नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म और यौन शोषण से संबंधित सामग्री इंटरनेट पर प्रसारित करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी को अदालत के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) चलाने वाले सोमनाथ (40) को मंगलवार को गिरफ्तार किया था और बुधवार को हांसी के उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी आशुतोष की अदालत में पेश किया गया। आरोपी दोनों पैरों से विकलांग है और इलेक्ट्रिक व्हीलचेर पर चलता है। सीबीआई ने आरोपी के सीएससी को सील कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने आरोपी की गिरफ्तारी से पहले उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी आशुतोष की अदालत से आरोपी के घर की तलाशी के लिए सर्च वारंट लिया। इसके बाद दो और तीन जून को आरोपी के आवासीय परिसरों की तलाशी ली। इसके बाद मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### तीन दिन से लापता व्यक्ति का शव मिला, पुलिस जांच में जुटी

**हिसार।** हरियाणा में हिसार जिला के बरवाला क्षेत्र में गुरुवार सुबह हिसार-चंडीगढ़ नेशनल राजमार्ग पर एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान बरवाला के वार्ड नंबर 5 निवासी सतीश कुमार (34) के रूप में हुई है। सतीश पेशे से ट्रैक्टर ड्राइवर था और बताया जा रहा है कि वह पिछले दो से तीन दिनों से घर नहीं लौटा था। सतीश विवाहित था और उसके तीन बच्चे हैं-दो पुत्री और एक पुत्र है। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना का मामला है, आत्महत्या का या हत्या का, जांच से ही पता चलेगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

### सोनीपत में कपड़े प्रेस करने की दुकान में लगी आग

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में मिशन रोड पर गुरुवार सुबह कपड़ों को प्रेस करने वाली एक दुकान में अचानक आग लग गयी। आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन दुकान में रखा सारा सामान जल गया। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। आग लगने का कारण संभवत: शॉर्ट सर्किट है। सूचना मिलने पर सोनीपत विधायक निखिल मदान और नगर निगम मेयर राजीव जैन मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। दोनों ने दुकानदार को प्रशासनिक मदद का भरोसा दिलाया।

### सुडोकू 6935 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 7 | 1 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |

## मां के नाम जोड़ें हरियाली की डोर, विश्व पर्यावरण दिवस पर धामी का संदेश

**देहरादून,** 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने एक सीता अशोक का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश दिया। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि वे इस पुनीत अभियान से जुड़ें और अपनी मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए एक पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान मातृत्व के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के नाम पर एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए, जिससे हमारी भावी पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण मिल सके। इस कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल और मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों से अधिक से अधिक पेड़





लगाने की अपील की।

यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है, बल्कि मातृभावना को भी समर्पित है। इसके माध्यम से लोगों को अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे प्रकृति और मानवीय भावनाओं के बीच सामंजस्य स्थापित हो सके।

### दत्तात्रेय ने विश्व पर्यावरण दिवस पर दी शुभकामनाएं

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेशवासियों, पर्यावरण प्रेमियों और सभी हितधारकों को हार्दिक शुभकामनायें दीं।श्री दत्तात्रेय ने इस वर्ष की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हरायें' के अनुरूप, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की महत्ता पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण आज की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है, जो मानव स्वास्थ्य, जैव विविधता और जलवायु पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने नागरिकों, संगठनों और उद्योगों से सिंगल यूज प्लास्टिक को कम करने, अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाने और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने हरियाणा में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत कार्यकर्ताओं, नागरिक निकायों, स्कूलों और गैर-सरकारी संगठनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि धरती माता के प्रति हमारी जिम्मेदारी को याद करने का अवसर है। उन्होंने स्थायी जीवन शैली और हरित पहलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम पर आधारित एक कला चित्र का अनावरण भी किया। यह चित्र पंजाब के राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू द्वारा विशेष रूप से तैयार किया गया है।

## रेखा आर्या की राजनाथ सिंह से भेंट, ऑपरेशन सिंदूर पर दी बधाई

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 5 जून (देशबन्धु)। उत्तराखंड की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। यह मुलाकात शिष्टाचार के रूप में की गई, लेकिन इसके दौरान दोनों नेताओं के बीच रक्षा, महिला सशक्तिकरण, आतंकी घटनाओं और सेना की भूमिका जैसे कई महत्वपूर्ण समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। रेखा आर्या ने इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की शानदार सफलता के लिए रक्षा मंत्री को बधाई दी और इस अभूतपूर्व सैन्य अभियान के लिए भारत सरकार तथा सेना के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन न केवल भारत की सैन्य शक्ति का प्रतीक है, बल्कि यह देश की बेटियों की भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को भी दर्शाता है। मंत्री रेखा आर्या ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर के नेतृत्व के लिए लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और मेजर व्योमिका सिंह जैसी बहादुर महिला अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपना भारत में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि आज भारत की बेटियाँ केवल सीमाओं की रक्षा




- उत्तराखंड की भूमि सदियों से वीरता, बलिदान और देशभक्ति की प्रतीक रही

ही नहीं कर रहीं, बल्कि उन्होंने नेतृत्व की भूमिका में भी अपने साहस और पराक्रम से इतिहास रच दिया है। यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है, और विशेष रूप से महिलाओं और युवतियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। रेखा आर्या ने यह भी बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद उत्तराखंड, जो कि सैन्य परंपराओं की भूमि मानी जाती है, वहां आमजन के बीच जबरदस्त उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। उन्होंने रक्षा मंत्री को बताया कि उत्तराखंड के गांव-गांव में लोग सेना की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं और यह भावना युवाओं में देश सेवा के प्रति नई प्रेरणा जगा रही है।

## करनाल में कोरोना केस बढ़े, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, बढ़ाई गई टेस्टिंग

**करनाल,** 5 जून (एजेंसियां)। हरियाणा के करनाल में कोरोना के मामलों में तेजी आ रही है। यहां अब तक कोरोना के 15 मामले सामने आए हैं। बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है और टेस्टिंग की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। लोगों से भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने और मास्क का उपयोग करने की अपील की गई है।

करनाल के स्वास्थ्य विभाग की डिप्टी सिविल सर्जन अनु शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा अब तक कोरोना के 15 मामले समाने आ चुके हैं, जिनमें से 4 मरीज ठीक हो चुके हैं। जिले में इस समय 11 एक्टिव मामले है जोकि होम आइसोलेटेड हैं। इन लोगों की ट्रैवल हिस्ट्री रही है। यह लोग या तो भीड़भाड़ वाली जगहों से आए हैं या इनकी पब्लिक



डीलिंग ज्यादा है। वहीं, डिप्टी सिविल सर्जन ने कहा कि लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है और भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने की जरूरत है। अगर किसी भी व्यक्ति को कहीं जरूरी काम से जाना पड़ रहा है तो वो मास्क का प्रयोग जरूर करें, उन्होंने कहा हमने टेस्टिंग को बढ़ाया है। सिविल अस्पताल, कल्पना चावला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध है। फिलहाल किसी भी व्यक्ति

**अब तक कोरोना के 15 मामले समाने आ चुके हैं, जिनमें से 4 मरीज ठीक हो चुके हैं : अनु शर्मा**

को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। सिविल अस्पताल और कल्पना चावला अस्पताल में बेड और ऑक्सीजन की पर्याप्?त सुविधा उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन मिलकर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। लोगों से सामाजिक दूरी बनाए रखने, नियमित रूप से हाथ धोने और मास्क पहनने जैसे एहतियाती कदम उठाने की सलाह दी जा रही है। यह कार्रवाई कोरोना के प्रसार को रोकने और जिले में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उठाई गई। इसके अलावा, शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जागरूकता अभियान फिर से शुरू किए गए हैं।

## सर्विस ट्रिब्यूनल ने निरस्त किए एसएसपी व आईजी के आदेश

**काशीपुर,** 5 जून (देशबन्धु)। उत्तराखंड में सरकारी कर्मचारी अधिकारियों के सेवा सम्बन्धी मामलों का निर्णय करने वाले विशेष न्यायालय (ट्रिब्युनल) की नैनीताल पीठ ने एसएसपी उधमसिंह नगर तथा आईजी कुमाऊं नैनीताल के पुलिस कांस्टेबल दिनेश कुमार के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही में दिये गये दण्ड आदेश को निरस्त कर दिया। ट्रिब्युनल की कैप्टन आलोक शेखर तिवारी की बेंच ने इस पुलिस कर्मी की याचिका पर एसएसपी तथा आई.जी. के आदेशों को अपास्त किया जाना श्रेयस्कर मानते हुये निरस्त कर दिया है। वर्तमान में चंपावत जिले में तैनात पुलिस कांस्टेबल दिनेश कुमार की ओर से अधिवक्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड लोक सेवा अधिकरण की नैनीताल बेंच में याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि वर्ष 2021 में जब यह पुलिस कर्मी उधमसिंह नगर जिले में तैनात थे तो डा. प्रेम सिंह राणा, विधायक नानकमत्ता,

- ट्रिब्यूनल ने माना ऐसे आदेशों को निरस्त किया जाना ही श्रेयस्कर

उधमसिंह नगर के तथाकथित पत्र दिनांक 7 जून 2021 की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई जिसमें याची सहित विभिन्न पुलिस कर्मियों की सूची दी गयी थी। इस पर एसएसपी उधमसिंह नगर ने जन प्रतिनिधियों से स्थानांतरण के सम्बन्ध में सिफारिश कराकर कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करने वाले कर्मियों के विरूद्ध जांच कर आख्या उपलब्ध कराने का पुलिस अधीक्षक, नगर रूद्रपुर को आदेशित किया। उन्होंने अपनी जांच आख्या दिनांक 25 अगस्त 2021 में बिना स्वतंत्र साक्ष्यों तथा याची के पक्ष को विचार मे लिये बिना किसी सम्बद्ध कारण को उल्लेखित किये, बिना किसी वैध आधार के याची सहित सभी कर्मियों को दोषी होने का निष्कर्ष दे दिया।

## केदारनाथ धाम में दूसरे दिन भी बर्फबारी जारी, पैदल पड़ावों में गिर रहे बड़े-बड़े बोल्डर

**रुद्रप्रयाग,** 5 जून (देशबन्धु)। केदारनाथ धाम यात्रा में बर्फबारी और बारिश जिला प्रशासन के लिए चुनौती बन गई है। धाम में दूसरे दिन भी बर्फबारी जारी रही, जबकि गौरीकुंड-केदारनाथ 19 किमी पैदल मार्ग के कई जगहों पर पहाड़ी से बोल्डर गिर रहे हैं। वहीं अब तक केदारनाथ धाम में 7 लाख 85 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। बारिश और ठंड के बावजूद भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हो रहा है। भक्त तमाम मुश्किलों से जूझते हुए बाबा के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। केदारनाथ धाम में मंगलवार से शुरू हुई बर्फबारी और बारिश रूकने का नाम नहीं ले रही है। धाम की पहाड़ियों में बर्फ गिर रही है तो धाम में बारिश होने से ठंड का प्रकोप भी बढ़ गया है। लगातार हो रही

- खराब मौसम ने प्रशासन के सामने खड़ी की चुनौतियां
- तमाम मुश्किलों से जूझकर भी भक्त पहुंच रहे बाबा के दरबार

बर्फबारी और बारिश से अब तीर्थयात्रियों की परेशानियां भी बढ़ गयी हैं, जिसको लेकर जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ जुट गया है। धाम के तापमान में भारी गिरावट महसूस की जा रही है। ठंड का प्रकोप बढ़ने से तीर्थयात्रियों से सावधानी के साथ पैदल यात्रा करने की सलाह दी जा रही है। तीर्थयात्रियों के लिए प्रशासन की ओर अलाव और गर्म पानी की भी व्यवस्था की गई है। वहीं लगातार हो रही बारिश के कारण गौरीकुण्ड-केदारनाथ 19 किमी पैदल मार्ग में जगह-जगह पहाड़ी से बोल्डर और मलबा गिर रहा है, जिसको साफ करने को लेकर डीडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ पुलिस के जवान मुस्तैदी से जुटे हुए हैं। पैदल मार्ग पर मलबा और बोल्डर गिरने पर मजदूरों की मदद से रास्ते को साफ करवाया जा रहा है। बुधवार को पैदल मार्ग के भीमबली व जंगलचट्टी के पास पहाड़ी से बड़े-बड़े बोल्डर गिरने के बाद डीडीआरएफ की टीम ने मजदूरों की मदद से पैदल मार्ग को साफ करवाया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि केदारनाथ धाम सहित पैदल यात्रा पड़ावों में बारिश हो रही है। तीर्थयात्रियों के लिए ठंड से बचाव को लेकर अलाव की व्यवस्था की गई है, जबकि स्वास्थ्य खराब होने पर त्वरित गति से राहत पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पैदल मार्ग से लेकर धाम तक तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को लेकर आईटीबीपी, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ, होमगार्ड, पीआरडी व पुलिस के जवान तैनात हैं। उन्होंने बताया कि यात्रियों की लगातार आवाजाही जारी है। प्रशासन की ओर से सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यात्रियों से अपील की जा रही है की वह तेज़ बारिश में यात्रा करने से बचें और सुरक्षित स्थानों पर ठहरें। यात्रियों के लिए प्रशासन ने गर्म पानी के साथ ही अलाव की भी व्यवस्था की है।

### मुनकटिया में पहाड़ी से गिरा यात्री, सिर में लगी चोट

रुद्रप्रयाग। गौरीकुंड से पहले मुनकटिया के पास एक यात्री पहाड़ी से नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आ गई। सूचना मिलने पर पोस्ट सोनप्रयाग से उप निरीक्षक आशीष डिमरी के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम मौके के लिए रवाना हुई। रेस्क्यू टीम ने घायल यात्री का प्राथमिक उपचार कर सड़क पर लाकर 108 की मदद से स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। एसआई डिमरी ने यात्रियों से अपील की कि वे सावधानी से बाबा केदारनाथ की यात्रा करें। मौसम खराब होने पर सुरक्षित स्थान पर ठहर जाएं।

# प्रादेशिकी

## हस्तिनापुर में गंगा दशहरा पर्व पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**मवाना/हस्तिनापुर,** 5 जून (देशबन्धु)। ज्येष्ठ मास के पावन गंगा दशहरा पर्व पर गुरुवार को हस्तिनापुर स्थित मखदुमपुर व भीकुंड गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में भक्तों ने पतित पावनी गंगा मैया में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। गंगा दशहरा पर्व को लेकर भक्तों में गहरी आस्था देखने को मिली। मान्यता है कि इस दिन गंगा नदी का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था, इसलिए इस दिन गंगा स्नान, पूजन और दान करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। गुरुवार को तड़के ही श्रद्धालु मखदुमपुर गंगा घाट पर पहुंचने लगे। उन्होंने गंगा में डुबकी लगाकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और गंगा तट पर विधिवत पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर पिंडदान भी किया।

# सनातन की मजबूत नींव पर आकार ले रहा विकसित भारत : योगी आदित्यनाथ

■ महंत नृत्यगोपाल दास के 87वें जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत



**अयोध्या में लौट रहा त्रेतायुगीन वैभव : योगी आदित्यनाथ**

**लखनऊ/अयोध्या,** 5 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास जी महाराज के 87वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अयोध्या के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की मजबूत नींव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प साकार हो रहा है।

डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से अयोध्या में त्रेतायुगीन वैभव की वापसी हो रही है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन अत्यंत अभिभूत करने वाला और आनंदमयी है। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे पूज्य महंत नृत्यगोपाल दास के जन्मदिवस समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि पूज्य संतों की दिव्य साधना और आशीर्वाद के कारण ही भारत नए भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिना रुके और डिगे विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में जुटे हैं। मुख्यमंत्री ने राम मंदिर आंदोलन और प्राण प्रतिष्ठा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद गत वर्ष 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। आज रामदरबार और राम मंदिर में देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य भी पूर्ण हुआ है। उन्होंने कहा कि राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण सनातन धर्म की मजबूत नींव का प्रतीक है। उन्होंने काशी, महाकाल, केदारपुरी और सोमनाथ मंदिरों के सौंदर्यीकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि इन मंदिरों पर सनातन धर्म की मजबूत नींव टिकी है। इस नींव पर मजबूत और भव्य भारत का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने मणिरामदास छावनी के गौरवशाली इतिहास का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 18वीं सदी से 21वीं सदी तक, इस छावनी की 300 वर्षों की कठोर साधना का इतिहास रहा है। साक्षात माता जानकी ने इस परंपरा के संत को दर्शन दिए, जिसके कारण यह परंपरा फली-फूली।

### गंगा दशहरा व विश्व पर्यावरण दिवस पर बताया महत्व

मुख्यमंत्री ने गंगा दशहरा और विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर बोलते हुए कहा कि आज ही के दिन महाराज भगीरथ की तपस्या के फलस्वरूप देवनदी गंगा धराधाम पर अवतरित हुई थीं। मां गंगा हमारी मुक्ति और भुक्ति का कारक हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि अयोध्या में सरयू के जल को स्वच्छ रखने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के आधुनिक विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बन चुका है। माता शबरी के नाम पर भोजनालय, निषादराज के नाम पर यात्री विश्रामालय और महर्षि वशिष्ट, विश्वामित्र व तुलसीदास के मंदिरों का निर्माण हो रहा है।

## राष्ट्रीय जनता दल ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**मवाना,** 5 जून (देशबन्धु)। बकरीद पर्व को लेकर नगर एवं तहसील क्षेत्र में सफाई, बिजली-पानी तथा कुर्बानी से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। पार्टी के प्रदेश महासचिव यूसुफ कुरैशी एवं जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जाटव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल उप जिलाधिकारी मवाना की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार किठौर राहुल मलिक से मिला। ज्ञापन में बताया गया कि आगामी 7, 8 व 9 जून को बकरीद पर्व मनाया जाएगा, जिसके दृष्टिगत क्षेत्र में विधुत कटौती बंद की जाए और पूरे मवाना तहसील क्षेत्र में निर्बाध बिजली व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर हाजी गफ्फार, असद अकरम, फराज एडवोकेट, आर्यन, नावेद उर्फ बबलू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुभारती में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया

**मेरठ,** 5 जून (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के यशस्वी कर्मठ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुभ जन्मदिवस को स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के ट्रस्टी सचिव डॉ. कृष्णा मूर्ति एवं विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव डॉ. विवेक संस्कृति द्वारा निर्धन लोगों को फल वितरित किए एवं जन सामान्य के लिए भंडारे और शरबत वितरण का आयोजन किया गया। डॉ. कृष्णा मूर्ती द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के शतायु होने की मंगल कामना की गई। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी ने एक साधु और प्रशासक की विलक्षण छवि को सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया है। अनुशासन, तेज निर्णय क्षमता और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण ने प्रदेश के विकास को नई गति दी है। योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति औद्योगिक विकास, चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हुए है। मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सर्वांगीण विकास के पथ पर देश में उत्तम प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। उपकुलसचिव डॉ. विवेक कुमार ने कहा कि योगी जी के साहस, दृढ़ निश्चय और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण ने उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।



जनकल्याण और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में योगी के प्रयास प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय अग्निशमन अधिकारी ब्रजमोहन, भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अंकुर कुशवाह, कुलदीप नारायण आदि उपस्थित रहे।

**सार संक्षेप**

### भाजपा जिला इकाई की बैठक आयोजित



**मेरठ।** भाजपा के जिला अध्यक्ष शिव कुमार राणा ने बैठक में कहा कि मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियां में, रोटी, कपड़ा, मकान गरीबों का सम्मान, मोदी सरकार की जन हितैषी अनगिनत योजनाएं, आज हर गरीब का मान सम्मान और स्वाभिमान बढ़ा रही है। विकसित भारत का अमृत कल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल गरीबों वंचितों की आशा बनी है। 81 करोड़ लोगों को पीएम आवास कल्याण योजना के जरिए मुफ्त अनाज, 15 करोड़ परिवारों को नल से जल कनेक्शन, 68 लाख रेहड़ी पटरी वालों को पीएम सम्मान निधि से लोन, 4 करोड़ पक्के मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता बंधु इस प्रकार जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा जिला, कोऑपरेटिव सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष मनिंदर पाल सिंह, जिला महामंत्री हरीश चौधरी, जिला कार्यालय प्रमुख राजकुमार शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी संजीव राणा, जिला आईटी संयोजक विनय शर्मा, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष आयुष चपराना, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज चौहान, जिला सहकारी संघ के डायरेक्टर डॉ ओपी तोमर, अंगद सिंह आदि उपस्थित रहे।

### एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**मेरठ।** क्रांतिधरा पार्क वेदव्यासपुरी मेरठ में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ऊर्जा डा. सोमेन्द्र तोमर की उपस्थिति में किया गया। राज्यमंत्री ऊर्जा ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण हेतु लगातार प्रयास किए गए हैं जिसके सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे है। आज एक पेड़ मां के नाम से सांकेतिक वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई है। समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए तथा पेड़ लगाने के साथ-साथ उनका संरक्षण भी किया जाए। राज्यमंत्री ऊर्जा व डीएम ने मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह, सीडीओ नूपुर गोयल, डीएफओ राजेश कुमार, सचिव मेडा आनंद कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व आमजन उपस्थित रहे।

### बस्ती में उपजिलाधिकारी से वकील ने की बदसलूकी

**बस्ती।** बस्ती जिले में गुरुवार को हर्रैया तहसील में तैनात उपजिलाधिकारी से एक अधिवक्ता ने बदसलूकी की। हर्रैया तहसील में तैनात उप जिलाधिकारी (एसडीएम) मनोज प्रकाश गुरुवार को जैसे ही सरकारी गाड़ी से तहसील परिसर पहुंचे कि वहां मौजूद एक अधिवक्ता ने उनके साथ हाथापाई करने लगा। वहां पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया लेकिन तब तक पूरे तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। हर्रैया प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर पहुंच गए व मारपीट का यह वाक्या सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

## नपा ने चलाया वृक्षारोपण अभियान

**मवाना,** 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद मवाना द्वारा तहसील रोड स्थित बड़े मैदान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक एवं अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में सभासदों, जनप्रतिनिधियों एवं पालिका कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में छायादार वृक्षों का रोपण किया गया। अध्यक्ष अखिल कौशिक ने सभी उपस्थित जनों को पॉलिथीन का प्रयोग न करने और प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और हरित वातावरण की स्थापना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार, सभासद नीरज खटीक, विशाल कुमार, शफीक मलिक, जनप्रतिनिधि अमीर आजम (भूरा), शाह आलम, गुलफाम मिद्दा, अवर अभियंता मूलचंद, लिपिक लाखन सिंह सहित कई कर्मचारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। नगर पालिका द्वारा चलाया गया यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।




■ प्लास्टिक मुक्त समाज की दिलाई शपथ

## कृषि विश्वविद्यालय में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**मेरठ,** 5 जून (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. के.के. सिंह की प्रेरणा से महिला अध्ययन केन्द्र, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हारश्रंगार/पारिजात के पौधों के रोपण से हुई। डा. रश्मि, अध्यक्ष, महिला अध्ययन केंद्र ने कहा पर्यावरण की रक्षा करना हम सबका दायित्व है और हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर हरियाली से धरती को हरा-भरा करना तथा औषिधीयों पौधों को रोपण करने का अह्वान किया। डा. रेखा दीक्षित ने विश्वविद्यालय की छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के विषय में जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। डा. अर्चना आर्या ने जलवायु परिवर्तन में सत्त कृषि के लिए नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर दिया। किरन ने सभी को पारिजात के फूलों का महत्व बताया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की समस्त शैक्षिणक/गैर शैक्षिणक महिलाओं तथा छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर भागीदारी की गई। यह समारोह छात्राओं और शिक्षकों के लिए एक शिक्षाप्रद अनुभव रहा साथ ही एक मजबूत प्रर्यावरणीय प्रतिबद्धता को प्रतीक भी बना।

### ए.एस.इंटर कॉलेज में किया पौधारोपण

**मवाना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ए.एस. इंटर कॉलेज मवाना में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने मिलकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर पौधारोपण का संदेश भी दिया गया। प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह ने बताया कि विद्यालय परिसर में गुड़हल, मोगली, अनार, बेल पत्थर एवं पाखड़ जैसे पर्यावरण के लिए उपयोगी पौधे लगाए गए।

## सामूहिक सफाई कार्यक्रम से पर्यावरण बचाने का दिया संदेश



**मेरठ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में परिसर में सामुहिक सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा सामूहिक रूप से परिसर की साफ-सफाई की। इस कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. के. के. सिंह ने सभी से आह्वान किया कि नियमित साफ-सफाई को हमे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए इससे न केवल सकारात्मक वातावरण विकसित होता है बल्कि हमारी कार्य क्षमता भी बढ़ती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विपिन कुमार ने किया। इस अवसर पर डा. रामजी सिंह, कुलसचिव, डॉ. डी.के. सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. विवेक धामा, डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. आर. एस. सेंगर, डॉ. अरविंद राणा, डॉ. यू.पी. शाही, डॉ. विजय सिंह, इं. जयवीर, डॉ. जेनिथा, डॉ. पंकज, डॉ. दीपक सिसोदिया, डॉ. सर्वेश लोधी, रितुल सिंह, विपिन कुमार एवम भारी संख्या में छात्र एवम छात्राएं उपस्थित थे।

## शोभित में पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी आयोजित




■ वृक्षारोपण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**मेरठ,** 5 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय एवं 70 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ में एक संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स, विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ विचार संगोष्ठी से हुआ, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. वी.के. त्यागी ने अपने अभिवादन वक्तव्य में कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। हमें अपने जीवनकाल में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए, जिससे भावी पीढ़ी को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

### पौधों को लगाने के साथ संरक्षण भी जरूरी




**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर विश्वविद्यालय पर्यावरण समिति एवं छात्र परिषद द्वारा संयुक्त रूप से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल, पर्यावरण समिति के अध्यक्ष डॉ. मुकेश रूहेला, छात्र परिषद के अध्यक्ष डॉ. मुनीश रेड्डी सहित पर्यावरण समिति के सभी सदस्यों व विश्वविद्यालय के डीन एवं विभागाध्यक्षों ने चिड़ियों को पिंजरे से आजाद कर प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश दिया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने पौधें गोद लेकर उनके संरक्षण की शपथ ली। सभी ने जल कुंभ भरन कर प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया।

## गंगा दशहरा पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

**फर्रुखाबाद,** 5 जून (देशबन्धु)। गंगा दशहरा पर विभिन्न घाटों पर लाखों की संख्या में मां गंगा के भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई दान दक्षिणा देकर अपने जीवन को धन्य धन्य किया। गंगा के घाटों पर प्रशासन के द्वारा कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए। शमशाबाद के ढाई घाट कमालगंज के सिंगी रामपुर फतेहगढ़ के बरगदिया घाट दुर्वासा जी से आश्रम पांचाल घाट आदि स्थान पर फर्रुखाबाद जनपद ही नहीं आसपास जनपदों से भी मां गंगा के भक्ति गंगा स्नान करने के लिए आते हैं। बदायूं मैनपुरी शिकोहाबाद हरदोई बरेली आदि स्थानों से मां गंगा के भक्ति पांचाल घाट पर गंगा स्नान करते हैं। इन सभी घाटों पर लाखों की संख्या में मां गंगा के भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई।

## 118 करोड़ रुपए की परियोजना पर काम जारी

■ जिला विद्युत समिति की बैठक संपन्न

■ सांसद ने विद्युत आपूर्ति को लेकर दिए कड़े निर्देश




**फर्रुखाबाद,** 5 जून (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद मुकेश राजपूत ने आरडीएसएस के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और विद्युत आपूर्ति की स्थिति को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग ने बैठक में जानकारी दी कि जनपद में 118 करोड़ रुपये की लागत से आरडीएसएस योजना के तहत विभिन्न विद्युत सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उखरा में 400 केवी के विद्युत केंद्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसके पूरा होने से जिले में वोल्टेज की समस्या और आपूर्ति संबंधी दिक्कतें दूर हो जाएंगी। सांसद मुकेश राजपूत ने बैठक में ग्रामीण और ट्यूबवेल फीडरों को अलग-अलग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में फीडर सेपरेशन का कार्य अधूरा है, उन्हें शीघ्र स्वीकृत कराया जाए।

**पहल** *विश्व पर्यावरण दिवस पर वेंक्टेश्वरा की सराहनीय पहल*

## प्लास्टिक प्रदूषण हटाओ-पर्यावरण बचाओ जागरूकता रैली निकाली

■ संस्थापक सुधीर गिरि ने पर्यावरण बचाने के लिए सभी को दिलाई शपथ

■ पर्यावरण बचाने के लिए वृहद वृक्षारोपण प्रभावी : डॉ. राजीव त्यागी

**मेरठ, 5 जून (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा संस्थान, वी.जी.आई. मेरठ एवं वन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर 'वृहद वृक्षारोपण संगोष्ठी एवं पर्यावरण जागरूकता रैली' का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण के साथ 'पॉलीथीन मुक्त भारत' बनाने में सभी से अपना प्रभावी योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि आज यह एक सुखद संयोग है कि।**



आज ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस है। इस अवसर पर हम सब मिलकर शपथ लेते हैं कि सभी सामाजिक आयोजन जैसे जन्मदिन, शादी की सालगिरह, नामकरण संस्कार आदि शुभावसरों पर एक दूसरे को उपहार के रूप में पौधे भेंटकर प्रधानमंत्री 'क्लीन इंडिया-ग्रीन इंडिया' के सपने को साकार करने में अपना प्रभावी योगदान देकर राष्ट्र विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर 'प्लास्टिक प्रदूषण हटाओ-पर्यावरण बचाओ' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता एवं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एवं तेजी से जलवायु परिवर्तन का एकमात्र कारण यह है कि आज पढ़े-लिखे समृद्ध लोग भी प्रकृति से दूर होते जा रहे है। हम सभी को मिलकर प्रकृति संरक्षण एवं संवर्धन के लिए काम करना होगा तभी 'विनाश' के बिना 'विकास' संभव है। इसके साथ ही हमे प्लास्टिक को अपने दैनिक जीवन से बिल्कुल खत्म करना होगा, तभी यह धरा सुरक्षित रहेगी। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी आईएफएस एस.पी. सिंह ने कहा कि उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ वेंक्टेश्वरा अपने सामाजिक सरोकारों के लिए भी पूरे देश में जाना जाता है। आज इसी पहल के साथ मेरठ एवं मुरादाबाद प्रभाग में वेंक्टेश्वरा एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इक्कीस सौ पौधों को रोपित किया जा रहा है, जोकि संस्थान की बहुत ही सराहनीय पहल है।

वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के अब्दुल कलाम सभागार में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित 'वृहद वृक्षारोपण संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली' का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, वरिष्ठ आईएफएस एसपी सिंह, नरेश चौधरी, वन विभाग के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुमित राठी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डीन एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ. आशुतोष, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. नीतू सिंह, अनुषा कर्णवाल, डॉ. सुमन, डॉ. विवेक सचान, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. एस.एन. साहू, डॉ. राम कुमार, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. राजवर्द्धन, एसएस बघेल, मारूफचौधरी, प्रीतपाल, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## बहराइच में वन्य जीवों के आतंक से दहशत

**बहराइच,** 5 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के महसी इलाके में जंगली जानवरों के अचानक से बढ़ते हमले फिर से चिंता का विषय बन गए हैं। दो दिन पहले गदामार कला ग्राम में एक भेड़िये ने दो साल के मासूम को घायल कर दिया था। इसी कड़ी में बुधवार देर रात खमरिया हरदो पट्टी ग्राम में भी एक बारह साल के मासूम पर जंगली जानवर ने हमला किया, लेकिन बालक के चिल्लाने और परिजनों व ग्रामीणों के शोर मचाने की वजह से मासूम की जान बचाई जा सकी। सूत्रों ने आज बताया कि महसी क्षेत्र के खमरिया हरदो पट्टी के निवासी बाबादीन अपने परिवार के साथ घर के बरामदे में लेटे हुए थे। रात करीब बारह बजे अचानक एक जंगली जानवर ने उनके बेटे लवकुश पर हमला कर दिया।



## पंकज त्रिपाठी ने शुरू की नई फिल्म 'परिवारिक मनुरंजन' की शूटिंग

**मुंबई।** 'क्रिमिनल जस्टिस 4' की सफलता का आनंद ले रहे अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने अपनी अगली अपकमिंग फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री अदिति राव हैदरी नजर आएंगी। गुरुवार को पंकज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर फैंस को जानकारी दी। शेयर किए गए पोस्ट के जरिए पंकज त्रिपाठी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग लखनऊ में शुरू हो चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म का टाइटल 'परिवारिक मनुरंजन' है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर सेट से अपनी और अभिनेत्री अदिति राव हैदरी की तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें एक तस्वीर में वह अदिति को देखकर हंसते हुए नजर आ रहे हैं। यह फिल्म पंकज और अदिति की पहली ऑनस्क्रीन जोड़ी होगी।

# पृथ्वी के रक्षक तो इंसान के खास मित्र हैं पीपल समेत ये पांच वृक्ष

## पीपल, नीम, बरगद, पारिजात व अशोक वृक्ष पर्याप्त मात्रा में देते हैं ऑक्सीजन




**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर दुनिया भर में पृथ्वी को हरा-भरा बनाने की आवाज उठ रही है। आम लोगों के साथ ही फिल्म और राजनीतिक जगत के सितारे भी इस खास दिन पर पृथ्वी की हरियाली को लेकर बात करते नजर आए। ऐसे में बता दें कि पीपल, नीम समेत कुछ वृक्ष ऐसे हैं, जो पृथ्वी के रक्षक होने के साथ इंसान के खास दोस्त भी हैं। इनकी पत्तियों के साथ ही जड़, तना, फूल और छाल सभी मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं।

पीपल, नीम, बरगद, पारिजात और अशोक वृक्ष पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन देते हैं, पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं, छाया प्रदान करते हैं और कई बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। पीपल ऑक्सीजन का बड़ा स्रोत है, यह हवा को शुद्ध करता है। नीम औषधीय गुणों से भरपूर होता है और कई समस्याओं का इलाज करता है। बरगद चिलचिलाती धूप में छाया देने के साथ ही मिट्टी को मजबूत करता है। पारिजात के बारे में बता दें कि यह सुंदर और सुगंधित फूल देने के साथ ही पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन भी देता है।

**अशोक की छाल से पीरियड्स में होने वाले तेज दर्द में राहत**

यह पर्यावरण के लिए बेहद जरूरी है। अशोक हरा-भरा, शांति और सुंदरता का प्रतीक है। आमतौर पर यह घरों के बाहर लगे दिखाई देते हैं, जो सुंदरता को बढ़ाते और औषधीय गुणों से भी भरपूर हैं।

आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि इस वृक्ष के पास महिलाओं की हर समस्या का हल है। अशोक की पत्तियों और छाल से कई बीमारियों का इलाज किया जाता है। धर्म शास्त्रों में भी अशोक वृक्ष को विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि पवित्र वृक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव से हुई थी। वृक्ष की चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को पूजा की जाती है। पौराणिक महत्व के अलावा अशोक औषधीय गुणों से भी भरपूर है।

आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि समस्याओं से राहत पाने के लिए अशोक की छाल को भोजन करने के बाद दिन में दो बार गर्म पानी या शहद के साथ चूर्ण के साथ ले सकते हैं। अशोक की छाल खून साफ करती है, जिससे महिलाओं की त्वचा में निखार आता है। अशोक की छाल को चेहरे पर लगाने से मृत त्वचा से छुटकारा मिलता है। रिसर्च बताती है कि अशोक की छाल पीरियड्स में होने वाले तेज दर्द और ऐंठन, सूजन को कम कर देती है। यह बढ़े हुए वात को नियंत्रित करती है और इससे पाचन तंत्र भी मजबूत होता है।

पीपल की बात करें तो धार्मिक मान्यता है कि पीपल के वृक्ष में 33 करोड़ देवी-देवता निवास करते हैं। वहीं, सदाबहार पेड़ पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता के लिहाज से भी बेहद आवश्यक है। पीपल का पेड़ कई तरह के पक्षियों और जीवों के लिए भी घर है। यह पेड़ छाया तो देता ही है, साथ ही दिन के साथ ही रात में भी ऑक्सीजन छोड़ता है, जो प्रदूषण को कम करने और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

पारिजात का वृक्ष देखने में जितना खूबसूरत होता है, उतना ही फायदेमंद भी है। यह वृक्ष पर्यावरण और मानव दोनों के लिए बेहद जरूरी और लाभदायक होता है। पारिजात के वृक्ष को 'स्वर्ग का वृक्ष' कहा जाता है, जो औषधीय गुणों से भरपूर है। सफेद-नारंगी रंग के फूलों से लदे वृक्ष की छाल, फूलों, पत्तियां कई राहत दिलाने की ताकत के साथ ही ऐसी कई खूबियां हैं,जो आपके लिए बेहद फायदेमंद हैं। आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि 42 दिनों तक इसके सेवन से माइग्रेन के दर्द में राहत मिलती है। पारिजात के फूलों में पॉलीफेनोल्स, बायोएक्टिव एंजाइम्स पाए जाते हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस : 'एक पेड़ मां के नाम' पहल का हिस्सा बनीं कंगना रनौत, खास लोगों का जताया आभार




**मुंबई,** 5 जून (एजेंसियां)। अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र से भाजपा की सांसद कंगना रनौत विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल का हिस्सा बनीं। इस मौके पर उन्होंने अपने दिल्ली स्थित आवास पर पौधा लगाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कंगना रनौत ने लिखा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस पर हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल 'एक पेड़ मां के नाम' के साथ पौधरोपण अभियान को शुरू किया। मैंने अपने दिल्ली स्थित घर पर पौधा लगाया।

कंगना ने आगे बताया कि इस पर्यावरण दिवस पर मैं उन सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने मिट्टी और नदियों को बचाने के साथ-साथ पृथ्वी और महासागरों को प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है।

कंगना रनौत के साथ अभिनेता अल्लू अर्जुन ने भी विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं दी और प्रशंसकों से पृथ्वी को हरा-भरा करने की अपील की।

वहीं, अभिनेता रणदीप हुड्डा और उनकी पत्नी लिन लैशराम ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर मध्य प्रदेश के कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के निकट 500 से अधिक पेड़ लगाए। रणदीप ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं, इससे कहीं ज्यादा है और हमें इसके महत्व को समझना होगा। यह दिन हमें प्रकृति को पहुंचाए नुकसान की भरपाई के लिए भी प्रेरित करता है। अभिनेता ने कहा कि पेड़ लगाना एक छोटा सा काम लग सकता है, लेकिन यह बहुत शक्तिशाली है। रणदीप ने सभी से न केवल इस दिन को मनाने का आग्रह किया, बल्कि हर दिन अपने स्तर पर इसके संदेश को अपनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति को हमारी जरूरत नहीं है - हमें प्रकृति की जरूरत है।

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है, यह उद्यान बंगाल बाघों, भारतीय तेंदुओं, भालू, हिरण और काले हिरण का घर है।



## योग संगम 2025 के लिए 30 हजार संगठनों ने कराया पंजीकरण

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में, देश भर की 30,000 संस्थाओं ने योग संगम में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण कराया है। इनमें स्कूल, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, कॉरपोरेट, एनजीओ और सरकारी संस्थाएं भी शामिल हैं। आयुष मंत्रालय ने इस विषय में जानकारी देते हुए बताया कि इतनी बड़ी संख्या में पंजीकरण दिखाता है कि योग सिर्फ अभ्यास नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, सामुदायिक एकता और राष्ट्रीय कल्याण की दिशा में एक आंदोलन है।

21 जून को देश के एक लाख से ज्यादा स्थानों पर योग के कार्यक्रम होंगे, जिसमें लद्दाख की बर्फीली चोटियों से लेकर केरल के समुद्र तटों, स्कूलों, ऑफिसों, रेलवे स्टेशनों और मंदिरों के प्रांगण भी शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि इन कार्यक्रमों को योग पोर्टल पर ऑनलाइन ट्रैक किया जाएगा, जहां संस्थाएं अपने आयोजन के लिए पंजीकरण कर सकती हैं। आईआईटी, आईआईएम और सेंट्रल यूनिवर्सिटी जैसी प्रमुख संस्थाएं भी बड़े पैमाने पर योग प्रदर्शन कर रही हैं और इसे मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक मजबूती और नेतृत्व विकास के लिए बढ़ावा दे रही हैं।

इसमें भाग लेने के लिए लोग आयुष मंत्रालय की वेबसाइट पर समूह या संस्था के रूप में रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। 21 जून को योग संगम आयोजन के बाद, भागीदारी विवरण अपलोड करने पर आधिकारिक प्रशंसा प्रमाण पत्र मिलेगा। मंत्रालय ने कहा कि आइए, एक स्वस्थ और समृद्ध भारत के लिए योग संगम को राष्ट्रीय कल्याण का आधार बनाएं। हम सब मिलकर योग संगम को समग्र स्वास्थ्य और राष्ट्रीय कल्याण के लिए भारत के आंदोलन की आधारशिला बनाएं। बता दें, आयुष मंत्रालय ने एक पोर्टल लॉन्च किया है, जहां संगठन अपने कार्यक्रमों को पंजीकृत कर सकते हैं, 21 जून को योग सत्र आयोजित कर सकते हैं और आधिकारिक प्रशंसा प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए भागीदारी डेटा अपलोड कर सकते हैं।



## किशोरों में श्रवण हानि को रोकने में टीकाकरण की महत्वपूर्ण भूमिका

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। एक अध्ययन के अनुसार, बच्चों और किशोरों में श्रवण हानि (सुनने की क्षमता में कमी) को रोकने में टीकाकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसमें 26 संक्रामक रोगाणुओं की पहचान की गई है जो संभावित रूप से श्रवण हानि का कारण बन सकते हैं। दुनिया भर में 1.5 अरब से ज्यादा लोग किसी न किसी हद तक सुनने की क्षमता की कमी से प्रभावित हैं। हालांकि इसे अक्सर उम्र बढ़ने से जोड़ा जाता है, लेकिन कम ज्ञात लेकिन महत्वपूर्ण कारण बचपन और किशोरावस्था के दौरान होने वाले संक्रमण हैं, जिनमें से कई को रोका जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, रूबेला और कुछ प्रकार के मेनिन्जाइटिस के खिलाफ टीकाकरण जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के माध्यम से लगभग 60 प्रतिशत बाल श्रवण हानि को रोका जा सकता है।

आगे की जांच के लिए, कनाडा के मॉन्ट्रियल विश्वविद्यालय सहित शोधकर्ताओं की एक टीम ने वैज्ञानिक साहित्य की गहन समीक्षा की। कम्युनिकेशन्स मेडिसिन नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में 26 संक्रामक कारकों की पहचान की गई है, जो संभावित रूप से श्रवण हानि का कारण बन सकते हैं, जिनमें खसरा और रूबेला जैसी सामान्य बीमारियों के लिए जिम्मेदार वायरस भी शामिल हैं, जो गर्भावस्था के दौरान संक्रमित होने पर विशेष रूप से खतरनाक हैं क्योंकि यह विकासशील श्रवण प्रणाली को नुकसान पहुंचा सकता है और जन्मजात बहरापन पैदा कर सकता है।




सूची में कण्ठमाला रोग उत्पन्न करने वाला वायरस भी शामिल है, जो आंतरिक कान या श्रवण तंत्रिका को नुकसान पहुंचाकर संवेदी श्रवण हानि का कारण बन सकता है तथा हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा, स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया और निसेरिया मेनिंगिटिडिस बैक्टीरिया भी शामिल हैं, जो मेनिन्जाइटिस उत्पन्न करते हैं और सुनने की क्षमता को स्थायी क्षति पहुंचाते हैं।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ (ईपीएसयूएम) में स्वास्थ्य प्रबंधन, मूल्यांकन और नीति विभाग की प्रोफेसर मीरा जौहरी ने कहा कि यदि यह साबित हो जाता है कि कोई टीका जीवन बचाने में सक्षम है, तो उस आधार पर नीतिगत निर्णय लेना उचित है। लेकिन टीके अन्य नुकसानों, जैसे सुनने की क्षमता में कमी, को रोकने में भी महत्वपूर्ण लाभ प्रदान कर सकते हैं, और इन लाभों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अध्ययन में वैक्सीन के मूल्यांकन में सुनने की क्षमता में कमी के प्रभाव को शामिल करने की सिफारिश की गई है, चाहे वह विकास के दौरान हो या बाजार में पहले से मौजूद उत्पादों के लिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कर प्लॉस्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर दिया जोर

**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। जनहित कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत प्लॉस्टिक अपशिष्ट के प्रबंधन करने हेतु विचार व्यक्त किए गए। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के शीर्षक 'बीट प्लॉस्टिक पॉल्यूशन' को प्रभावी बनाने हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.ए.खान द्वारा उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी को प्लॉस्टिक का कम से कम उपयोग करना चाहिए तथा पैकिंग इत्यादि के लिए प्लॉस्टिक के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक साधनों को दिन-प्रतिदिन की जरूरतों में लाना चाहिए।



प्लॉस्टिक के दुष्प्रभाव से हमारा इको सिस्टम, मानव समाज व वन्य जीव पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। जो की हमारे पर्यावरण के लिए सुखद नहीं है।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों सहित परिसर में नीम पीपल इत्यादि वृक्षों का रोपण किया गया।

## न्यायाधीश बनकर विवि पहुंचे अंकित तिवारी का स्वागत



**ग्रेटर नोएडा,** 5 जून (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय में 2013 बैच के पासआउट छात्र और न्यायाधीश अंकित तिवारी का स्वागत किया गया। अंकित ने विश्वविद्यालय से लॉ पढ़ाई की थी। मूलरूप से बलिया के रहने वाले फिलहाल कन्नौज में न्यायाधीश के पद पर तैनात है।

कार्यक्रम के एल्युमिनाई के तौर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि शारदा विश्वविद्यालय में वापस आना एक बहुत ही भावनात्मक और गर्व का क्षण है, न केवल पूर्व छात्र के रूप में, बल्कि अब एक न्यायाधीश के रूप में। इस संस्थान में सम्मानित होकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर वाइ.के. गुप्ता ने कहा कि यह पूर्व छात्रों को विश्वविद्यालय के साथ फिर से जोड़ने और उनके अनुभवों को साझा करने का एक शानदार अवसर है। विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र स्वागत कार्यक्रम एक मूल्यवान गतिविधि है जो पूर्व छात्रों और विश्वविद्यालय दोनों के लिए फायदेमंद हो सकती है। यह पूर्व छात्रों को फिर से जोड़ने, उनके अनुभवों को साझा करने और विश्वविद्यालय के साथ अपने संबंध को मजबूत करने का एक शानदार अवसर है। इस दौरान वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा, रजिस्ट्रार डॉ. विवेक कुमार गुप्ता, दलाई गौतम, डॉ. ऋषिकेश दवे, डॉ. अजीत कुमार, इंद्रपाल सिंह, समेत विभिन्न विभाग के डीन और एचओडी मौजूद रहे।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**रबूपुरा,** 5 जून (देशबन्धु)। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या स्थित राम मंदिर में द्वितीय तल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। रबूपुरा के गांव भाईपुर निवासी वेद पंडित रविंद्र शर्मा ने बताया कि आचार्य चन्द्रभानु शर्मा, आचार्य रामकुमार शर्मा, आचार्य संदीप शर्मा, समेत 101 वैदिक आचार्यों द्वारा विधिवत प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। तत्कालीन सरकार में वेद पाठी की उपाधि से सम्मानित पंडित रविंद्र शर्मा ने बताया कि अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि राम मंदिर में 5 जून को भगवान गणेश, हनुमान जी, सूर्य भगवान, जटायु, राम दरबार, शिव-शक्ति, अन्नपूर्णा समेत अन्य देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा गई। जिसके मंत्रोंच्चारण एवं संपूर्ण कार्यक्रम को सम्पन्न कराने वाले आचार्यों ने वैदिक मंत्रों के विधिवत पूजा अर्चना कर महोत्सव सम्पन्न किया।



## कार्बोहाइड्रेट के प्रति ब्लड शुगर रिस्पॉन्स प्री डायबिटीज जोखिम का दे सकता है संकेत

- 55 प्रतिभागियों ने इंसुलिन रेजिस्टेंस व बीटा सेल डिसफंक्शन के लिए मेटाबॉलिक जांच की
- चावल खाने से पहले फाइबर या प्रोटीन खाने से ब्लड में ग्लूकोज स्पाइक कम

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। एक स्टडी के अनुसार, भोजन करने के बाद हमारे ब्लड शुगर की प्रतिक्रिया कैसी रहती है, यह मेटाबॉलिक हेल्थ के साथ-साथ प्रीडायबिटीज के जोखिम का संकेत भी दे सकती है। खासकर कार्बोहाइड्रेट के सेवन के बाद यह बात और जरूरी हो जाती है।

अमेरिका में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के रिसर्चर ने बताया कि व्यक्तियों के बीच ब्लड शुगर रिस्पॉन्स पैटर्न में अंतर इंसुलिन रेजिस्टेंस या बीटा सेल डिसफंक्शन जैसी विशिष्ट मेटाबॉलिक कंडीशन से जुड़ा था। दोनों ही डायबिटीज की वजह बन सकते हैं। नेचर मेडिसिन में प्रकाशित शोध में यह बताया है कि ब्लड शुगर रिस्पॉन्स में यह खोज पर्सनलाइज्ड प्री डायबिटीज और डायबिटीज के लिए व्यक्तिगत रोकथाम और उपचार रणनीतियों को जन्म दे सकती है।

स्टैनफोर्ड मेडिसिन में जेनेटिक्स के प्रोफेसर माइकल स्नाइडर ने कहा कि यह स्टडी बताती है कि न केवल प्रीडायबिटीज के कई टाइप हैं, बल्कि यह भी कि आपका खास तरह का टाइप यह निर्धारित कर सकता है कि आपको क्या खाना चाहिए और क्या नहीं।

स्टडी में उन 55 प्रतिभागियों ने इंसुलिन रेजिस्टेंस और बीटा सेल डिसफंक्शन के लिए मेटाबॉलिक टेस्ट किया, जिनको टाइप 2 डायबिटीज की बीमारी नहीं थी। प्रतिभागियों को मल्टी-ओमिक्स प्रोफाइलिंग के अधीन भी किया गया, जिसमें ट्राइग्लिसराइड के लेवल, ब्लड के प्लाज्मा में मेटाबोलाइट्स, लीवर फंक्शन के माप और गट माइक्रोबायोम डेटा के टेस्ट शामिल थे। प्रतिभागियों में से लगभग आधे, यानी कुल 26, प्री डायबिटीज से पीड़ित थे। यानी वे डायबिटीज होने की कगार पर थे। रिजल्ट से पता चला कि कई प्रतिभागियों में चावल या अंगूर खाने के बाद ब्लड ग्लूकोज लेवल में वृद्धि हुई, भले ही उनकी मेटाबॉलिक हेल्थ कैसी भी हो। रेजिस्टेंस स्टार्च की सबसे अधिक मात्रा वाले खाद्य पदार्थों जैसे आलू और पास्ता के प्रति ब्लड ग्लूकोज की प्रतिक्रिया प्रतिभागियों के मेटाबॉलिक डिसफंक्शन के आधार पर अलग थी। जिन प्रतिभागियों का ब्लड शुगर लेवल ब्रेड खाने के बाद बढ़ गया, उनमें हाई ब्लड प्रेशर होने की संभावना अधिक थी। आलू बनाम अंगूर के प्रति ब्लड ग्लूकोज रिस्पॉन्स की तुलना इंसुलिन रेजिस्टेंस से जुड़ी थी। यह अनुपात भविष्य में इंसुलिन रेजिस्टेंस के लिए एक रियल-वर्ल्ड बायोमार्कर के रूप में काम कर सकता है।

एंडोक्राइनोलॉजी के प्रोफेसर ट्रेसी मैकलॉघलिन ने कहा कि ऐसा बायोमार्कर उपयोगी होगा, क्योंकि इंसुलिन रेजिस्टेंस प र लाइफस्टाइल और दवाओं के लेने का प्रभाव पड़ता है, जो उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों में डायबिटीज के जोखिम को कम कर सकता है। वर्तमान में क्लीनिक में इसकी पहचान करने का कोई आसान तरीका नहीं है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि चावल खाने से पहले फाइबर या प्रोटीन खाने से ब्लड में ग्लूकोज स्पाइक कम हुआ और चावल खाने से पहले वसा युक्त भोजन खाने से ग्लूकोज स्पाइक पीक में देरी हुई।




## आईएनआरओ बिजनेस समिट 2025 : भारत-रोमानिया आर्थिक सहयोग के नए युग की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। भारत में रोमानिया के द्विपक्षीय वाणिज्य मंडल संघ (बीसीसीआर) ने 4 जून को दिल्ली के पुलमैन होटल, ऐरोसिटी में आईएनआरओ बिजनेस समिट 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह समिट भारत और रोमानिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को नए आयाम देने वाली एक ऐतिहासिक पहल रही। यह सम्मेलन दो मित्र राष्ट्रों के बीच संवाद, रणनीतिक सहयोग और व्यावसायिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें निर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य, खाद्य प्रसंस्करण, डिजिटल तकनीक और आधारभूत ढांचे सहित कई क्षेत्रों में साझेदारी की संभावनाओं पर विचार हुआ। आईएनआरओ बिजनेस समिट 2025 में सीमाओं से परे साझेदारी की भावना को साकार करते हुए कई विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इनमें बीसीसीआर के उपाध्यक्ष अल्बू एलिन मारियस, भारत और नेपाल में रोमानिया की राजदूत सेना लतीफ, भारत सरकार के सांसद महेश कुमार पुट्टा, यूबीसीसीआर की अध्यक्ष शिवा मुनजल, पूर्व विधायक, एप्पल इंडिया के पूर्व सीईओ और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र आदर्श शास्त्री, एयरबोटिक्स के निदेशक एवं 2024 के खम्मम लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विनोद राव तंद्रा, एयरबोटिक्स टेक्नोलॉजी के रणनीतिक सलाहकार कर्नल गांधी, तथा धनवर्षा ग्रुप के चेयरमैन एवं जनहित दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशुमन जोशी प्रमुख रूप से शामिल रहे।



# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इटरनल | 4.50 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.96 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.65 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.37 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.35 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 1.41 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.06 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.63 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.57 प्रतिशत |
| मारुति | 0.34 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,000 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,04,675 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## भारत-किर्गिस्तान द्विपक्षीय निवेश संधि लागू

- नई बीआईटी 12 मई 2000 को लागू किए गए पहले के समझौते की जगह लेगी
- किसी भी देश के निवेशकों के हितों को बढ़ावा देना व उनकी रक्षा करना है बीआईटी का उद्देश्य



**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और किर्गिस्तान के विदेश मामलों के मंत्री ज़ीनबेक कुलुबेव मोल्दोकानोविच के गुरूवार को यहां दोनों देशों के बीच प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने तथा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) से जुड़े दस्तावेजों के आदान प्रदान के साथ ही बीआईटी प्रभावी हो गई। भारत सरकार और किर्गिस्तान सरकार के बीच 14 जून, 2019 को बिश्केक में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) आज यानी 5 जून 2025 से लागू हो गई। यह नई बीआईटी 12 मई 2000 को लागू किए गए पहले के समझौते की जगह लेती है, जो दोनों देशों के बीच निवेश की सुरक्षा में निरंतरता सुनिश्चित करती है।

भारत-किर्गिस्तान बीआईटी द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और एक सुरक्षित और पूर्वानुमानित निवेश वातावरण को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बीआईटी का उद्देश्य दूसरे देश के क्षेत्र में किसी भी देश के निवेशकों के हितों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है। इसमें सतत विकास पर जोर दिया गया है। संपत्तियों की एक सांकेतिक समावेश सूची और परिसंपत्तियों की एक विशिष्ट बहिष्करण सूची के साथ उद्यम आधारित परिभाषा जो निवेश की विशेषताओं जैसे पूंजी की प्रतिबद्धता, लाभ या मुनाफे की उम्मीद, जोखिम की धारणा को भी स्पष्ट करती है और मेजबान देश के विकास के लिए महत्व रखती है।

स्थानीय सरकार, सरकारी खरीद, कराधान, सरकारी प्राधिकरण के प्रयोग में आपूर्ति की जाने वाली सेवाएँ, अनिवार्य लाइसेंस से संबंधित मामलों को इस संधि से अलग रखा गया है ताकि ऐसे मामलों में सरकार के पास पर्याप्त नीतिगत स्थान बना रहे। बीआईटी निवेश के उपचार के मुख्य तत्वों को परिभाषित करने का प्रयास करता है, जैसा कि प्रथागत अंतरराष्ट्रीय कानून में पाया जाता है। इसके अलावा, बीआईटी राष्ट्रीय स्तर पर निवेश, अधिग्रहण और हस्तांतरण पर प्रावधानों के माध्यम से एक संतुलित रूपरेखा सुनिश्चित करता है। सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) दायित्व ने अतीत में निवेशकों को मेजबान राष्ट्र द्वारा संपन्न अन्य संधियों से अनुकूल मूल प्रावधानों को चुनिंदा रूप से 'आयात' करने की अनुमति दी है।

बीआईटी में एमएफएन खंड को हटा दिया गया है। बीआईटी में दो प्रकार के अपवाद शामिल हैं- सामान्य अपवाद और सुरक्षा अपवाद। सामान्य अपवाद में अन्य बातों के अलावा, पर्यावरण की सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित करना और सार्वजनिक नैतिकता तथा सार्वजनिक व्यवस्था की रक्षा करना शामिल है।

### भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता शीघ्र किए जाने के पक्ष में रोमानिया

**नई दिल्ली।** भारत में रोमानिया की राजदूत सेना लतीफ ने दोनों देशों के व्यवसायी समुदाय से प्रतावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द अंतिम रूप देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार में विशाल संभावनाएं छुपी हैं। सुश्री लतीफ यहां बुधवार रात भारत में रोमानिया के द्विपक्षीय वाणिज्य मंडलों के संघ (यूबीसीसीआर) की ओर से आयोजित एक व्यावसायिक सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। यह पहली बार है जब रोमानिया के उद्योगों को भारत में इतने बड़े पैमाने पर लाया गया है, वाइन और कन्फेक्शनरी से लेकर उच्च तकनीक और हेल्थकेयर क्षेत्र तक हम यहां अपना व्यवसाय कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य केवल व्यापार नहीं, बल्कि विचारों का आदान-प्रदान, संयुक्त उद्यम और साझा प्रगति है। इस अवसर पर सांसद पुट्टा महेश कुमार ने कहा कि भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

## भारत-इटली मिलकर काम करने के लिए तत्पर : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और एक साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। यह बयान केंद्रीय मंत्री गोयल की दो दिवसीय आधिकारिक इटली यात्रा के दौरान आया है, जिसमें वह भारत और इटली के बीच आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि इटली के उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री एंटोनियो तजानी से शानदार रात्रिभोज की मेजबानी पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने आगे कहा कि उन्हें एक प्रतिष्ठित सभा को संबोधित करने और भारत-इटली के बीच आर्थिक संबंधों को गहरा करने पर सार्थक चर्चा करने का सौभाग्य मिला।


वाणिज्य मंत्री ने कहा कि ब्रेशिया में पिनाकोटेका टोसियो मार्टिनेंगो म्यूजियम ने वास्तव में समग्र अनुभव को समृद्ध किया। उत्कृष्ट कला से घिरा माहौल खूबसूरती के साथ सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है, जिसे हमारे दोनों देश बहुत महत्व देते हैं। हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने इससे पहले कमर्शियल लाइटिंग के एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्लेयर आईमून की सीईओ लॉरा टारक्विनियो और उनकी टीम से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हमने स्मार्ट लाइटिंग सॉल्यूशन के लिए भारत में उपलब्ध निवेश के अपार अवसरों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

केंद्रीय मंत्री ने कई अन्य टॉप इटली सीईओ से मुलाकात की और चर्चा की कि वे निरंतर विकास के लिए भारत के इनोवेशन इकोसिस्टम का सर्वोत्तम तरीके से कैसे लाभ उठा सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग टेक कंपनी पोग्गीपोलिनी एस.पी.ए. के सीईओ मिशेल पोग्गीपोलिनी से मुलाकात की।

## सोने की कीमत 1,400 रुपए से अधिक बढ़ी, चांदी 1.04 लाख रुपए के पार



**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार को तेजी देखने को मिली और 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 98,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 1.04 लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई है।

इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 1,416 रुपए बढ़कर 98,163 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि बुधवार को 96,747 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 89,917 रुपए हो गई है, जो कि पहले 88,620 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 73,622 रुपए हो गया है, जो कि पहले 72,560 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सोने के साथ चांदी की कीमत में भारी इजाफा देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में चांदी की कीमत 3,695 रुपए बढ़कर 1,04,675 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,00,980 रुपए प्रति किलो थी।

एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि डॉलर में कमजोरी के कारण सोने में उछाल दर्ज किया गया और चांदी 12 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

## रेलवे ने टिकट बुकिंग में बनाया रिकॉर्ड

- 22 मई को प्रति मिनट बुक की गई 31,814 टिकट
- टिकट बुकिंग के लिए 2.5 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी को किया निष्क्रिय



**नई दिल्ली,** 5 जून (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे ने बताया कि 22 मई को प्रति मिनट 31,814 टिकट बुक की गई हैं। रेलवे के इतिहास में टिकट बुकिंग का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह आंकड़ा रेलवे के टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म की क्षमता को भी दिखाता है। इसके अलावा रेलवे ने बताया कि अनधिकृत ऑटोमेटेड बुकिंग पर कार्रवाई करते हुए उसके एआई संचालित सिस्टम ने टिकट बुकिंग के लिए 2.5 करोड़ संदिग्ध यूजर आईडी को निष्क्रिय कर दिया है।

रेल मंत्रालय ने बयान में बताया कि निष्पक्षता और दक्षता को और बढ़ाने के लिए नए यूजर प्रोटोकॉल जारी किए जाएंगे। रेलवे ने कहा कि जिन यूजर्स ने आधार के जरिए ऑथेंटिकेशन नहीं किया होगा, वे एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी), तत्काल और प्रीमियम तत्काल की टिकट पंजीकरण के तीन दिन बाद बुक कर पाएंगे। वहीं, आधार-वेरिफाइड यूजर्स बिना किसी देरी के टिकट की बुकिंग कर सकते हैं।

रेलवे ने बताया, एवरेज डेली यूजर लॉगिन वित्त वर्ष 2023-24 में 69.08 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 82.57 लाख हो गया है, जो 19.53 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जबकि इसी अवधि में एवरेज डेली टिकट बुकिंग में 11.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इसके अतिरिक्त ई-टिकटिंग की हिस्सेदारी अब कुल रिजर्व टिकट बुकिंग में 86.38 प्रतिशत हो गई है।

भारतीय रेलवे ने अपने टिकटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का बड़े स्तर पर डिजिटल ओवरहाल किया है। अत्याधुनिक एंटी-बॉट सिस्टम की तैनाती और एक प्रमुख सीडीएन सेवा प्रदाता के साथ एकीकरण के माध्यम से रेलवे ने बेईमान एजेंटों द्वारा अनधिकृत ऑटोमेटेड बुकिंग पर काफी हद तक अंकुश लगाया है और रियल यूजर्स के लिए वेबसाइट की पहुंच में सुधार किया है। नई प्रणाली ने सभी बॉट ट्रैफिक को प्रभावी रूप से कम कर दिया है, जो तत्काल के पहले पांच मिनट के दौरान पीक पर होता है। इस अवधि के दौरान कुल लॉगिन प्रयासों में बॉट ट्रैफिक का हिस्सा 50 प्रतिशत तक होता है।

**सार संक्षेप**

### सुदर्शन वेणु टीवीएस मोटर के अध्यक्ष नियुक्त

**बेंगलुरु।** ऑटोमोटिव कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी ने श्री सुदर्शन वेणु को कंपनी का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की गुरुवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से वेणु की नियुक्ति को मंजूरी दी है। यह नियुक्ति निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान कंपनी की निरंतर वृद्धि और रणनीतिक विकास में उनके अनुकरणीय योगदान के सम्मान में की गई है। 25 अगस्त, 2025 से वेणु को अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि उसके वर्तमान अध्यक्ष सर राल्फ स्पेथ ने निदेशक मंडल को सूचित किया है कि वे आगामी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कंपनी के निदेशक के रूप में पुनः नियुक्ति की मांग नहीं करेंगे। परिणामस्वरूप, वे 22 अगस्त, 2025 को वार्षिक आम बैठक के समापन पर कंपनी के अध्यक्ष पद से हट जाएंगे।

### अडानी समूह का कर भुगतान 29 प्रतिशत बढ़ा


**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडानी की विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी अडानी समूह ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कर और अन्य भुगतानों के रूप में कुल 74 हजार 945 करोड़ रुपए का योगदान दिया है, जो इसके पिछले वित्त वर्ष के 58 हजार 104 करोड़ रुपए की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि यह आंकड़ा समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकारों को मिला है। इसमें से 28 हजार 720 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष कर, 45 हजार 407 करोड़ रुपए अप्रत्यक्ष कर और 818 करोड़ रुपए अन्य योगदान के रूप में शामिल हैं। समूह की सात प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन, अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडानी पावर, अडानी टोटल गैस और अंबुजा सीमेंट्स ने स्वतंत्र वार्षिक रिपोर्टों में यह जानकारी साझा की है। इनके अलावा एनडीटीवी, एसीसी और सांघी इंडस्ट्रीज जैसी कंपनियों के कर भुगतान को भी इस आंकड़े में शामिल किया गया है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का ऋण वितरण में उछाल

**मुंबई।** निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने ग्राहकों को पारंपरिक बीमा पॉलिसियों के विरुद्ध 900 करोड़ रुपए से अधिक के ऋण वितरित किए हैं, जो इसके पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। कंपनी ने गुरुवार को बयान जारी कर बताया कि इस सुविधा के माध्यम से 42 हजार 700 से अधिक ग्राहकों ने आकस्मिक वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए फंड प्राप्त किया, जबकि उनका दीर्घकालिक जीवन बीमा निवेश भी सुरक्षित बना रहा। 'पॉलिसी के विरुद्ध ऋण' की सुविधा से ग्राहक अपनी पॉलिसी के सरेंडर मूल्यांकन के 80 प्रतिशत तक ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

## शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी

- सेंसेक्स 0.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,442.04 अंक पर
- निफ्टी 0.53 प्रतिशत उछलकर 24750.90 अंक पर बंद




**मुंबई,** 5 जून (एजेंसियां)। अमेरिका-चीन व्यापार तनाव बढ़ने से डॉलर और ट्रेजरी यील्ड में गिरावट की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 443.79 अंक अर्थात 0.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,442.04 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 130.70 अंक यानी 0.53 प्रतिशत उछलकर 24750.90 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 0.39 प्रतिशत चढ़कर 45,679.87 अंक और स्मॉलकैप 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,210.44 अंक हो गया। इस दौरान बएसई में कुल 4129 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2257 में लिवाली जबकि 1725 में बिकवाली हुई वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2973 कंपनियों के शेयरों में से 1738 में तेजी जबकि 1144 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा। बीएसई में तेल एवं गैस और ऑटो की 0.05 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.51, सीडी 0.73, ऊर्जा 0.30, एफएमसीजी 0.26, वित्तीय सेवाएं 0.43, हेल्थकेयर 0.88, इंडस्ट्रियल्स 0.60, आईटी 0.35, दूरसंचार 0.27, यूटिलिटीज 0.38, बैंकिंग 0.11, कैपिटल गुड्स 0.42, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.09, धातु 0.42, पावर 0.31, रियल्टी 1.79, टेक 0.33, सर्विसेज 1.09 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.45 प्रतिशत चढ़ गए। विश्व बाजार का रुझान भी सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.28, जर्मनी का डैक्स 0.38, हांगकांग का हैंगसेंग 1.07 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.23 प्रतिशत मजबूत रहा। हालांकि जापान के निक्केई में 0.51 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 198 अंक की तेजी के साथ 81,196.08 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,983.73 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, इसके बाद हुई भारी लिवाली की बदौलत दोपहर तक यह 81,911.13 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 80,998.25 अंक के मुकाबले 0.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,442.04 अंक पर पहुंच गया। अंत में पिछले सत्र के 24,620.20 अंक की तुलना में 0.53 प्रतिशत उछलकर 24,750.90 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में इटरनल 4.50, पावरग्रिड 1.96, आईसीआईसीआई बैंक 1.65, रिलायंस 1.37, अडानी पोर्ट्स 1.35, अल्ट्रासिम्को 1.12, सन फार्मा 1.08, आईटीसी 0.72, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.60, एचडीएफसी बैंक 0.52, एलटी 0.49, एचसीएल टेक 0.36, इंफोसिस 0.20, भारती एयरटेल 0.19, नेस्ले इंडिया 0.16प्रतिशत शामिल रहा। वहीं, इंडसइंड बैंक 1.41, एक्सिस बैंक 1.06, बजाज फिनसर्व 0.63, बजाज फाइनेंस 0.57, मारुति 0.34, कोटक बैंके 0.33, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.27,टीसीएस 0.25, एशियन पेंट 0.25, एनटीपीसी 0.20, टाटा स्टील 0.09 और एसबीआई के शेयर 0.04 प्रतिशत नुकसान में रहे।

## मई में खाद्य मुद्रास्फीति कम होने से घर में पकाई गई शाकाहारी-मांसाहारी थाली हुई सस्ती



- सालाना आधार पर 6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। क्रिसिल की रिपोर्ट में गुरुवार को बताया गया कि उच्च आधार प्रभाव के कारण प्रमुख सब्जियों की कीमतों में तेज गिरावट की वजह से मई में घर में पकाई गई शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमत में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। शाकाहारी थाली की कीमत मासिक आधार पर स्थिर रही, जबकि मांसाहारी थाली की कीमत में पिछले महीने 2 प्रतिशत की कमी आई। 'रोटी राइस दर' (आरआरआर) रिपोर्ट के अनुसार, मई में टमाटर की कीमतें 33 रुपए प्रति किलोग्राम से 29 प्रतिशत गिरकर 23 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गईं। बीते वर्ष पैदावार को लेकर चिंताओं के कारण कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई थी।

प्याज और आलू की कीमतों में क्रमशः 15 प्रतिशत और 16 प्रतिशत की गिरावट आई है। बीते वर्ष पश्चिम बंगाल में फसल को हुए नुकसान और बेमौसम बारिश के कारण आलू की कीमतों में उछाल आया था। इसी तरह महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण रबी की फसल के कम रकबे और उपज के कारण प्याज की कीमतों में उछाल आया था। घर पर थाली तैयार करने की औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में प्रचलित इनपुट कीमतों के आधार पर की जाती है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, अधिकांश दालें सस्ती व अन्य जिंसों के भाव स्थिर



**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव तथा अधिकांश दालें गिर गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 46 रिंगिट की गिरावट लेकर 3900 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.25 सेंट लुढ़ककर 46.56 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।


**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 150 रुपए, दाल चना 150 रुपए और मूंग दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## केंद्र ने एसईजेड मानदंडों को बनाया आसान

- सरकार ने दी सेमीकंडक्टर व इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील



**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील दी है। इसके तहत कंपनियों को विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में छोटे भूखंडों पर कारखाने स्थापित करने की अनुमति दी गई है, जिससे प्रवेश की लागत कम होगी। इन इकाइयों को निर्यात के अलावा घरेलू बाजार में अपने उत्पाद बेचने की भी अनुमति होगी।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी गैजेट नोटिफिकेशन के अनुसार, विशेष रूप से सेमीकंडक्टर या इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स बनाने के लिए एसईजेड में कारखानों के लिए न्यूनतम भूमि की आवश्यकता को पहले की 50 हेक्टेयर से घटाकर 10 हेक्टेयर कर दिया गया है। इसी तरह, मल्टी-प्रोडक्ट एसईजेड में, न्यूनतम भूमि की आवश्यकता को पहले की 20 हेक्टेयर से घटाकर 4 हेक्टेयर कर दिया गया है। यह नियम गोवा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, सिक्किम, लद्दाख, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार, लक्षद्वीप, दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली में लागू होगा।

आसान किए गए मानदंड सेमीकंडक्टर, डिस्प्ले मॉड्यूल सब एसेंबली, कई दूसरे मॉड्यूल सब-एसेंबली, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड्स, लिथियम-आयन बैटरी सेल, मोबाइल और आईटी हार्डवेयर कंपोनेंट्स, हियरेबल्स और वियरेबल्स सहित कई अन्य क्षेत्रों पर लागू होंगे। विशेष आर्थिक क्षेत्र (संशोधन) नियम, 2025 के तहत ये बदलाव 3 जून को लागू हुए हैं। यह कदम वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच देश में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने की सरकार की रणनीति का हिस्सा है। देश में स्मार्टफोन और इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में जोरदार वृद्धि के साथ हाल के वर्षों में भारत में चिप्स की मांग बढ़ी है। सरकार द्वारा 3 जून को अधिसूचित विशेष आर्थिक क्षेत्र (संशोधन) नियम, 2025 भी निर्माताओं को तैयार माल को स्थानांतरित करने या बेचने के लिए अधिक स्वायत्तता प्रदान करते हैं। आसान किए गए नियमों के तहत, कंपनियां अब या तो भारत से सीधे माल निर्यात कर सकती हैं या आवश्यक करों का भुगतान कर देश में उन्हें बेच सकती हैं। वे अपने माल को उसी या किसी अन्य एसईजेड में एक मुक्त व्यापार और भंडारण क्षेत्र में या एक कस्टम बॉन्डेड वेयरहाउस में भी ले जा सकते हैं, जो सरकारी नियंत्रण के तहत एक विशेष भंडारण है। इससे कंपनियों को अपने इन्वेंटरी का प्रबंधन करने और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए अधिक फ्लेक्सिबिलिटी मिलती है। इसके अलावा, एसईजेड में स्थित सेवा प्रदाता अब आयात के अलावा घरेलू बाजार से कच्चा माल, पूंजीगत सामान, घटक और उपभोग्य वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं।

# खेल जगत

## एड्रियन ली रॉक्स बने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच

**नई दिल्ली।** एड्रियन ली रॉक्स ने घोषणा की है कि वह पंजाब किंग्स के साथ अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम में नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के रूप में शामिल होंगे, जो आईपीएल 2025 के उपविजेता रहे। जनवरी 2002 से मई 2003 तक भारतीय टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच रहने के बाद यह ली रॉक्स का भारतीय टीम के साथ दूसरा कार्यकाल होगा। अब वह भारतीय टीम में उस भूमिका में कदम रखेंगे, जो सोहम देसाई के हाल ही में जाने के बाद खाली हो गई थी। और इसके साथ ही पंजाब किंग्स के साथ मेरा 6 साल का सफर खत्म हो गया। इस सीजन में फाइनल तक का सफर तय किया। बस थोड़ा कम रह गया, और हां, इससे वाकई दुख हुआ। लेकिन मुझे टीम पर बहुत गर्व है, जिस तरह से हमने तैयारी की, जिस तरह से हमने खेला और जिस तरह से हमने अंत तक संघर्ष किया।



## अनकैप्ड भारतीय सूर्यवंशी, म्हात्रे, प्रियांश, निगम, राठी व अश्विनी पहली बार आईपीएल में छाए

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 5 जून (देशबन्धु)। दुनिया की सबसे महंगी और सम्मानित क्रिकेट लीग -इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)-को 'भारतीय प्रतिभा लीग' भी यूं ही नहीं कहा जा रहा है। आईपीएल भारत के अनकैप्ड (अब तक भारत की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे की नुमाइंदगी न करने वाले) खासतौर पर अनजान भारतीय क्रिकेटरों को अलग अलग फ्रेंचाइजी में दुनिया भर के धुरंधर क्रिकेटरों के साथ और उनके खिलाफ खेलने का मौका देती है । इससे भारत के इन अनकैप्ड क्रिकेटरों को खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए जेहनी तौर पर तैयार करने में बहुत मदद मिलती है। आईपीएल 2025 मंगलवार का समापन इसके 18 वें संस्करण में आरसीबी के 18 वें प्रयास में पहली बार खिताब जीतने की अधूरी के साथ हुआ। 14 बरस के वैभव सूर्यवंशी, 17 बरस के आयुष म्हात्रे, 23 बरस के बाएं हाथ के ही प्रियांश आर्य ने बल्ले से तथा लेग स्पिनर 20 बरस के विपराज निगम, 25 बरस के विग्नेश राठी तथा 23 बरस के बाएं हाथ के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार ने 2025 संस्करण में भारत के अनकैप्ड क्रिकेटरों के रूप में पहली बार ही आईपीएल में शिरकत करते हुए छाप छोड़ अपने सुनहरे भविष्य की उम्मीद जगाई।




### ऐसे पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं

1. **वैभव सूर्यवंशी:** राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए 14 साल के इस युवा खिलाड़ी ने 296.56 की औसत के साथ 252 रन बनाए। इस दौरान एक शतक भी शामिल था। सूर्यवंशी को सुपर 'स्ट्राइकर ऑफ द सीजन खिताब से भी नवाजा गया। उन्हें भारत की अंडर-19 टीम में भी चुना गया है।
2. **दिग्वेश राठी:** दिग्वेश राठी का आईपीएल करियर भले ही विवादों से भरा रहा है, लेकिन उन्होंने इस सीजन 14 विकेट अपने नाम किए हैं।
3. **प्रियांश आर्या:** पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए इस युवा खिलाड़ी ने 17 मैच खेले, जिसमें 475 रन बनाए। इस दौरान प्रियांश के बल्ले से एक शतक और दो अर्द्धशतक आए।
4. **यश दयाल:** आरसीबी के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपनी वैरिएशन से सभी को प्रभावित किया। दयाल को नई गेंद और डेथ ओवर्स का माहिर गेंदबाज माना जाता है।

आईपीएल-2022 में दयाल ने नौ मैच खेले, जिसमें 11 शिकार किए। आईपीएल-2024 में दयाल ने 15 विकेट चटकाए। यही वजह रही कि मेगा ऑक्शन में दयाल को पांच करोड़ रुपये में रिटेन किया गया। उन्होंने इस सीजन 15 मुकाबलों में 13 विकेट अपने नाम किए।

5. **प्रभसिमरन सिंह:** आईपीएल-2025 में पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए प्रभसिमरन ने 17 मुकाबलों में 160.53 की औसत के साथ 549 रन बनाए। इसमें चार अर्धशतक शामिल रहे। पिछले सीजन में प्रभसिमरन 334 रन जड़े थे। वह भारत के टॉप ऑर्डर को मजबूत कर सकते हैं।

## मेरी संवेदनाएं हर प्रभावित परिवार के साथ : सचिन तेंदुलकर

**बेंगलुरु,** 5 जून (एजेंसियां)। क्रिकेट के दिग्गज और भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई भयानक भगदड़ के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है, जिसमें 11 लोगों की जान चली गई और 33 अन्य घायल हो गए। इस घटना ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ऐतिहासिक पहली जीत के जश्न को एक दिल दहला देने वाली त्रासदी में बदल दिया। तेंदुलकर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में जो कुछ हुआ, वह दुखद से भी परे है। मेरी संवेदनाएं हर प्रभावित परिवार के साथ हैं। सभी के लिए शांति और शक्ति की कामना करता हूं। इससे पहले, भारत के पूर्व



स्पिनर हरभजन सिंह और सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इस त्रासदी पर शोक व्यक्त किया और पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। हरभजन सिंह ने ट्विटर पर एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बेंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ की दुखद खबर, जिसके परिणामस्वरूप कई क्रिकेट प्रशंसकों की जान चली गई और

■ इस घटना ने आरसीबी की ऐतिहासिक पहली जीत के जश्न को एक त्रासदी में बदल दिया : सचिन तेंदुलकर

कई घायल हो गए, इसने खेल की भावना पर एक काली छाया डाल दी है जो हमारे देश भर में लाखों लोगों को एकजुट करती है। हरभजन ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं इस अविश्वसनीय रूप से कठिन समय में उनके साथ एकजुटता से खड़ा हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। आकाश चोपड़ा ने भी इस भयावह घटना पर अपना दुख व्यक्त किया।

## बेंगलुरु में जो हुआ वो बहुत ही दुखद घटना : तिवारी



**हावड़ा।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने बेंगलुरु भगदड़ को लेकर दुख जताते हुए राज्य सरकार, आरसीबी मैनेजमेंट को निशाने पर लिया। पूर्व क्रिकेटर ने स्टेडियम में जश्न के आयोजन पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अनुभव की घोर कमी थी। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि जब 2012 में हम लोगों ने आईपीएल का खिताब जीता, उस वक्त पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दो दिनों का वक्त लिया। इसके बाद कार्यक्रम को अंजाम दिया गया। सबकुछ बहुत अच्छे से मैनेज हुआ। ऐसा इसीलिए हुआ क्योंकि, ममता बनर्जी को राजनीति का लंबा अनुभव है। लेकिन, जिस प्रकार से बेंगलुरु में हादसा हुआ है, लोगों की कीमती जान चली गई। इस घटना को देखकर तो ऐसा ही लगता है कि यहां अनुभव की कमी थी। राज्य सरकार हो या फिर आरसीबी टीम मैनेजमेंट इनकी जवाबदेही तो तय होनी चाहिए। गुरुवार को बातचीत के दौरान पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि बेंगलुरु में जो हुआ वो बहुत ही दुखद घटना है। कभी हम यह सोच भी नहीं सकते हैं, इस तरह की घटना हो जाएगी। वहां गए लोगों ने कभी नहीं सोचा होगा कि उनके साथ ऐसा कुछ होगा। तिवारी ने कहा कि जिस तरह से वहां घटना हुई है उसे लेकर मन में काफी गुस्सा है कि एक तरफ यह घटना हुई, दूसरी ओर जश्न जारी रहा।

## गनेमत ने तीसरे राष्ट्रीय ट्रायल में महिला स्कीट में हासिल किया शीर्ष स्थान

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। पंजाब की गनेमत सेखों ने भोपाल स्थित एम.पी. स्टेट अकादमी शूटिंग रेंज में बुधवार को आयोजित शॉटगन नेशनल सिलेक्शन ट्रायल 3 (टी3) में क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में अपना नंबर 1 स्थान फिर से हासिल किया। उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। हालांकि, दोनों खिलाड़ी फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनेमत 60 शॉट्स की निर्णायक श्रृंखला में 40वें शॉट पर बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 हिट्स हासिल किए, जबकि अभय ने 35 हिट्स के साथ फाइनल समाप्त किया। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने पुरुष वर्ग का खिताब शानदार प्रदर्शन के साथ जीता, उन्होंने फाइनल में 58 हिट्स लगाए। पंजाब के प्रतिभाशाली युवा भवतघ गिल (क्वालिफिकेशन स्कोर 119) 53 हिट्स के साथ रजत



■ ओलम्पियन अनंतजीत सिंह नरुका ने पुरुष वर्ग का खिताब शानदार प्रदर्शन के साथ जीता

पदक विजेता रहे। वहीं, ओलंपियन और संयुक्त विश्व रिकॉर्ड धारक अंगद बाजवा ने 50 शॉट्स में 45 हिट्स के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग का खिताब राजस्थान की दर्शना राठौर ने 60 में से 50 हिट्स के साथ जीता, और दो ओलंपियन को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरियाणा की राइजा ढिल्लों ने 48 हिट्स के साथ रजत पदक जीता, जबकि दर्शना की राज्य साथी महेश्वरी चौहान ने 40 हिट्स के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी स्थान पर शुक्रवार (6 जून) से ट्रैप टी3 ट्रायल्स आयोजित किए जाएंगे।

## सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में सिंधु रोमांचक मुकाबले के बाद बाहर

■ मुकाबला काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन भारतीयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम किया

**जकार्ता,** 5 जून (एजेंसियां)। भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने गुरुवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 के क्वार्टर फाइनल में वापसी करते हुए जीत दर्ज की, जबकि पीवी सिंधु तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले के बाद दूसरे दौर में बाहर हो गईं। जकार्ता में 2023 के चैंपियन, सात्विक और चिराग ने डेनमार्क के रासमस केजर और फ्रेडरिक सोगार्ड के खिलाफ 68 मिनट के रोलरकोस्टर मुकाबले में अपनी मजबूत तेवर दिखाए। सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली दुनिया की 22वें नंबर की



भारतीय जोड़ी ने दुनिया की 16वें नंबर की जोड़ी को 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। मुकाबला काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन भारतीयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। मैच की शुरुआत सात्विक और चिराग के लिए बैकफुट पर रही, क्योंकि डेनमार्क की जोड़ी ने शुरुआत में ही नियंत्रण हासिल कर लिया, नेट पर दबदबा बनाया और पहले गेम में भारतीयों को पछाड़ दिया। 6-10 से 10-10 की बराबरी पर आने के बावजूद भारतीय जोड़ी केजर और सोगार्ड को ओपनर जीतने से नहीं रोक पाई। दूसरे गेम में भारतीयों ने आक्रामकता और बेहतर प्लेसमेंट के साथ जवाब दिया, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी गलतियां करने लगे। 14-14 से भारतीय जोड़ी ने लगातार पांच अंक लेकर बढ़त हासिल की और आखिरी समय में बढ़त हासिल करते हुए मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। तीसरे गेम में सात्विक और चिराग ने 5-1 की बढ़त बनाई, लेकिन डेनमार्क ने वापसी करते हुए 8-8 की बराबरी कर ली। मुकाबला रोमांचक रहा और डेनमार्क ने 20-19 के स्कोर पर मैच प्वाइंट हासिल कर लिया। लेकिन चिराग के निडर रिटर्न ने स्कोर बराबर कर दिया और सात्विक की शानदार सर्विस के बाद सटीक प्लेसमेंट ने रोमांचक जीत दर्ज की - और भारतीय बेंच पर जोरदार जश्न मनाया।

## सार संक्षेप

### 6 जून से इंग्लैंड-वेस्टइंडीज के बीच टी20 सीरीज

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच छह जून से टी20 सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। वेस्टइंडीज को हाल ही में संपन्न वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बाद इंग्लैंड आगामी सीरीज में भी मजबूत नजर आ रही है। दोनों देशों के बीच पहला टी20 मुकाबला छह जून को चेस्टर-ली-स्ट्रीट पर खेला जाएगा। इसके बाद आठ जून को ब्रिस्टल में दूसरे मैच का आयोजन होगा। तीसरा मुकाबला 10 जून को साउथैम्प्टन में होगा। यह सीरीज नए टी20 कप्तान शाई होप के लिए पहला मिशन है। इस टीम में जेसन होल्डर की वापसी हुई है। इससे पहले होल्डर फरवरी 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में उतरे थे। इंग्लैंड टीम की कमान हैरी ब्रूक के हाथों में है। जोस बटलर जैसे अनुभवी खिलाड़ी टीम के साथ हैं, जबकि आदिल रशीद से भी टीम को काफी उम्मीदें होंगी।

### फिलहाल जोकोविच को थोड़ा कम आंका गया है: ज्वेरेव

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन क्वार्टरफाइनल में नोवाक जोकोविच से हारने के बाद, पिछले साल के फाइनलिस्ट अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने तीन बार के रौलां गैरो चैंपियन से हार पर विचार किया और सर्बियाई महान खिलाड़ी को कम आंका गया खिलाड़ी कहा। 24 बार के प्रमुख चैंपियन जोकोविच, जिन्होंने क्ले-कोर्ट स्विंग की शुरुआत करने के लिए लगातार शुरुआती दौर में हार का सामना किया है, ने रिकॉर्ड 25वीं प्रमुख ट्रॉफी की तलाश में सही समय पर अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म फिर से हासिल किया है। छठी वरीयता प्राप्त सर्बियाई खिलाड़ी पेरिस में प्रमुख पसंदीदा के रूप में नहीं पहुंचे, लेकिन उन्होंने 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से जीत हासिल करने और रिकॉर्ड 51वें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए एक शानदार प्रदर्शन किया। ज्वेरेव ने जोकोविच के बारे में कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि इस समय उन्हें थोड़ा कम आंका गया है।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 143 रनों से हराया

■ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है

**लेस्टर (इंग्लैंड),** 5 जून (एजेंसियां)। एमी जोंस (129), टैमी बोमॉन्ट (106) की शतकीय और एमा लैंब (55) की अर्द्धशतकीय पारियों के ऐलिस कैप्सी (तीन विकेट), लिंसी स्मिथ और लॉरेन फाइलर (दो-दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 143 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। लेस्टर के ग्रेस रोड स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।



इंग्लैंड की एमी जोंस और टैमी बोमॉन्ट की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 202 रन जोड़े। 30वें ओवर में करिश्मा रामहैरक ने एमी जोंस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एमी जोंस ने 98 गेंदों में 20 चौकों की मदद से (129) रनों की पारी खेली। इसके बाद रामहैरक ने 40वें ओवर में टैमी बोमॉन्ट को आउट कर अपना और टीम का दूसरा विकेट लिया। टैमी बोमॉन्ट ने 109 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए (106) रन बनाये। कप्तान नेट सायबर ब्रंट (12), एमा लैंब (55), सोफिया डंकली (31) और ऐलिस कैप्सी ने (16) रन के योगदान इंग्लैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 366 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से करिश्मा रामहैरक और आलिया ऑलेन ने दो-दो विकेट लिये। ऐफी फ्लेचर और जैनिलिया ग्लास्गो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 367 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 61 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये । जायडा जेम्स (छह) और कप्तान शमैन कैंपबेल (19) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नियमित अंतराल पर वेस्टइंडीज के विकेट गिरते रहे। रीलेआना ग्रिमोंड (55), स्टेफानी टेलर (20), जैनिलिया ग्लास्गो (44), शबीका गजनबी (आठ), आलिया ऑलेन (शून्य), जाहजरा क्लैक्सटन (18), ऐफी फ्लेचर (आठ) और चेरी फ्रेजर (18) रन बनाकर आउट हुई। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम 45.4 ओवर में 223 रन पर सिमेट कर मुकाबला 143 रनों से जीत लिया।

## भारत के खिलाफ दूसरे मैच से टेस्ट वापसी कर सकते हैं जोफ्रा आर्चर

■ आर्चर पिछले चार वर्षों से किसी भी प्रथम श्रेणी मुकाबले में नहीं खेले

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर अगले महीने भारत के खिलाफ एजबस्टन में होने वाले दूसरे टेस्ट में खेलने की दौड़ में शामिल हैं। यह जानकारी इंग्लैंड के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने दी, बशर्ते वह आगामी 15 दिनों में चेस्टर-ली-स्ट्रीट में ससेक्स बनाम डरहम के मुकाबले में अपनी फिटनेस साबित कर दें। 30 वर्षीय आर्चर पिछले चार वर्षों से किसी भी प्रथम श्रेणी मुकाबले में नहीं खेले हैं। इस दौरान उन्हें कई बार चोटों का



सामना करना पड़ा, जिनमें उनके परेशान करने वाले दाएं कोहनी की एक से अधिक बार सर्जरी और पीठ में स्ट्रेस फ्रेक्चर शामिल है। उन्हें इस हफ्ते भारत ए के खिलाफ इंग्लैंड लायंस के लिए दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी के लिए चुना गया था, लेकिन आईपीएल में फील्डिंग करते समय अंगूठे में लिगामेंट चोट लगने के कारण वह बाहर हो गए। हालांकि अब वह वापसी के करीब हैं, और इंग्लैंड आगामी आठ महीनों में बेहद अहम टेस्ट क्रिकेट सीजन की ओर बढ़ रहा है जिसमें भारत के खिलाफ पांच घरेलू टेस्ट और एक विदेशी एशेज दौरा शामिल है। ऐसे में चयनकर्ता उन्हें एक बार फिर टीम में शामिल करने को लेकर उत्सुक हैं। राइट ने कहा कि आर्चर भी काफी अच्छा कर रहे हैं। योजना यह है कि वह ससेक्स की सेकेंड टीम के लिए कुछ मैच खेलें और वहीं से लोडिंग शुरू करें। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो वह दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे।

## रोनाल्डो के बेहतरीन गोल से फाइनल में पुर्तगाल

■ फ्लोरियन विर्ट्ज ने 48वें मिनट पर मैच का पहला गोल दागकर जर्मनी को 1-0 से लीड में ला दिया

**म्यूनिख,** 5 जून (एजेंसियां)। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के निर्णायक गोल से पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग सेमीफाइनल में जर्मनी को 2-1 से हरा दिया। इसी के साथ मेजबान टीम की पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। ओलावृष्टि के कारण 10 मिनट की देरी के बाद, जर्मनी ने जल्दी ही लय पकड़ ली। लियोन गोरेट्जका ने शुरुआत में डियोगो कोस्टा को परखा, जबकि डेब्यूटेंट निक वोल्टमेड ने एलेक्जेंडर पावलोविच के



साथ मिलकर एक और मौका बनाया।

हालांकि, पुर्तगाल ने जल्द ही लय पकड़ ली। पेड्रो नेटो की तेज रफ्तार ने बार-बार जर्मन डिफेंस को एक्सपोज किया और रोनाल्डो ने गोलकीपर मार्क-आंद्रे टेर स्टेगन को दो बार परखा। यह टेर स्टेगन की चोट से वापसी के बाद पहला मैच था। फ्लोरियन विर्ट्ज ने 48वें मिनट पर मैच का पहला गोल दागकर जर्मनी को 1-0 से लीड में ला दिया। फ्रांसिस्को कॉन्सेइकाओ, जो कुछ मिनट पहले ही मैदान पर आए थे, उन्होंने शानदार सिंगल स्ट्राइक के साथ मैच का रुख पलटा। 63वें मिनट पुर्तगाल ने भी अपना खाता खोलते हुए मैच 1-1 से बराबरी पर ला दिया। जर्मनी को यहां से संभलने का मौका नहीं मिला। ब्रूनो फर्नांडीस और नूनो मेंडेस के बीच एक शानदार वन-टू ने जर्मन बैकलाइन को तितर-बितर किया और मेंडेस के लो क्रॉस को रोनाल्डो ने गोल में बदला। इसी के साथ रोनाल्डो 40 साल और 119 दिन की उम्र में जर्मनी के खिलाफ गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जर्मनी अब रविवार को तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ खेलेगा, जबकि पुर्तगाल फाइनल खेलेगा। मैच गंवाने के बाद जर्मनी के कोच जूलियन नेगल्समैन ने कहा कि यह निश्चित रूप से हाल के दिनों में हमारा सबसे कमजोर प्रदर्शन था। हमने हमेशा पूरे दृढ़ विश्वास के साथ अटैक नहीं किया। पुर्तगाल जैसी टीम के खिलाफ अगर आप बदलाव में बहुत धीमे हैं, तो आपको दंडित किया जाएगा।

नेशंस लीग



## वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियन बन सकती है साउथ अफ्रीकी टीम : एडेन मार्करम

■ इस टीम ने क्रिकेट में कोई भी बड़ा सीनियर पुरुष खिताब नहीं जीता है

**नई दिल्ली,** 5 जून (एजेंसियां)। साल 2025 में कई टीमों ने अपना ट्रॉफी जीतने का सपना पूरा किया है। 11 जून से लॉर्ड्स के मैदान पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल शुरू होगा। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्करम को उम्मीद है कि खिताबी मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने पर प्रोटियाज इस ट्रेंड को



जारी रखेंगे। होबार्ट हरिकेंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु जैसी क्रिकेट टीमों ने पहली बार बिग बैश लीग और इंडियन प्रीमियर लीग ट्रॉफी जीती है। फुटबॉल में पेरिस सेंट जर्मेन, क्रिस्टल पैलेस, बोलोग्ना एफसी, टोटेनहम हॉटस्पर और न्यूकैसल यूनाइटेड एफसी ने भी ट्रॉफी जीतने का सिलसिला शुरू किया है। यह दक्षिण अफ्रीकी टीम के लिए एक शुभ संकेत है। इस टीम ने क्रिकेट में कोई भी बड़ा सीनियर पुरुष खिताब नहीं जीता है। मार्करम ने आईसीसी डिजिटल से कहा कि जाहिर है कि हम एक टीम के रूप में कई सालों से खिताब का पीछा कर रहे हैं। सभी फॉर्मेट में, हमने संभवत: थोड़ा सुधार किया है और इसे जीतने की संभावना है। अगर हम टेस्ट मैच के पांच दिनों में खुद को जीतने की स्थिति में ला पाते हैं, तो इसके लिए कड़ी मेहनत करेंगे।